18 जुलाई, 2025
श्रावण, कृष्ण पक्ष, अष्टमी
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
शुक्रवार, वर्ष 10, अंक 268


योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे : कल्पना



## पटना के पारस हॉस्पिटल में घुसकर गैंगस्टर की हत्या





### गैंगस्टर चंदन 10 हत्या के आरोपी को मारी गोलियां

आजाद सिपाही संवाददाता

**पटना।** पटना के पारस अस्पताल में भर्ती गैंगस्टर चंदन मिश्रा की अपराधियों ने अस्पताल के अंदर घुसकर हत्या कर दी। गुरुवार को शास्त्री नगर थाना क्षेत्र में अस्पताल के आइसीयू में घुसकर गोली मारी गयी। पांच की संख्या में आये अपराधियों ने हॉस्पिटल के बाहर गाड़ी खड़ी की, अस्पताल में घुसकर वारदात को अंजाम दिया और फरार हो गये। वारदात का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। इसमें पांच अपराधी बड़े आराम से चंदन मिश्रा के वॉर्ड तक आते हैं। कमरे के बाहर एक-एक कर अपनी कमर से पिस्टल निकालते हैं। फिर कमरे में दाखिल होते हैं। गोली मारकर करीब 30 सेकेंड में बाहर आते हैं। पिस्टल कमर में खोंसकर फरार हो जाते हैं। । बताया जा रहा है कि अपराधियों ने चंदन को शूट करने का वीडियो भी बनाया। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है।

### चंदन पैरोल पर इलाज के लिए हुआ था भर्ती

बताया जा रहा है कि चंदन मिश्रा 15 दिनों के लिए पैरोल पर बाहर आया था। उसका पैरोल 18 जुलाई को खत्म हो रहा था। इसके बाद वापस उसे पटना के बेऊर जेल लौटना था। उसका बवासीर का ऑपरेशन हुआ था। चंदन बक्सर का रहने वाला था। बक्सर में राजेंद्र केसरी नाम के चूना व्यवसायी की हत्या के मामले में कोर्ट ने दोषी ठहराया था। उसे उम्रकैद की सजा हुई थी।

### एसआइटी का गठन

पटना एसएसपी के मुताबिक चंदन एक कुख्यात अपराधी था। वो 10 से ज्यादा मर्डर केस में आरोपी था। मामले की जांच के लिए एसआइटी का गठन किया गया है। पटना पुलिस ने सीसीटीवी की मदद से शूटर की पहचान की है। उसके खिलाफ हत्या, आर्म्स एक्ट समेत एक दर्जन से अधिक केस दर्ज हैं। पुलिस का दावा है कि शूटर पटना के फुलवारी शरीफ का रहने वाला है।

## झारखंड के कुशल नेतृत्व को फिर मिला सम्मान

# प्रॉमिसिंग स्वच्छ शहर बना बुंडू

- 3-10 लाख आबादी वाले स्वच्छ शहरों में जमशेदपुर को तृतीय स्थान
- स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-25 में झारखंड के दो शहर सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के कुशल नेतृत्व में राज्य नें लगातार विकास की दिशा में कई उपलब्धियां हासिल की हैं। इसी क्रम में स्वच्छता सर्वेक्षण 2024-25 में 3-10 लाख तक की आबादी वाले स्वच्छ शहरों में झारखंड के जमशेदपुर को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। वहीं, बुंडू को झारखंड के प्रॉमिसिंग स्वच्छ शहर के रूप में चुना गया। नयी दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में गुरूवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की मौजूदगी में स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-25 का परिणाम घोषित किया गया और बेहतर प्रदर्शन करनेवाले शहरों को सम्मानित भी किया गया। इस मौके पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल खट्टर, केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू एवं केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य विभाग के सचिव श्रीनिवास कटिकिथला ने झारखंड सरकार, राज्य के नगर विकास विभाग और प्रदेश के नागरिकों खासकर जमशेदपुर और बुंडू के नागरिकों को इस सम्मान के लिए बधाई दी। राज्य सरकार की ओर से नगर विकास एव आवास विभाग के प्रधान सचिव सुनील कुमार, राज्य शहरी विकास अभिकरण के निदेशक सूरज कुमार और जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति के विशेष पदाधिकारी कृष्ण कुमार और बुंडू नगर पंचायत के पदाधिकारियों ने सम्मान प्राप्त किया ।



### अन्य शहरों का रहा बेहतर प्रदर्शन

स्वच्छता सर्वेक्षण 2024-25 के कुछ अन्य श्रेणी में भी झारखंड के शहरों का प्रदर्शन बेहतर रहा है। स्वच्छता के क्षेत्र में जमशेदपुर को पांच सितारा शहरों की सूची में शामिल किया गया है। वहीं, झारखंड के देवघर,जुगसलाई और चाकुलिया को वन स्टार रैंकिंग प्राप्त हुआ है। वाटर प्लस शहरों की सूची में जमशेदपुर को जगह मिली है। बुंडू,चिरकुंडा,राजमहल,साहेबगंज और देवघर को ओडीएफ प्लस-प्लस की श्रेणी में रखा गया है।

### अधिकारियों ने और बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद जतायी

नगर विकास एवं आवास विभाग के प्रधान सचिव सुनील कुमार ने इस सफलता के लिए मुख्यमंत्री के कुशल नेतृत्व और विभागीय मंत्री सुदिव्य कुमार के मार्गदर्शन और नागरिकों के सहयोग को श्रेय दिया। उन्होंने विभाग से अगले सर्वेक्षण में और बेहतर प्रदर्शन का उम्मीद जतायी है। उन्होंने सभी नगर निकायों को निर्देश भी दिया है कि वो साफ-सफाई को अपनी प्राथमिकता में रखकर कार्य करें।

**झारखंड लगातार पुरस्कार प्राप्त कर रहा:** गौरतलब है कि स्वच्छता सर्वेक्षण 2016 में झारखंड की स्थिति बहुत प्रशंसनीय नहीं थी। इसके बाद स्वच्छ सर्वेक्षण 2017, 2018, 2019, 2020, 2021, 2022 और 2023 में राज्य की जनता और शहरी निकायों तथा राज्य सरकार के कुशल मार्गदर्शन में राज्य ने स्वच्छता के क्षेत्र में कई सम्मान प्राप्त किये हैं। वर्तमान समय में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के कुशल नेतृत्व और विभागीय मंत्री सुदिव्य कुमार के मार्गदर्शन तथा सफाईकर्मियों के प्रति संवेदनशीलता का ही नतीजा है कि आज राज्य के दो शहरों को स्वच्छता के क्षेत्र में ये सम्मान प्राप्त हुआ है।

## झारखंड भवन में अब नहीं ठहर सकेंगे जूनियर अधिकारी



### मंत्रिमंडल निगरानी विभाग ने जारी किया आदेश

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** दिल्ली स्थित झारखंड भवन में राज्य के जूनियर अधिकारियों और कर्मचारियों को कमरा आवंटित नहीं किया जायेगा। जूनियर अधिकारी दिल्ली स्थित झारखंड भवन में निजी भुगतान कर कमरा आवंटित करा लेते हैं। अब इस व्यवस्था पर रोक लगा दी गयी है। मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग के संयुक्त सचिव अखिलेश कुमार सिन्हा के हस्ताक्षर से इस संबंध में आदेश जारी किया गया है। यह आदेश 16 जुलाई को जारी हुआ है। आदेश लेने के पहले मुख्य सचिव से भी फाइल पर सहमति ली गयी है। झारखंड भवन में कमरा आवंटन को लेकर हाल में एक विवाद हुआ था। इसके बाद विभाग को यह कदम उठाना पड़ा है।

### सभी विभागों को लिखा पत्र

विभाग के संयुक्त सचिव ने सरकार के सभी विभाग के अपर मुख्य सचिव, सभी प्रधान सचिव, सभी सचिव, डीजीपी, सभी आयुक्त, सभी डीसी, सभी एसपी को संबोधित पत्र में कहा है कि न्यू झारखंड भवन नयी दिल्ली के क्रियाशील होने के बाद राज्य के विभिन्न महानुभावों द्वारा अनुशंसित एवं राज्य सरकार जूनियर अधिकारियों और कर्मचारियों के झारखंड भवन दिल्ली में निजी भुगतान कर कमरा आरक्षण पर रोक हटाने के बाद भी इस कोटि में काफी संख्या में आरक्षण हो रहा है। इससे जनप्रतिनिधियों, महानुभावों के सरकारी कार्य से दिल्ली जाने पर कमरा उपलब्ध कराने में कठिनाई हो रही है। इसलिए जूनियर अधिकारियों और कर्मचारियों के निजी भुगतान पर कमरा आवंटित करने पर रोक लगा दिया गया है।




आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 18 जुलाई, 2025
www.azadsipahi.in


# भारत को अंतरिक्ष का 'किंग' बनायेगी शुभांशु शुक्ला की यात्रा

## ■ शुभांशु की आइएसएस यात्रा ने खोल दिये हैं भारत की सफलता के द्वार

## ■ गगनयान-मंगल मिशन जैसे भारतीय अभियानों को इस यात्रा से मिलेगी ताकत

**आजाद सिपाही विशेष**

भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष केंद्र (आइएसएस) से वापस धरती पर लौट आये हैं। वह 18 दिन तक आइएसएस में रहने के बाद पृथ्वी पर लौटे हैं। इसरो ने शुभांशु शुक्ला की इस अंतरिक्ष यात्रा पर करीब 550 करोड़ रुपये खर्च किये हैं। शुभांशु का अंतरिक्ष अनुभव भारत के गगनयान मिशन और मंगल मिशन में मदद करेगा। शुभांशु शुक्ला अपने मिशन में पूरी तरह से कामयाब रहे हैं और उनका यह मिशन वास्तव में भारत के अंतरिक्ष अभियानों का मजबूत आधार बनेगा। शुभांशु शुक्ला अंतरिक्ष की यात्रा करने वाले दूसरे भारतीय हैं। उनसे पहले साल 1984 में राकेश शर्मा ने अंतरिक्ष की यात्रा की थी और वह वहां आठ दिन तक रहे थे। शुभांशु शुक्ला के अंतरिक्ष मिशन के संपन्न होने के बाद देश के वैज्ञानिकों को उम्मीद है कि इससे भारत के सपनों को आकार देने में मदद मिलेगी। दरअसल भारत के लिए शुभांशु शुक्ला का यह अंतरिक्ष मिशन केवल रिकॉर्ड बनाने का मौका नहीं था। यह भविष्य की तैयारी थी। यह मिशन भारत के खुद के दम पर अंतरिक्ष में इंसानों को भेजने के सपने का आधार बनेगा। यहीं से भारत के गगनयान मिशन और मंगल मिशन का रास्ता निकलेगा। इस तरह शुभांशु शुक्ला का यह मिशन सिर्फ अंतरिक्ष यात्रा नहीं, यह भारत की आकांक्षाओं, वैज्ञानिक उपलब्धियों और आत्मविश्वास की कहानी है, जो भारत को वैश्विक शक्ति के रूप में स्थापित करने में मदद करेगा। क्या है शुभांशु शुक्ला के अंतरिक्ष अभियान के भारतीय संदर्भों में मायने, बता रहे हैं **आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह

भारत के लिए 15 जुलाई का दिन न केवल वैज्ञानिक दृष्टिकोण से, बल्कि राष्ट्रीय गौरव और अंतरिक्ष रणनीति के लिहाज से भी ऐतिहासिक बन गया, जब देश के लाल शुभांशु शुक्ला सफलतापूर्वक अंतरिक्ष से धरती पर लौटे हैं। यह कोई सामान्य वापसी नहीं थी, बल्कि यह भारतीय अंतरिक्ष इतिहास के उस स्वर्ण अध्याय की शुरुआत है, जो भविष्य में चंद्रमा, मंगल और दीर्घकालिक मानव अंतरिक्ष उपस्थिति की नींव रखने वाला है। शुभांशु शुक्ला की ड्रैगन अंतरिक्ष यान द्वारा हुई वापसी भी अपने आप में तकनीकी और समय-संवेदी ऑपरेशन था। जब ड्रैगन कैप्सूल प्रशांत महासागर में सफलतापूर्वक स्प्लैशडाउन हुआ, तो यह क्षण भारत के लिए विजय घोष की तरह था। कैप्सूल को चार बड़े पैराशूटों की मदद से सुरक्षित रूप से समुद्र में उतारा गया और बाद में एक विशेष रिकवरी शिप पर स्थानांतरित किया गया, जहां अंतरिक्ष यात्रियों की शुरुआती स्वास्थ्य जांच हुई, जो अंतरिक्ष में बिताये समय के कारण अत्यंत आवश्यक होती है।

### अंतरिक्ष से वापसी के बाद पुनर्वास की जटिल प्रक्रिया

अंतरिक्ष यात्रियों को पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण के अनुकूल ढालने के लिए कम से कम सात दिन पुनर्वास में बिताने होंगे। यह प्रक्रिया अत्यंत जटिल होती है, क्योंकि अंतरिक्ष में शरीर की मांसपेशियां और हड्डियां अलग प्रकार के दबाव में होती हैं। जब अंतरिक्ष यात्री गुरुत्वाकर्षण में लौटते हैं, तो शरीर को पुनः स्थिर करने के लिए शारीरिक और मानसिक प्रशिक्षण आवश्यक होता है।

### एक्सिओम-4 मिशन में भारत की ऐतिहासिक भागीदारी

शुभांशु शुक्ला ने एक्सिओम-4 मिशन के तहत अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आइएसएस) पर जाकर एक ऐसा कीर्तिमान स्थापित किया, जो न केवल भारत के लिए, बल्कि पूरे दक्षिण एशिया के लिए प्रेरणा स्रोत बन गया। इस ऐतिहासिक यात्रा ने एक नये संदर्भ और नयी दिशा के साथ राकेश शर्मा की विरासत को पुनर्जीवित किया है। यह एक देश के सपनों, उसकी क्षमताओं और उसके भविष्य की एक संपूर्ण कहानी है, जिसमें भारत अब केवल अंतरिक्ष की ओर नहीं देखता, बल्कि अंतरिक्ष में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करा रहा है। शुभांशु शुक्ला की यह यात्रा अनेक दृष्टियों से ऐतिहासिक रही। वह आइएसएस में कदम रखने वाले पहले भारतीय अंतरिक्ष यात्री बने। इससे पहले वर्ष 1984 में राकेश शर्मा ने रूस के सैल्यूट-7 मिशन में हिस्सा लिया था, लेकिन अंतरराष्ट्रीय स्तर पर, विशेष रूप से नासा और एक्सिओम स्पेस जैसे संगठनों के साथ भारत की यह सीधी भागीदारी पहली बार हुई है। एक्सिओम-4 मिशन में अमेरिकी कमांडर पैगी व्हिट्सन, पोलैंड के स्लावोज उज्नान्स्की-विस्नीव्स्की और हंगरी के टिबोर कापू शुक्ला के साथ आइएसएस पहुंचे और वहां 18 दिनों तक महत्वपूर्ण वैज्ञानिक प्रयोगों को अंजाम दिया।

### गगनयान मिशन की नींव और रणनीतिक निवेश

भारत की ओर से यह मिशन पूरी तरह से रणनीतिक रूप से सोचा-समझा गया कदम था। इसरो द्वारा लगभग 550 करोड़ रुपये खर्च कर इस अभियान में भागीदारी सुनिश्चित की गयी थी, जो कई मायनों में एक दीर्घकालिक निवेश की तरह है। गगनयान मिशन, जिसे 2027 तक लांच करने की योजना है, उस दिशा में यह एक व्यावहारिक प्रशिक्षण, अनुभव और अंतरराष्ट्रीय मानकों की समझ का अवसर रहा। अंतरिक्ष अभियानों की सफलता केवल तकनीकी तैयारी से नहीं, बल्कि वहां कार्यरत वैज्ञानिकों, इंजीनियरों और अंतरिक्ष यात्रियों की व्यवहारिक तैयारी से भी तय होती है। इस संदर्भ में शुभांशु शुक्ला का यह अनुभव इसरो के मानव अंतरिक्ष कार्यक्रम के लिए एक बेहद मूल्यवान संपत्ति साबित होगा।

### वैज्ञानिक प्रयोगों की बहुआयामी उपलब्धियां

एक्सिओम-4 मिशन की विशेष बात यह रही कि इसमें केवल प्रयोगशाला परीक्षण या अंतरिक्ष में जीवन की अनुकूलता के अध्ययन तक ही सीमित नहीं रहा गया, बल्कि इसमें भविष्य के अंतरिक्ष अभियानों के लिए आवश्यक बहुआयामी प्रयोग किये गये। इस अभियान के दौरान माइक्रोएल्गी पर किये गये प्रयोगों को काफी अहम माना जा रहा है। ये प्रयोग अंतरिक्ष में दीर्घकालिक मानव उपस्थिति की संभावनाओं को बढ़ावा देंगे, जहां खाद्य और ऑक्सीजन आपूर्ति जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं में माइक्रोएल्गी प्रमुख भूमिका निभा सकते हैं। अंतरिक्ष यात्रियों की जीवन समर्थन प्रणाली का भविष्य अब ऐसे जैविक स्रोतों की सहायता से और भी आत्मनिर्भर बन सकता है। इसी तरह नैनोमैटेरियल्स पर किये गये शोध भी अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। इनसे ऐसे पहनने योग्य उपकरण विकसित किये जा सकेंगे, जो न केवल अंतरिक्ष यात्रियों की स्वास्थ्य निगरानी कर सकें, बल्कि दीर्घकालिक अंतरिक्ष अभियानों के दौरान उन्नत बायोसेंसर की भूमिका निभा सकें। रक्त नमूनों का विश्लेषण और व्यावहारिक प्रतिक्रियाओं के अध्ययन जैसे प्रयोग भविष्य में अंतरिक्ष चिकित्सा को एक नयी दिशा देंगे।

### स्पेस डिप्लोमेसी और भारत की सॉफ्ट पावर

शुभांशु शुक्ला का यह मिशन केवल वैज्ञानिक सफलता नहीं है, बल्कि यह भारत की अंतरिक्ष कूटनीति और वैश्विक नेतृत्व में प्रवेश का प्रतीक भी है। आज जब अंतरिक्ष एक वैश्विक प्रतिस्पर्धा का क्षेत्र बन चुका है, भारत जैसी उभरती शक्ति की ऐसी उपलब्धि यह संदेश देती है कि अब हम केवल 'स्पेस फॉलोअर' नहीं, बल्कि 'स्पेस लीडर' बनने की दिशा में अग्रसर हैं। भारत ने पहले चंद्रयान, फिर मंगलयान और अब मानव अंतरिक्ष उड़ानों के क्षेत्र में एक्सिओम-4 जैसे अंतरराष्ट्रीय मिशन में भाग लेकर सिद्ध कर दिया है कि वह अंतरिक्ष अभियानों की तकनीकी एवं वैज्ञानिक आवश्यकता को पूरी तरह समझता है और उसमें नेतृत्व की क्षमता भी रखता है। इस मिशन से प्राप्त अनुभव न केवल गगनयान को परिपक्व बनायेंगे, बल्कि भारत को भविष्य में अन्य अंतरराष्ट्रीय मिशनों में निर्णायक भागीदारी के लिए तैयार करेंगे। वैज्ञानिक प्रयोगों से इतर इस मिशन में भारत की सॉफ्ट पावर, अंतरराष्ट्रीय साझेदारी और कूटनीतिक पहचान को भी बल मिला है। शुभांशु शुक्ला की यह अंतरिक्ष यात्रा भारत की सांस्कृतिक, रणनीतिक और वैज्ञानिक पहचान का त्रिवेणी संगम बन गयी है। उन्होंने केवल प्रयोग नहीं किये, बल्कि भारत की वैश्विक स्थिति को एक नयी ऊंचाई दी है।

### चंद्र और मंगल मिशनों के लिए आधार तैयार

इस अंतरिक्ष मिशन के दौरान हुए कुछ प्रयोग भविष्य के चंद्र और मंगल मिशनों की नींव रखने वाले सिद्ध हो सकते हैं। इलेक्ट्रिकल मसल स्टिमुलेशन, थर्मल कंफर्ट सूट और अंतरिक्ष में व्यावहारिक प्रतिक्रियाओं से जुड़े डेटा का इस्तेमाल मानवयुक्त मिशनों में अंतरिक्ष यात्रियों की मानसिक और शारीरिक स्थिति के बेहतर नियंत्रण हेतु किया जायेगा। इससे भारतीय वैज्ञानिकों को बेहतर डिजाइनिंग, सपोर्ट सिस्टम और तनाव प्रबंधन जैसी तकनीकों में महारत हासिल होगी। भारत ने हमेशा आत्मनिर्भरता के सिद्धांत पर चलकर अपनी अंतरिक्ष यात्रा को आकार दिया है, लेकिन एक्सिओम-4 जैसा मिशन दर्शाता है कि भारत अब सहयोग की वैश्विक अवधारणा को अपना कर अंतरिक्ष विज्ञान को साझा प्रयासों के माध्यम से नयी दिशा देना चाहता है। शुभांशु शुक्ला की यह यात्रा इस बात की पुष्टि करती है कि भारत तकनीक, विज्ञान, नेतृत्व और कूटनीति, चारों स्तरों पर एक समरस समन्वय बनाकर आगे बढ़ रहा है।

### गगनयान से पहले 'लाइव केस स्टडी' का महत्व

अब जबकि गगनयान मिशन अपने अंतिम तैयारियों की ओर बढ़ रहा है, शुभांशु का अनुभव इसरो के लिए 'लाइव केस स्टडी' की तरह होगा। शुभांशु के अनुभवों से देश को अब अंतरिक्ष में नयी उड़ान भरने में बड़ी मदद मिलेगी। शुभांशु का व्यवहार, स्वास्थ्य परिवर्तन, प्रयोगात्मक दक्षता, टीम समन्वय और तनाव प्रबंधन जैसी क्षमताएं गगनयान के अंतरिक्ष यात्रियों के चयन और प्रशिक्षण में दिशा-निर्देशक सिद्ध होंगी। उनके साथ इस मिशन में शामिल वैज्ञानिकों और इंजीनियरों द्वारा एकत्रित डेटा, अंतरिक्ष चिकित्सा, भोजन, ऑक्सीजन व्यवस्था, जैविक प्रयोगों और जीवन समर्थन प्रणालियों को लेकर नयी मानक प्रक्रिया का निर्माण करेगा। इसरो और अन्य संस्थानों को इस मिशन से यह स्पष्ट संदेश मिला है कि भारत को अब और तेज गति से तकनीकी आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ना है। वहीं, युवा पीढ़ी के लिए शुभांशु शुक्ला की यह उपलब्धि प्रेरणा की वह लौ बन गयी है, जो अगले दशक के वैज्ञानिकों, अभियंताओं और शोधकर्ताओं के लिए दिशा तय करेगी।



## अंतरिक्ष से लौटकर शुभांशु ने पत्नी को गले लगाया, बेटे को गोद में उठाया, कहा-अपनों से मिलना भी अंतरिक्ष की तरह अद्भुत





### शुभांशु ने लिखा- इंसान ही अंतरिक्ष को जादुई बनाते हैं

शुभांशु ने लिखा- आज ही किसी प्रियजन को खोजें और उन्हें बतायें कि आप उनसे प्यार करते हैं। हम अक्सर जीवन में व्यस्त हो जाते हैं और भूल जाते हैं कि हमारे जीवन में लोग कितने अहम हैं। स्पेस मिशन जादुई होते हैं, लेकिन उन्हें इंसान ही जादुई बनाता है।

**लखनऊ।** अंतरिक्ष में 18 दिन रहकर धरती पर लौटे लखनऊ के एस्ट्रोनॉट शुभांशु शुक्ला ने बुधवार को पत्नी कामना और 6 साल के बेटे किआश से मुलाकात की। शुभांशु ने पत्नी को गले लगाया और बेटे को गोद में उठाया। शुभांशु ने तस्वीरें शेयर करते हुए इंस्टाग्राम पर लिखा- अंतरिक्ष की उड़ान अद्भुत होती है, लेकिन लंबे समय बाद अपनों से मिलना भी उतना ही अद्भुत होता है। धरती पर लौटकर जब परिवार को गले लगाया तो लगा कि जैसे घर आ गया। शुभांशु ने पोस्ट के जरिए बताया- अंतरिक्ष में जाने से पहले वे 2 महीने क्वारंटीन थे। उन्हें परिवार से 8 मीटर की दूरी बनाकर रखनी होती थी। मेरे छोटे बेटे को बताया गया कि उसके हाथों में कीटाणु हो सकते हैं, इसलिए वह पापा को नहीं छू सकता। हर बार वह अपनी मां से मासूमियत से पूछता, क्या मैं अब हाथ धोकर पापा को छू सकता हूं? दरअसल, स्पेस स्टेशन जाने से पहले एस्ट्रोनॉट को क्वारंटीन किया जाता है, ताकि आइएसएस में किसी तरह के कीटाणु न पहुंचें। एक्सियम मिशन 4 के तहत 25 जून को शुभांशु शुक्ला सहित चार एस्ट्रोनॉट इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन के लिए रवाना हुए थे। 26 जून को भारतीय समयानुसार शाम 4:01 बजे आइएसएस पहुंचे थे। 18 दिन रहने के बाद 15 जुलाई को पृथ्वी पर लौट थे। कैलिफोर्निया के तट पर लैंडिंग हुई थी।

---

# बिहार में 125 यूनिट बिजली फ्री मिलेगी : चुनाव से पहले सीएम नीतीश का एलान

### 1 अगस्त 2025 से मिलेगा फायदा

आजाद सिपाही संवाददाता

**पटना।** बिहार के लोगों को 125 यूनिट बिजली मुफ्त में मिलेगी। साथ ही अगले तीन वर्षों में घरेलू उपभोक्ताओं को सौर ऊर्जा का भी लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गुरुवार को एक्स पर इसका एलान किया।

**1 करोड़ 67 लाख परिवारों को लाभ होगा :** सीएम ने एक्स पर बताया- हम लोग शुरू से ही सस्ती दरों पर सभी को बिजली उपलब्ध करा रहे हैं। अब हमने तय कर दिया है कि 1 अगस्त, 2025 से, यानी जुलाई माह के बिल से ही राज्य के सभी घरेलू उपभोक्ताओं को 125 यूनिट तक बिजली का कोई पैसा नहीं देना पड़ेगा। इससे राज्य के कुल 1 करोड़ 67 लाख परिवारों को लाभ होगा। हमने यह भी तय किया है कि अगले तीन वर्षों में इन सभी घरेलू उपभोक्ताओं से सहमति लेकर उनकी घर की




छतों पर अथवा नजदीकी सार्वजनिक स्थल पर सौर ऊर्जा संयंत्र लगाकर लाभ दिया जायेगा।

कुटीर ज्योति योजना के तहत जो अत्यंत निर्धन परिवार होंगे उनके लिए सौर ऊर्जा संयंत्र लगाने के लिए पूरा खर्च राज्य सरकार करेगी, बाकी के लिए भी सरकार उचित सहयोग करेगी।


इससे घरेलू उपभोक्ताओं को अब बिजली का 125 यूनिट तक कोई खर्च नहीं लगेगा, साथ ही साथ राज्य में अगले तीन वर्षों में एक अनुमान के अनुसार 10 हजार मेगावाट तक सौर ऊर्जा उपलब्ध हो जायेगी।

**5 साल में 1 करोड़ नौकरियां और रोजगार देगी सरकार :** बिहार सरकार ने फैसला किया है कि आने वाले 5 सालों (2025 से 2030 तक) में 1 करोड़ नयी नौकरियां और रोजगार के मौके बनाये जायेंगे। इसके लिए एक उच्च स्तरीय समिति बनायी जायेगी, जिसकी अध्यक्षता विकास आयुक्त करेंगे। यह समिति देखेगी कि रोजगार बढ़ाने के लिए और क्या-क्या किया जा सकता है और सरकार को सलाह देगी।

# पाकुड़ में ब्राउन शुगर बेचते एक युवक गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**पाकुड़।** सदर एसडीपीओ डी एन आजाद को मिली गुप्त सूचना पर गठित टीम ने मुफस्सिल थाना क्षेत्र के कांकर बोना गांव में अवैध रूप से ब्राउन शुगर बेचते हाजीबुल शेख नामक एक युवक को बुधवार की शाम गिरफ्तार किया है। इस बाबत एसडीपीओ ने बताया कि सूचना मिली थी कि कंकड़बोना पुल के पास हाजीबुल शेख के द्वारा अवैध रूप से मादक पदार्थ ब्राउन शुगर की बिक्री की



जा रही है। सूचना का सत्यापन में मुफस्सिल थाना के द्वारा कराया गया। तत्पश्चात गठित टीम ने एनडीपीएस एक्ट के प्रावधान के तहत प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी सदर बीडीओ अल्फ्रेड मुर्मू की मौजूदगी में प्रोफेशनल तरीके से छापेमारी कर हाजीबुल शेख को ब्राउन शुगर बेचते हुए पकड़ा गया। एसडीपीओ ने बताया कि हाजीबुल पूर्व में भी मादक पदार्थ के साथ पकड़ा गया था और जेल गया था। हिरासत में लेने के दौरान उसके पास पुलिस ने 22 ग्राम ब्राउन शुगर, 6, 740 रुपये नगद और एक वीवो का मोबाइल बरामद किया है। छापेमारी टीम में मुफस्सिल थाना इंचार्ज संजीव कुमार झा, सब इंस्पेक्टर अनंत शाह, मिथुन रजक, सुदामा साह और रिजर्व गार्ड शामिल थे।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW


वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
| --- | --- | --- |
| रांची | 28.7 °c | 22.8 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 18.39 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.16 बजे |

# योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे : कल्पना

## हेमंत सोरेन सरकार आम लोगों के अधिकारों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध

**गांडेय विधायक कल्पना सोरेन ने गिरिडीह परिसदन में अधिकारियों के साथ की बैठक**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा की गांडेय विधायक कल्पना सोरेन ने गिरिडीह परिसदन में एक बैठक आयोजित की। इस दौरान उन्होंने क्षेत्रीय विकास, जनसमस्याओं के समाधान और सरकारी योजनाओं के जमीनी क्रियान्वयन को लेकर अधिकारियों एवं पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ विचार-विमर्श किया।

बैठक में ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क एवं पेयजल जैसी मूलभूत आवश्यकताओं की स्थिति की समीक्षा की गयी। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि जनता से जुड़े मुद्दों को प्राथमिकता दी जायेगी और हर समस्या का समाधान समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित किया जायेगा। कल्पना सोरेन ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए सतर्क और सक्रिय रहें। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन सरकार आम लोगों के अधिकारों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है।

### कल्पना सोरेन ने बेंगाबाद +2 के विद्यार्थियों से की मुलाकात



**गिरिडीह (आजाद सिपाही)।** गांडेय विधानसभा क्षेत्र के दौरे पर विधायक कल्पना सोरेन गुरुवार 17 जुलाई को गिरिडीह पहुंचीं। उन्होंने सबसे पहले गिरिडीह परिसदन भवन में अधिकारियों के साथ बैठक की, जिसमें विकास योजनाओं की समीक्षा की गयी। इसके बाद विधायक कल्पना सोरेन ने बेंगाबाद +2 विद्यालय का भी भ्रमण किया। वहां उन्होंने छात्रों से संवाद कर उन्हें शिक्षा के प्रति प्रेरित किया। उन्होंने छात्रों के बीच एक मोटिवेशनल सत्र का आयोजन किया, जिसमें अपने जीवन के अनुभव साझा करते हुए कठिन परिश्रम, अनुशासन और आत्मविश्वास के महत्व को रेखांकित किया। छात्रों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, जीवन में सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता। पढ़ाई के प्रति ईमानदारी और निरंतर प्रयास ही आपको आगे ले जा सकती है। उनकी बातों से छात्रों में विशेष उत्साह देखा गया। बच्चों ने उनसे खुलकर बातचीत की और कई सवाल भी पूछे, जिनका उन्होंने बेहद सहजता और आत्मीयता से उत्तर दिया। इस प्रेरणादायक मुलाकात से न केवल छात्रों का मनोबल बढ़ा, बल्कि उन्हें अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने की दिशा भी मिली। इस अवसर पर डीडीसी स्मृता कुमारी, एसपी डॉ विमल कुमार, डीएसइ वसीम अहमद, झामुमो जिलाध्यक्ष संजय सिंह, स्थानीय जनप्रतिनिधि, शिक्षा विभाग के अधिकारी और विद्यालय के शिक्षकगण भी उपस्थित थे।

# चमरा लिंडा और स्टीफन मरांडी ने हेमंत सोरेन से की मुलाकात, गुरुजी का कुशलक्षेम जाना



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** कल्याण मंत्री चमरा लिंडा ने गुरुवार को दिल्ली स्थित गंगाराम अस्पताल में झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात की। इस दौरान उनके साथ वरिष्ठ विधायक स्टीफन मरांडी और उनकी बेटी उपासना मरांडी भी मौजूद रहीं। यह मुलाकात दिशोम गुरु शिबू सोरेन के स्वास्थ्य को लेकर हुई, जो इन दिनों दिल्ली में इलाजरत हैं। सभी प्रतिनिधि अस्पताल पहुंचकर गुरुजी का कुशलक्षेम जाना और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। मंत्री चमरा लिंडा ने इस मुलाकात की तस्वीर साझा करते हुए सोशल मीडिया पर लिखा दिल्ली के सर गंगाराम अस्पताल में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात कर दिशोम गुरु शिबू सोरेन के स्वास्थ्य की जानकारी ली। मां सरना से मेरी यही प्रार्थना है कि झारखंड के इस महान रत्न को जल्द स्वस्थ हों और वह पूर्व की भांति हम सभी का मार्गदर्शन करते रहें।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

- **मेष** — आय के नये स्रोत बनेंगे, प्रभावशाली व्यक्तित्व का विकास, षड्यंत्र विफल रहेगा।
- **वृष** — बहुत दिनों से चली आ रही इच्छाओं की पूर्ति होगी, व्यवसाय में सफलता।
- **मिथुन** — आत्मविश्वास की वृद्धि, नये कार्ययोजनाओं के प्रति रुचि बढ़ेगी।
- **कर्क** — काम की गति बढ़ेगी, सुख-संसाधनों की वृद्धि, व्यापारिक विस्तार की योजना।
- **सिंह** — कामकाज का विस्तार, आप उन्नति के मार्ग की ओर प्रशस्त होंगे, संकल्पित कार्य पूरा होगा।
- **कन्या** — समसामयिक प्रयास सफल, विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकास होगा, महत्वपूर्ण कार्य पूरे होंगे।
- **तुला** — कुछ संघर्षों के बाद नौकरी-सरकारी कार्यों में आशातीत सफलता मिलेगी।
- **वृश्चिक** — चतुर्दिक हर्ष तथा उल्लास का वातावरण रहेगा, संयम, धैर्य से काम आसान होंगे।
- **धनु** — आमदनी के नये स्रोत बनेंगे, मान-सम्मान, पद-प्रतिष्ठा, धन-ऐश्वर्य की वृद्धि।
- **मकर** — नये व्यवसाय का आरंभ हो सकता है, परिवार में मांगलिक कार्य संपन्न होगा।
- **कुंभ** — रुके हुए कार्य में तेजी, उत्साह-उमंग भरा रहेगा, भ्रमण के साधन बनेंगे,नये लोगों से संपर्क।
- **मीन** — किसी नये कार्य आरंभ करने से पूर्व परिवार में विचार-विमर्श करें, कठिनाइयों पर विजय।


# पारा के लिए 100 और गैर पारा शिक्षकों के लिए 14 पद आरक्षित रखें : हाइकोर्ट

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** हाइकोर्ट में सहायक आचार्य नियुक्ति में नॉर्मलाइजेशन को चुनौती देने वाली याचिका पर हाइकोर्ट में गुरुवार को सुनवाई हुई। इस सुनवाई के दौरान हाइकोर्ट ने जेएसएससी को पारा शिक्षकों के लिए 100 और गैर पारा शिक्षकों के लिए 14 पद रिजर्व रखने का निर्देश दिया है। इसके साथ ही अदालत ने जेएसएससी को यह निर्देश दिया है कि अगली सुनवाई तक आयोग से स्पष्ट दिशा निर्देश लेकर आयें। हाइकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस दीपक रौशन की पीठ में इस मामले की सुनवाई हुई। इस संबंध में रेशमी कुमारी, गिरिधर प्रसाद एवं अन्य की ओर से हाइकोर्ट में याचिका दायर की गयी है। प्रार्थियों की ओर से वरीय अधिवक्ता अजीत कुमार और अधिवक्ता शुभम मिश्रा ने बहस की। हाइकोर्ट ने अब इस मामले में अगली और अंतिम सुनवाई के लिए 5 अगस्त की तिथि निर्धारित की है।

## मंत्री ने भू संरक्षण और लाह केंद्र का किया निरीक्षण, काम में सुस्ती पर हुईं नाराज

# भूमि संरक्षण योजनाएं अक्टूबर से शुरू करें: शिल्पी नेहा तिर्की



आजाद सिपाही संवाददाता

**नामकुम।** कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने गुरुवार को भूमि संरक्षण कार्यालय रांची और नामकुम के सिदरौल स्थित भगवान बिरसा मुंडा लाह मूल्य संवर्द्धन शोध एवं प्रशिक्षण केंद्र का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहा योजनाओं को गति देने और कार्य संस्कृति में बदलाव की बात पर जोर दिया। उन्होंने कार्यालय में कर्मचारियों और अधिकारियों की उपस्थिति, कार्य संस्कृति, योजनाओं से संबंधित कार्य प्रगति रिपोर्ट की भी जानकारी ली।

भूमि संरक्षण विभाग के अंतर्गत डीप बोरिंग, परकोलेशन टैंक, तालाब के जीर्णोद्धार से संबंधित विधायकों के अनुशंसा पत्र को देखा।


वहीं मंत्री ने ट्रैक्टर वितरण और पंपसेट वितरण की प्रक्रिया को सरल बनाते हुए सरकारी अनुदान पर लाभुकों को इसका ज्यादा से ज्यादा लाभ देने का निर्देश दिया।

मौके पर मंत्री ने कहा है कि अक्टूबर माह में काम की शुरूआत हो जानी चाहिए। योजना को समय सीमा के अंदर शुरू करने को लेकर भूमि संरक्षण विभाग की ओर से सभी जिलों को भी इससे संबंधित निर्देश जारी किया जायेगा। विधायकों की ओर से अनुशंसित योजना का अधिकारियों के स्तर पर स्थल निरीक्षण में सुस्ती से मंत्री नाराज दिखीं। उन्होंने विभाग के अधीन संचालित योजनाओं को गति देने के लिए समय सीमा का निर्धारण करते हुए टास्क दिया।

मंत्री ने कहा कि विधायकों के अनुशंसा पत्र का योजनावार समरी तैयार किया जायेगा। उन्होंने कहा कि विभाग के जेइ और एइ अगस्त माह के अंत तक योजना स्थल निरीक्षण का कार्य हर हाल में पूर्ण करेंगे। इसके बाद प्रखंड विकास पदाधिकारी और अंचलाधिकारी के समक्ष जांच रिपोर्ट की प्रक्रिया पूरी की जायेगी। सितंबर माह में योजना से संबंधित सूची तैयार कर जिला उपायुक्त के समक्ष अनुमोदन के लिए भेजा जायेगा। इधर, नामकुम के सिदरौल स्थित भगवान बिरसा मुंडा लाह मूल्य संवर्द्धन शोध एवं प्रशिक्षण केंद्र का औचक निरीक्षण के क्रम में मंत्री ने प्रशासनिक भवन के साथ-साथ लाह गोदाम का निरीक्षण किया। लाह केंद्र में कच्चा लाह का संग्रहण के साथ-साथ प्रसंस्करण और किसानों को प्रशिक्षण देने का कार्य किया जाता है। मंत्री ने संस्थान में लाह प्रशिक्षण के लिए मौजूद उपकरण और संसाधन के रख-रखाव को लेकर बरती जा रही लापरवाही में सुधार लाने का निर्देश दिया है। मंत्री ने लाह केंद्र में ज्यादा से ज्यादा किसानों को प्रशिक्षित करने की बात कही। ताकि लाह उत्पादन से लेकर प्रसंस्करण में नई उपलब्धियों को हासिल किया जा सके।

# ग्रास रूट लेवल पर काम करेगी प्रदेश कांग्रेस

## जिला और ब्लॉक नेताओं को किया जायेगा ट्रेंड



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** प्रदेश कांग्रेस ने ग्रास रूट लेवल पर काम करने की कवायद शुरू कर दी है। प्रदेश कांग्रेस के सह प्रभारी बेला प्रसाद और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश 20 जुलाई से पूरे झारखंड के सभी जिलों में जिला अध्यक्ष, जिला पर्यवेक्षक, ब्लॉक अध्यक्ष, ब्लॉक पर्यवेक्षक और मंडल अध्यक्षों की बैठक में शामिल होंगे। बैठक और प्रशिक्षण शिविर का उद्देश्य झारखंड के सभी पंचायतों में पंचायत समिति के गठन के लिए जिला और ब्लॉक स्तर के नेताओं को प्रशिक्षित करना है।

### ऐसी है कार्यक्रम की रूपरेखा

**20 जुलाई:** पूर्वी और सरायकेला खरसावां जिले के जिला अध्यक्ष, जिला पर्यवेक्षक, प्रखंड अध्यक्ष, प्रखंड पर्यवेक्षक और मंडल अध्यक्षों के प्रशिक्षण शिविर में शामिल होंगे।

**21 जुलाई:** हजारीबाग में हजारीबाग, चतरा, कोडरमा और रामगढ़ जिले के ग्राम पंचायत के गठन हेतु प्रशिक्षण शिविर और समीक्षा बैठक में भाग लेंगे।

**22 जुलाई:** धनबाद में धनबाद, बोकारो और गिरिडीह जिले के जिला, प्रखंड और मंडल अध्यक्षों के साथ ग्राम पंचायत समिति के गठन हेतु प्रशिक्षण शिविर और समीक्षा बैठक में भाग लेंगे।

**23 जुलाई:** बेतला में लातेहार, पलामू और गढ़वा जिले के पंचायत समिति के गठन के लिए जिला, ब्लॉक और मंडल अध्यक्षों के प्रशिक्षण शिविर और समीक्षा बैठक में भाग लेंगे।

24 जुलाई को पूर्व सांसद स्वर्गीय चंद्रशेखर दुबे उर्फ ददई दुबे के श्राद्ध क्रम में भाग लेंगे।


**पूर्व तट रेलवे**

फाइल सं. DRM/Engg/KUR/25-26/ E-Tender/42, दिनांक : 10.07.2025

(1) निविदा सं. e-tender-Brkur-138-2025, दिनांक : 01.07.2025

**विवरण :** खोरधा रोड मण्डल के सीनियर सेक्शन इंजीनियर / ब्रिज / साउथ / खोरधा रोड के अधिकार क्षेत्र में ब्रिज नं. 63UP, 1050UP एवं 1052UP के सुदृढ़ीकरण एवं जंग लगे (corroded) सदस्य को धातुकृत (metalized) नए सदस्य के साथ बदलने एवं पुन:रिवेटिंग (Re-riveting) का प्रस्ताव।

**कार्य की अनुमानित लागत :** ₹ 94.45 लाख, EMD : ₹ 1,88,900/-.

(2) निविदा सं. e-tender-BrKUR-89-2025, दिनांक : 01.07.2025

**विवरण :** खोरधा रोड मण्डल में ब्रिज नं. 553 DN के जंग लगे (corroded) स्टील सदस्य को बदलने / सुदृढ़ करने एवं ब्रिज नं.553 DN, 1004 UP एवं DN, 1046 UP एवं DN एवं 1122 UP एवं DN के ढीले एवं घिसे हुए / हेड लॉस रिवेट्स को फिर से लगाने का प्रस्ताव।

**कार्य की अनुमानित लागत :** ₹ 86.36 लाख, EMD : ₹ 1,72,700/-.

(3) निविदा सं. e-Tender-EastKUR-148-2025, दिनांक : 02.07.2025

**विवरण :** खोरधा रोड मण्डल के कटक - पारादीप लाइन में कन्दरपुर - रघुनाथपुर स्टेशन के बीच अतिक्रमण से बचने के लिए KM 427/17-19 में LHS का प्रस्तावित निर्माण। (एयर पुशिंग विधि)

**कार्य की अनुमानित लागत :** ₹ 179.48 लाख, EMD : ₹ 2,39,800/-.

पूरा होने की अवधि: 10 महीने (क्रम सं. 1 एवं 2 हेतु)एवं 08 महीने (क्रम सं. 3 हेतु) ।

**निविदा बंद होने की तिथि व समय :** दिनांक 25.07.2025 को 1500 बजे (सभी निविदाओं के लिए)।

ऐसी ई-निविदा के तहत डाक / कूरियर / फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल प्रस्ताव को अवैध माना जायेगा तथा उसके बारे में किसी विचार के बिना तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा।

उपरोक्त ई-निविदा के ई-निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट : www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होंगे।

दृष्टव्य : प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस ई-निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन / शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की कम से कम 10 (दस) दिन पहले वेबसाइट का पुन:अवलोकन करें। निविदाकारों/बोलीदाताओं के पास अवश्य क्लास-III डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र होना चाहिए और वे IREPS पोर्टल में अवश्य पंजीकृत होना चाहिए। केवल पंजीकृत निविदाकार/बोलीदाता ई-टेंडरिंग में शामिल हो सकते हैं।

मण्डल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), खोरधा रोड

PR-367/Q/25-26


# भोलेनाथ से मांगी बेटी, मन्नत पूरी होने पर हाथ से चलकर पहुंचा देवघर

## कमर में रस्सी बांध, डोली लिये हाथ और पैर से खींची लकड़ी की गाड़ी





आजाद सिपाही संवाददाता

**देवघर।** देवघर आस्था समर्पण की नगरी है और बाबा बैद्यनाथ मनोकामना लिंग है। बाबा बैद्यनाथ से मांगी गयी हर मनोकामना पूर्ण होती है यही वजह है कि बाबा बैद्यनाथ को रिझाने और अनूठे तरीके से कई कांवरिया बाबा मंदिर पहुंचने हैं और बाबा पर जलार्पण करते हैं। हम आज आपको एक ऐसे कावरिया की कहानी बता रहे हैं जो बेटी के लिए कमर में रस्सी बांध डोली लिए हाथ और पैर से यानी बच्चों की तरह लुढ़कते हुए 108 किलोमीटर की दूरी तय किया है। यह हैं मुजफ्फरपुर के मिथिलेश कुमार। उनके घर में बेटी की किलकारी नहीं गूंजी थी। उनके चार भाई हैं और चारों भाई को पुत्र ही प्राप्त थे। उन्होंने बाबा बैजनाथ से कामना की कि सभी भाइयों को बेटी हो और बाबा बैद्यनाथ ने उनकी सुनी उनके छोटे भाई को एक बेटी हुई। अपने दिये गये वचन के अनुसार इन्होंने डोली में बच्ची की फोटो, क्योंकि बच्ची काफी छोटी है और इन्होंने बताया कि बाबा बैद्यनाथ ने उनकी मनोकामना पूर्ण की है और अपने वचन के अनुसार यह डोली लेकर जा रहे हैं। इसलिए बच्ची की फोटो को लेकर ही कंधों पर रस्सी बांध उसे डोली को खींचते हुए बाबा बैद्यनाथ की ओर बढ़ जा रहे हैं।

# झारखंड के लैंड स्कैम को उजागर करने वाले इडी अधिकारी कपिल राज का इस्तीफा मंजूर



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड में चर्चित भूमि घोटाले और कई बड़े मनी लाउंड्रिंग मामलों की जांच कर चुके इडी के पूर्व अपर निदेशक कपिल राज ने इस्तीफा दे दिया है। केंद्र सरकार ने उनका त्यागपत्र स्वीकार कर लिया है। कपिल राज दिसंबर 2024 में प्रवर्तन निदेशालय से वापसी के बाद दिल्ली में अपने मूल विभाग डीजीजीआइ (डायरेक्टरेट जनरल ऑफ गुड्स एंड सर्विसेज इंटेलिजेंस) के दिल्ली जोन में अपर आयुक्त के पद पर तैनात थे। कपिल राज ने झारखंड में इडी के जोनल कार्यालय में संयुक्त निदेशक और फिर अपर निदेशक के रूप में कार्य करते हुए राज्य के सबसे संवेदनशील और चर्चित मामलों की पड़ताल की थी। साल 2022 में उन्हें झारखंड स्थित इडी कार्यालय का अतिरिक्त प्रभार मिला था।

इस दौरान उन्होंने न केवल लैंड स्कैम की गहन जांच की, बल्कि अवैध खनन, मनरेगा घोटाला, ग्रामीण विकास विभाग में कमीशनखोरी और कई अन्य घोटालों की परतें भी खोलीं। उनके कार्यकाल में तत्कालीन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जमीन घोटाले के आरोप में गिरफ्तार किया गया था, जबकि मनी लाउंड्रिंग जांच के दौरान कई मंत्रियों और आइएएस अधिकारियों की गिरफ्तारी हुई। इस दौरान, आइएस पूजा सिंघल, आइएएस छविरंजन, सीएम सुमन कुमार, तत्कालीन मंत्री आलमगीर आलम जैसे हाइप्रोफाइल लोग सलाखों के पीछे भेजे गये। दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी भी उन्हीं की जांच के दौरान हुई है।

बहरहाल, झारखंड के अलावा कपिल राज ने दिल्ली शराब नीति घोटाले, यस बैंक फ्रॉड, पंजाब नेशनल बैंक घोटाला और पश्चिम बंगाल में कोयला तस्करी जैसे हाइ-प्रोफाइल मामलों में भी निर्णायक भूमिका निभाई। दिल्ली शराब नीति केस में उन्होंने दिल्ली के तत्कालीन मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी सुनिश्चित कर देशभर में सुर्खियां बटोरी थीं।

इडी में आठ वर्षों तक प्रतिनियुक्ति पर रहने के बाद कपिल राज की सेवा दिसंबर 2024 में मूल विभाग में लौटा दी गयी थी। अब उनके इस्तीफे को लेकर नौकरशाही और राजनीतिक गलियारों में हलचल है। कारणों का खुलासा नहीं हुआ है, लेकिन अटकलें हैं कि वे जल्द किसी बड़ी निजी संस्था में कानूनी सलाह, नियामकीय निगरानी या जांच से जुड़ी भूमिका निभा सकते हैं। विभागीय सूत्रों का कहना है कि कपिल राज एक तेज-तर्रार जांचकर्ता माने जाते थे और उन्हें पेंचीदा मामलों को सुलझाने की खास क्षमता के लिए जाना जाता रहा है।


**दक्षिण पूर्व रेलवे-निविदा**

ई-निविदा सूचना सं. डीसीई-कॉन-II-केजीपी-3-2025, दिनांक 16.07.2025; भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से उप मुख्य अभियंता (निर्माण-II)/खड़गपुर, दक्षिण पूर्व रेलवे द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। नीचे उल्लिखित निविदा वेबासाइट www.ireps.gov.in पर अपलोड कर दी गई है। निविदा नियत तारीख को दोपहर 12.00 बजे बंद कर दी जाएगी। **कार्य का संक्षिप्त विवरण:** खड़गपुर मंडल के उप मुख्य अभियंता/निर्माण-II/खड़गपुर, दक्षिण पूर्व रेलवे के क्षेत्राधिकार के अधीन खड़गपुर में 8 मीx12 मी इलेक्ट्रिक सब-स्टेशन सहित निर्माण इकाई (सिविल, विद्युतीय एवं संकेत एवं दूरसंचार) के लिए नए कार्यालय भवन; मंदाकिनी गेस्ट हाउस पहली मंजिल (ओआरएच) का निष्पादन; सेंट जॉन एम्बुलेंस ब्रिगेड, दक्षिण पूर्व रेलवे प्रोमोटी ऑफिसर्स एसोसिएशन-खड़गपुर, केवीबीडीओ तथा निर्माण कार्यालय परिसर में स्थित दक्षिण पूर्व रेलवे सिविल डिफेंस-खड़गपुर के कार्यालयों को ढाहना एवं प्रतिस्थापन साथ में मौजूदा निर्माण कार्यालय की महत्वपूर्ण मरम्मत कार्य। **लागत:** रु. 19,16,69,657.02; **ईएमडी:** रु. 11,08,400; **समापन अवधि:** 18 (अठारह) महीने। **बंद होने की तिथि:** 19.08.2025; इच्छुक निविदादातागण निविदाओं के विस्तृत विवरण/ब्यौरा/विनिर्देशन हेतु वेबसाइट www.ireps.gov.in देख सकते हैं तथा अपनी बोलियां ऑन लाइन जमा करें। किसी भी परिस्थिति में इनमदों के लिए मैनुअल निविदाएं स्वीकार नहीं की जाएगी। **वि.द्र:** प्रत्याशित बोलीदातागण अन्य सभी निविदाओं में भाग लेने हेतु नियमित रूप से www.ireps.gov.in देख सकते हैं। (PR-405)

## हजारीबाग का वेल्स ग्राउंड बनेगा झारखंड का अगला बड़ा क्रिकेट हब



हजारीबाग(आजाद सिपाही)। खेल प्रेमियों के लिए एक बड़ी खुशखबरी सामने आई है। शहर का प्रतिष्ठित वेल्स ग्राउंड, जिसे अब संजय सिंह क्रिकेट स्टेडियम के रूप में विकसित किया जा रहा है, जल्द ही बीसीसीआई से मान्यता प्राप्त स्टेडियम बन सकता है। गुरुवार को इस स्टेडियम का निरीक्षण करने के लिए बीसीसीआई की तीन सदस्यीय टीम हजारीबाग पहुंची। इस टीम में ऑपरेशनल डिप्टी मैनेजर अमित सिद्धेश्वर, बीसीसीआई मेंबर जेएसी के माध्यम से आए थे। उनके साथ JSE के प्रतिनिधि राजेश वर्मा और जेएसी के अधिकारी राजू कुमार भी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान टीम ने स्टेडियम की फील्ड, चेंजिंग रूम, बाथरूम, और खिलाड़ियों के ठहरने की होटल व्यवस्था और फूडिंग फैसिलिटी का भी बारीकी से जायजा लिया। उन्होंने कुछ क्षेत्रों में सुधार की आवश्यकता बतायी और कहा कि अगली प्रक्रिया में और भी कई स्तरों पर जांच की जायेगी। इसके बाद ही इस स्टेडियम को बीसीसीआई की मैच कैटेगरी में शामिल किया जा सकेगा। इस अवसर पर हजारीबाग क्रिकेट एसोसिएशन के वाइस प्रेसिडेंट आशीष चौधरी सहित एसोसिएशन के कई अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे। यह निरीक्षण हजारीबाग में राष्ट्रीय स्तर के क्रिकेट मैचों की संभावनाओं को और मजबूत करता है और आने वाले समय में यहां बड़े टूर्नामेंटों का आयोजन भी संभव हो सकेगा।

## व्याप्त शैक्षणिक समस्याओं को लेकर बैठक, जल्द होगा छात्र प्रदर्शन



हजारीबाग(आजाद सिपाही)। ऑल इंडिया डेमोक्रेटिक स्टूडेंट ऑर्गनाइजेशन की बैठक राज्य सचिव सोहन महतो की उपस्थिति में गुरुवार को हुई। बैठक में सबसे पहले यौन उत्पीड़न से प्रताड़ित उड़ीसा राज्य के बालासोर के फकीर मोहन कॉलेज में बी.एड की छात्रा द्वारा व्यवस्था के उदासीनता के कारण आत्महत्या कर ली गयी थी। इस घटना की संगठन ने निंदा की और दोषियों को सजा देने की मांग की। बैठक में राज्य सचिव ने कहा कि झारखंड में स्कूल से लेकर कॉलेज तक की स्थिति बदहाल है। शिक्षकों की भारी कमी है। यूनिवर्सिटी में 2008 के बाद से शिक्षकों की बहाली नहीं हुई है।कर्मचारियों की भी भारी कमी है। राज्य में शिक्षक नियुक्ति के लिए JTET की परीक्षा 9 सालों से नहीं हुई है, जिसका इंतजार लाखों छात्र कर रहे है। सरकार की उदासीनता से सरकारी स्कूल की हालात तो खराब हो रही है। इसके साथ प्रशिक्षु छात्र भी प्रताड़ित महसूस कर रहे है। राज्य में स्कूल की स्थिति के बदहाली से निजी संस्थान फल फूल रहे है।रविंद्र पासवान ने कहा कि छात्र और युवा सरकार की उदासीनता का शिकार हो रहे है। सरकार के इस रवैए के खिलाफ छात्रों और युवाओं का विशाख प्रदर्शन बहुत जल्द होगा। जीवन कुमार ने कहा कि विश्वविद्यालय एक लोकतांत्रिक निकाय है यहां पर छात्रों कर्मचारी व छात्रों की समस्याओं को लेकर आवाज उठाने वाले लोगों को किसी भी स्तर पर दबाया नहीं जा सकता है, यदि ऐसा हुआ तो छात्रों का विरोध होगा। राजेश कुमार ने राज्य और हजारीबाग के वर्तमान शैक्षणिक समस्याओं और सवालों पर अपनी बातें रखें।बैठक में आगामी सांगठनिक स्थिति और गतिविधि पर चर्चा की गयी। बैठक में जिला अध्यक्ष जीवन कुमार, राजेश कुमार, रविंद्र पासवान, विनय कुमार,अनिल कुमार ,नीरज कुमार उपस्थित थे।

## दस्तावेज नविसों और स्टांप वेंडरों को मिलेगा बार एसोसिएशन के भवन में स्थान



हजारीबाग(आजाद सिपाही)। हजारीबाग व्यवहार न्यायालय परिसर में बार एसोसिएशन के लिए बनाए जा रहे नवनिर्मित भवन में दस्तावेज नविसों स्टाम्प वेंडरों को मिलेगा स्थान, गुरुवार को जिला न्यायाधीश रंजीत कुमार ने परिसर का किया निरीक्षण इस दौरान दस्तावेज नविसों और स्टाम्प वेंडरों तथा अधिवक्ताओं से मिल कर इनकी समस्याओं को सुना । दोनों पक्षों के दलितों को सुनकर कहा कि भवन निर्माण विभाग द्वारा बनाये जाने वाले भवन में आप लोगों को स्थान दिया जायेगा तथा जब तक नया भवन बनकर तैयार नहीं हो जाता तब परिसर के हाल नंबर 4 में इन्हें स्थान देने का आश्वासन दिया । कहा कि नव निर्मित भवन के निचले तल्ले में आप सबों को अपना जिविकोपार्जन करने का स्थान मिलेगा। जिला न्यायाधीश के इस फैसले से दस्तावेज नविसों और स्टाम्प वेंडरों ने राहत की सांस ली तथा न्यायधीश को धन्यवाद दिया।

# निजी स्कूल में हादसा, आधा दर्जन बच्चे और मजदूर घायल

आजाद सिपाही संवाददाता

**कोडरमा।** जिला के कोडरमा थाना अंतर्गत लरियाडीह गांव में संचालित रॉयल वैली नामक एक प्राइवेट स्कूल में गुरुवार को एक दर्दनाक हादसा हो गया। घटना में आधा दर्जन बच्चे और निर्माण कार्य में जुटा एक मजदूर भी गंभीर रूप से घायल हो गये। ज्ञात हो कि लरियाडीह स्थित आरवीपी विद्यालय में यह घटना तब घटी जब वहां के एक कमरे में बच्चे पठन-पाठन कर रहे थे और उसी कक्षा के छत का निर्माण कराया जा रहा था। मामले की जानकारी देते हुए मजदूर महेश कुमार ने बताया कि वे लोग विद्यालय के एक कमरे में दीवार पर एस्बेस्टस लगा रहे थे कि वह उनके हाथ से छूट गया और वह नीचे कक्षा में बैठे बच्चों पर गिर गया। साथ ही दीवार पर लगी ईंटें भी बच्चों के सिर पर जा गिरी, जिससे बच्चे घायल हो गये। वहीं महेश का नियंत्रण बिगड़ जाने से वे भी कक्षा में गिर पड़े। घटना में आधा दर्जन बच्चे व उक्त मजदूर घायल हो गए। विद्यालय प्रशासन द्वारा सभी घायलों को सदर अस्पताल ले जाया गया। जहां सभी का इलाज जारी है।



# राष्ट्रीय बाल विज्ञान प्रदर्शनी मेला आयोजित

आजाद सिपाही संवाददाता

**जयनगर।** प्रखंड में 52 वीं राष्ट्रीय बाल विज्ञान प्रदर्शनी मेला जिला स्तरीय जिला स्कूल में आयोजित किया गया। जहां जिला के दर्जनों विद्यालय के विद्यार्थी अपने-अपने मॉडल बनाकर सम्मिलित हुए थे। कई विद्यालयों के बच्चे अपने-अपने विद्यालय स्तर पर बनाये गये मॉडल का प्रदर्शन किया। उत्क्रमित विद्यालय पिपचो की छात्रा शहजादी खातून, निधि कुमारी, नंदनी कुमारी जिला स्तर पर चयनित होकर राज्य स्तरीय के लिए चयन किया गया। इसके लिए पूरे विद्यालय परिवार को पंचायत के मुखिया रामेश्वर यादव, पंचायत समिति सदस्य बाजो दास, उप मुखिया डॉली देवी, समाजसेवी कौशर खान, मतीन हसन खान, राजकुमार यादव, महेंद्र कुमार राणा, सुरेश राम, कुंदन प्रसाद यादव, वासुदेव यादव, राजकुमार सिंह, राजेश सिंह, पप्पू कुमार राम, सुखदेव यादव, दुर्गा राम चंद्रवंशी और विद्यालय के प्रधानाध्यापक सकलदेव राम, वरिय शिक्षक सुरेश चंद्र रजक, बैजनाथ सिंह, मेघनाथ यादव, घनश्याम यादव, प्रीति सिंह, सपना कुमारी, नूरजहां खातून, सानिया खातून ने बधाई देते हुए हर्ष व्यक्त किया है।



# कोडरमा घाटी में सड़क हादसे में तीन की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

**कोडरमा।** जिला के रांची-पटना मुख्य मार्ग के कोडरमा घाटी स्थित नौवां माइल स्थित बंदरचुआं के समीप गुरुवार की शाम हुए एक बड़े सड़क हादसा में तीन लोगों की मौत हो गयी। जबकि एक अन्य युवक घायल है। मृतकों की पहचान अकबरपुर (बिहार) निवासी 30 वर्षीय राहुल भुइयां, मेघातरी (कोडरमा) निवासी 13 वर्षीय अमित कुमार तथा काली मंडा (कोडरमा) निवासी 18 वर्षीय मोहित कुमार के रूप में हुई है। वहीं घायल की पहचान मेघातरी, कुशहना निवासी 30 वर्षीय अमर भुइयां के रूप में की गई है। जानकारी के अनुसार कोडरमा प्रखंड के मेघातरी गांव के कालीमंडा से एक बाइक पर सवार होकर चार युवकताराघाटी की ओर जा रहे थे। इसी दौरान कोडरमा की ओर से बिहार जा रही एक कंटेनर ने मोटरसाइकिल को अपनी चपेट में ले लिया, जिस कारण दो युवकों की घटना स्थल पर दर्दनाक मौत हो गयी। जबकि दो घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के क्रम में मोहित कुमार की मौत हो गयी। वहीं चौथे युवक की स्थिति भी गंभीर बतायी जा रही है। इधर घटना को लेकर यह सूचना मिल रही है कि जिस कंटेनर ने बाइक में टक्कर मारी उस कंटेनर का ब्रेक फेल हो गया था। बाइक में टक्कर मारने के पश्चात उक्त कंटेनर सड़क किनारे खाई में जा गिरी।

# बीडीओ कार्यालय के नाक के नीचे से आम बागवानी गायब

आजाद सिपाही संवाददाता

**टाटीझरिया।** मनरेगा से राष्ट्रीय बागवानी के तहत प्रखंड क्षेत्र में कई स्थानों पर आम बागवानी लगवाई गयी, जिसके चारों ओर इमारती पौधे भी लगाये गये। प्रखंड सह अंचल कार्यालय के कैंपस में भी एक एकड़ जमीन पर बागवानी लगवाया गया था, जिसे अब जेसीबी लगाकर प्लेन कर दिया गया है और इसपर मिट्टी भी डाल दी गयी है। प्रश्न यह उठता है कि यदि कोई भी योजना स्वीकृत होती है तो उसे दो - तीन वर्षों में हीं बर्बाद क्यों कर दिया जाता है ,क्या योजना केवल लुट के लिए बनाई गयी थी। प्रखंड सह अंचल कार्यालय के कैंपस में 2020- 21 सत्र में आम बागवानी लगवाये गये थे। बागवानी लगवाने के पीछे यह मनसा थी कि पर्यावरण भी शुद्ध और मनोरम होगा, साथ हीं आम से नकदी भी आ जायेगा । इस बागवानी की प्राक्कलित राशि 3 लाख 22 हजार 586 रुपये थी। बड़े ही उत्साह के साथ इसे लगवाया गया था, इसके रक्षा के लिए जालीदार लोहे के जंजीर भी लगाये गये थे,सभी पौधे भी स्वस्थ्य थे। इसमें 62000 रुपये मजदूरी में तथा 74884 रुपये का मैटेरियल में भुगतान किया गया। शेष का भुगतान संभवतः बाकी था। इसी बीच आम बागवानी को नष्ट कर दिया गया। बताया जा रहा है कि बीडीओ आवास जाने के लिए जो पीसीसी बनायी गयी थी वह रास्ता संकीर्ण था और आवास के इर्द -गिर्द पेड़ -पौधे हो यह अधिकारी को नागवार लग रहा था, जिस वजह से उसे जेसीबी लगाकर साफ कर दिया गया। साफ करने के क्रम में कार्यालय के शौचालय की टंकी भी टूट गया है। आम ग्रामीणों का कहना है कि क्या बागवानी को नष्ट करवाने वाले अधिकारी के ऊपर कार्रवाई होगी या कार्रवाई केवल आम लोगों पर होती है। सरकारी पैसों की जो लुट हुई उसका भरपाई कैसे होगा।

# वज्रपात से पिता और पुत्री की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

**कोडरमा।** जिला के डोमचांच थाना क्षेत्र अंतर्गत घरबरियाबर गांव में खेत में काम कर रहे एक पिता और उसकी पुत्री की मौत वज्रपात से हो गयी। मृतक की पहचान घरबारियाबर निवासी 40 वर्षीय बासुदेव साव (पिता नारायण साव) और उनकी 15 वषीर्या पुत्री खुशी कुमारी के रूप में की गयी है। घटना की जानकारी देते हुए मृतक के परिजनों ने बताया कि उक्त घटना बुधवार के अपराह्न करीब 4 बजे की है। बासुदेव साव अपनी पत्नी और पुत्री के साथ खेत में धान के रोपाई में जुटे हुए थे। इसी बीच बारिश आ जाने के कारण बासुदेव साव और उनकी पुत्री खुशी खेत से बाहर पानी से बचने के लिए छाता खोलकर उसके नीचे बैठ गये। इसी बीच अचानक से जोरदार गर्जन के साथ बिजली कड़की और वज्रपात हुई, जिसकी चपेट में दोनों पिता और पुत्री आ गये और बुरी तरह से झुलस गये। वहां मौजूद लोगों की मदद से आनन फानन में कोडरमा सदर अस्पताल ले गए जहां इलाज के दौरान दोनों की मौत हो गयी। इसके पश्चात दोनों के शवों का पोस्टमार्टम के पश्चात परिजनों को सौंप दिया गया।

## ससुरालवालों पर 20 हजार रुपये और बाइक के लिए एक वर्ष पूर्व ब्याही पुत्री की हत्या करने का आरोप लगाया

बरही (आजाद सिपाही)। एक वर्ष पूर्व बरही के पडिरमा गांव में ब्याही पुत्री की मौत पर मां गीता देवी पति जगदीश ठाकुर ने ससुराल वालों पर दहेज के लिए हत्या कर देने का आरोप लगाया है। बुधवार की दोपहर पडिरमा गांव के डोभा में विवाहिता सपना कुमारी उम्र 20 वर्ष का शव मिला था। गुरुवार को गीता देवी ने बरही थाना में आवेदन देते हुए आरोप लगाया है कि शादी के बाद से ही उसकी पुत्री के पति पंकज शर्मा, भैंसुर संतोष ठाकुर, ननद सविता देवी, ससुर रामदेव ठाकुर, सांस जगेश्वरी देवी और गोतनी ममता देवी 20 हजार रुपये और अपाचे बाइक के लिए प्रताड़ित करने लगे। उसकी पुत्री को काली, बदसुरत और बदचलन बोलते थे। ससुराल वाले बोलते थे कि ठीक से रहना है तो उनकी मांग को पूरी करो। ससुराल वाले पुत्री के गले से पहना हुआ मंगलसूत्र भी छीन लिया। यह बात उनकी पुत्री ने रोते हुए फोन पर बताया। इसके बाद वह अपने परिवार समेत पुत्री का ससुराल पडिरमा आयी। ससुराल वालों से पूछा कि वे उसकी पुत्री के साथ ऐसा क्यों करते हैं। इसपर पुत्री के ससुराल वाले गाली गलौज करते हुए कहा कि उनकी बेटी काली, बदसुरत और बदचलन है। आप लोग लिखकर दीजिए कि बेटी को कुछ होगा तो उनके उपर आप केस मुकदमा नहीं करेंगे और नहीं तो जो उनकी मांग है उसे आप पूरा करें। उसके पति जगदीश ठाकुर ने पुत्री के ससुराल वालों से कहा कि वह गरीब आदमी हैं। पैसा और बाइक नहीं दे सकते हैं, जो लिखवाना हो वह लिखा लिजिए, लेकिन उसकी पुत्री को ठीक से रखिए। उसके बाद सभी लोगों ने जबर्दस्ती उसके पति से सहमति का एकरार लिखवा लिया और कहा कि आपलोग घर जाइए आपकी बेटी को कुछ नहीं होगा। वे लोग वापस घर आ गए। बीच बीच में फोन पर उसकी पुत्री बताती थी कि ससुराल वाले ठीक से खाना पीना नहीं देते हैं। सभी बोलते हैं कि तुम्हारा बाप लिखकर उन्हें दे दिया है। अब तुम उनके घर से भाग जाओ, नहीं तो एक साल के अंदर उसे जान से मार देंगे। इस बीच 16 जुलाई को 5 बजे शाम पडिरमा गांव के दूसरे लोगों ने फोन कर बताया कि उसकी पुत्री मर गई। ससुराल वालों से बात करने का प्रयास किया लेकिन बात नहीं हुई। 17 जुलाई को सुबह 10 बजे जब बेटी के ससुराल पडिरमा पहुंचे तो देखा कि उनकी बेटी की मृत्यु हो चुकी है और शव बरही अस्पताल में हैं। गीता देवी ने थाना को लिखे आवेदन में कहा है कि ससुराल वालों ने उसकी पुत्री को जान से मारकर शव को डोभा में फेंककर घर से फरार हो गये। सभी आरोपियों पर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

## बरसात में निकलते ज्यादा सांप, रहें सावधान

हजारीबाग(आजाद सिपाही)। बरसात के दिनों में सावन से भादो का समय सांपों के निकलने का महीना होता है। इन महीनों में लगभग सभी प्रकार के सांप अपने बिल से बाहर निकलते हैं। ये सांप इंसानों और जानवरों पर भी हमला कर सकते हैं। अगर किसी को सांप काट दे तो क्या करें, इसे लेकर कई भ्रांति भी है। सावन और भादो के समय सर्पदंश की कई घटना सामने आता है। इस महीने में सांप अपने बिल से बाहर निकल आते हैं। कई बार ये सांप बहुत ही अधिक आक्रामक हो जाते हैं। इंसान तो इंसान जानवर पर भी हमला कर देते हैं। ऐसे में सावधानी बरतना बहुत जरूरी है। सांप ज्यादातर नमी वाली जगहों पर, झाड़ियों के अलावा अन्य स्थानों में भी पाये जाते हैं। गांव के लोगों को इन दो महीनों में विशेष सावधानी बरतनी चाहिए। स्नेक मैन ऑफ हजारीबाग के नाम से जाने जाने वाले मुरारी सिंह बताते हैं रात को सोते समय अपने हाथ-पैर कंबल या चादर में रखें और जमीन पर न लटकाएं। रात को जमीन पर नहीं सोएं। जब भी खेत में जाए तो सावधानी बरतें और जूता का उपयोग करें। क्योंकि सांप हमेशा पैर में ही काटा करते हैं। उनका यह भी कहना कि कौन सा सांप विषैला है या नहीं इसकी जानकारी आम इंसान को नहीं होती है। इस कारण जब भी सांप काटे तो बिना समय बिताए अस्पताल पहुंच जाए। झाड़ फूंक के चक्कर में कभी ना पड़े। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि हजारीबाग में लगभग 25 प्रकार के सांप पाए जाते हैं, जिसमें अधिकतर सांप विषहीन है। कुछ सांप जहरीले होते हैं, परंतु सावधानियां बरतने और सर्पदंश के बाद समय से अस्पताल पहुंचने पर उसका इलाज भी संभव है।

## मांडू विधायक ने टाटीझरिया एनएच-522 से प्रखंड कार्यालय परिसर तक सड़क निर्माण कार्य का किया शिलान्यास



टाटीझरिया(आजाद सिपाही)। राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार कार्यक्रम योजना अंतर्गत टाटीझरिया एनएच-522 मुख्य सड़क से टाटीझरिया प्रखंड कार्यालय परिसर तक सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास मांडू विधायक निर्मल महतो उर्फ तिवारी महतो ने गुरूवार को किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से प्रमुख सह सांसद प्रतिनिधि संतोष मंडल, मुखिया सुरेश यादव, भाजपा मंडल अध्यक्ष कैलाशपति सिंह, आजसू प्रखंड अध्यक्ष सुरेश कुशवाहा, वरिष्ठ भाजपा नेता मिथिलेश पाठक शामिल रहे। इस दौरान विधायक ने अपने संबोधन में कहा कि लोगों की इस सडक निर्माण कार्य कराने की बहुप्रतीक्षित मांग थी। सड़क काफी जर्जर स्थिति में है, इससे लोगों को परेशानी हो रही थी। इसलिए सड़क निर्माण के लिए सांसद मनीष जायसवाल और उनके द्वारा प्रमुखता से लिखा गया था जिसकी स्वीकृति मिली है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में कई विकास कार्य किए जाने हैं।

# बिरहोर कॉलोनी में शिविर का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**बड़कागांव।** प्रखंड के सतबहिया बिरहोर कॉलोनी में जिला प्रशासन के दिशा निर्देश पर प्रखंड प्रशासनिक पदाधिकारियों द्वारा शिविर का आयोजन किया गया। इसका नेतृत्व प्रखंड विकास पदधिकारी जितेंद्र मंडल ने किया। शिविर में 70 वर्षीय बुद्धू बिरहोर उर्फ मल्हार बिरहोर को वृद्धा पेंशन के लिए आवेदन स्वीकृत किया। इस दौरान बीडीओ ने आदिम जनजाति बिरहोर की समस्याओं पर विशेष रूप से ध्यान दिया । उक्त शिविर में प्रखंड विकास पदाधिकारी मंडल ने बिरहोर जनजाति के लोगों से समस्याओं की जानकारी ली। बिरहोरों की कई, समस्याएं शिविर में ही निष्पादन भी किया गया। 15 नये प्रधानमंत्री आवास, स्वीकृत किये गये। मौके पर बीडीओ ने बिरहोर लोगों को जागरुक करते हुए कहा कि बिरहोर परिवार की महिला सदस्य को जिसकी उम्र 18 वर्ष हो गयी हो, उन सबों को पेंशन दिया जाता है। 15 लोगों के लिए प्रधानमंत्री आवास के सर्वे कार्य पूरा हो चुका है। आवंटन के आधार पर आवास स्वीकृत जायेगा। मौके पर बीडीओ ने बिरहोर परिवारों से कहा कि किसी भी प्रकार की कोई समस्या हो तो, मुझे तुरंत सूचना दें, ताकि आपकी समस्याओं का समाधान हो सके। एक नये आंगनबाड़ी केंद्र आवंटित किया गया है, जिसमें सेविका और सहायिका का भी चुनाव हो चुका है। अब यहां के बिरहोर के बच्चे को पढ़ने में भी आसानी होगी। वहीं कृषि और कल्याण पदाधिकारी पंकज कुमार द्वारा बिरहोर परिवारों के बीच मक्का एवं मूंगफली बीज का वितरण बीडीओ जितेंद्र कुमार मंडल के हाथों किया गया। बीज वितरण के दौरान जागरूक महिला मालती बिरहोरिन ने पदाधिकारी से कहा कि मुझे विभाग के द्वारा धान का बीज नहीं मिला, 12 किलो धान बाजार से 4000 में खरीदना पड़ा तब कहीं जाकर बिहन लगा सके। अभी मक्का और मूंगफली का बीज मिल रहा है अब यह लग भी नहीं पायेगा, पहले मिलता तो बीज लग जाता। इस दौरान विभाग के द्वारा दर्जन भर से अधिक बिरहोर किसानों को बीज दिया। शिविर में विनोद बिरहोर ने सतबहिया बिरहोर कॉलोनी में पीसीसी निर्माण की मांग की है। उसने बताया कि लगभग 20-25 वर्ष पूर्व पीसीसी का निर्माण हुआ था,जो जर्जर हो गया है। बिरहोर कॉलोनी में कुल 50 परिवार रहते हैं, जिसकी कुछ जनसंख्या लगभग 150 है, जिसमें बिरहोर लोगों को 15 नये आवास की मकान की आवश्यकता है। हालांकि कल्याण विभाग से 15 नये आवास निर्माण के लिए सर्वे कार्य किया गया है। मालती बिरहोरीन ने कहा कि हमारा मकान से पानी टपक रहा है ,मुझे नया मकान चाहिए।



# ओकनी बड़ा शिव मंदिर में शतचंडी महायज्ञ की प्रथम वर्षगांठ पर आयोजित कार्यक्रम संपन्न

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** ओकनी स्थित ऐतिहासिक बड़ा शिव मंदिर में आयोजित श्री श्री 1008 श्री शतचंडी महायज्ञ की प्रथम वर्षगांठ पर दो दिवसीय भव्य धार्मिक अनुष्ठान का सफलतापूर्वक समापन हो गया। इस आयोजन ने न केवल श्रद्धालुओं की भारी उपस्थिति को आकर्षित किया, बल्कि पूरे क्षेत्र को भक्ति और आध्यात्मिकता के माहौल से सराबोर कर दिया। इस विशेष अवसर पर मंदिर प्रांगण को आकर्षक रूप से सजाया गया था। आयोजन की शुरूआत वैदिक मंत्रोच्चार, कलश यात्रा और देवी पूजन के साथ हुई, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालु पुरुष और महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में शामिल हुए। महिलाएं पवित्र जल से भरे कलश लेकर मंदिर पहुंचीं। इसके पश्चात आचार्यगणों द्वारा श्री शतचंडी महायज्ञ की शुरूआत की गयी। यज्ञ में दर्जनों विद्वान ब्राह्मणों द्वारा चंडीपाठ, दुर्गासप्तशती का पाठ, हवन और विशेष पूजा-अर्चना की गयी। महायज्ञ के माध्यम से देश और समाज की सुख-शांति, समृद्धि एवं कल्याण की कामना की गयी। आयोजन के दूसरे दिन भंडारे का आयोजन किया गया , जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। श्रद्धालुओं की सेवा में स्थानीय युवाओं की टीम लगातार सक्रिय रही। मंदिर समिति के सदस्यों ने बताया कि इस महायज्ञ की परंपरा को हर वर्ष और अधिक व्यापक रूप में आयोजित किया जायेगा। आयोजन में शहर के कई गणमान्य नागरिक, संत-महात्मा, जनप्रतिनिधि एवं सामाजिक कार्यकर्ता भी उपस्थित हुए और धर्मसभा को संबोधित किया। संध्या आरती और भजन संध्या का भी आयोजन हुआ, जिसमें प्रसिद्ध भजन गायक कलाकारों ने भक्ति रस की वर्षा कर दी। जजमान में राजकुमार गिरी,अर्चना, अमित स्नेही, रिंकी स्नेही, विशाल वर्मा, रूपाली वर्मा, भूषण श्रीवास्तव, निशा श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।



## महत्वपूर्ण खबरें

### रामप्रसाद चंद्रभान सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में विदाई हुआ समारोह



रामगढ़ (आजाद सिपाही)। बाजार समिति स्थित रामप्रसाद चंद्रभान सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में गुरुवार को प्रधानाचार्य वरुण कुमार चौधरी का विदाई समारोह हुआ। विद्या भारती योजना अनुसार एक निश्चित समय के बाद प्रधानाचार्य का स्थानांतरण होता रहता है। कुशल व्यक्तित्व के धनी प्रधानाचार्य ने लगभग 4 वर्षों तक विद्यालय में प्रधानाचार्य का दायित्व कुशलता पूर्वक निभाया। उन्होंने भैया बहनों को संबोधित करते हुए कहा कि सदैव अपने गुरुजनों का सम्मान करें। साथ ही अपने करियर पर ध्यान देते हुए विद्यालय, माता-पिता, समाज और देश में अपनी एक अलग पहचान बनायें। मंच को संबोधित करते हुए वे कई बार भावुक हो गये। वर्तमान में इनका स्थानांतरण सरस्वती शिशु विद्या मंदिर दुग्धा, बोकारो में हो गया है। भैया-बहन एवं आचार्य-दीदी ने उनके सम्मान में उन्हें उपहार देकर विदाई की।

### झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा की बैठक आज

भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा के पतरातू प्रखंड एवं बड़कागांव के पदाधिकारियों और सदस्यों की बैठक शुक्रवार को भुरकुंडा स्थित उत्सव मैरेज हॉल में 11.30 बजे से होगी। इसमें 31 जुलाई को नयी दिल्ली के जंतर-मंतर पर आयोजित त्राहिमाम महाधरना को सफल बनाने के लिए रणनीति तय की जायेगी। साथ ही पोस्टर एवं पर्चा वितरण, संगठनात्मक सुदृढ़ीकरण और सदस्यता अभियान पर विचार-विमर्श किया जायेगा। यह जानकारी केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहू ने दी।

### सड़क हादसे में सीसीएलकर्मी घायल

कुजू (आजाद सिपाही)। ओपी क्षेत्र के श्रीराम चौक फोरलेन सड़क पर अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार सीसीएलकर्मी गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से उसे नयीसराय स्थित सीसीएल अस्पताल में भर्ती कराया गया। कुजू कोलियरी के रीजनल स्टोर में बड़ा बाबू पद पर कार्यरत फारूख अंसारी बाइक पर सवार होकर सड़क पार कर रहे थे। इसी दौरान अज्ञात वाहन धक्का मार दिया।

### मिथलेश लिफ्टर संघ के अध्यक्ष और संदीप सचिव बने



उरीमारी (आजाद सिपाही)। सयाल डी परियोजना लोकल सेल से जुड़े लिफ्टर संघ का चुनाव को लेकर सौंदा बस्ती सामुदायिक भवन में गुरुवार को ग्रामीणों की बैठक हुई। अध्यक्षता शशिकांत गुप्ता ने की। संचालन अरुण कुमार ने किया। इस दौरान लिफ्टर संघ का चुनाव किया गया। इसमें अध्यक्ष मिथलेश कुमार और सचिव संदीप कुमार उर्फ गुड्डू को चुना गया। साथ ही 15 कार्यकारिणी सदस्य का चुनाव हुआ। इसमें बैजनाथ साव,छोटू साव, कुलदीप प्रसाद, गुरुदयाल प्रसाद, महेश प्रसाद, ईश्वर चंद प्रसाद, शशिकांत गुप्ता, रितेश प्रसाद, संदीप प्रसाद, मिंटू प्रसाद, राजदीप प्रसाद, राजू कुमार,जयकेष कुमार, संजय प्रसाद, अशोक प्रसाद, तिलेश्वर साहु, सुमित कुमार, माधव प्रसाद, शिव प्रसाद, अतुल प्रसाद, मानिक दत्ता शामिल हैं। दयानंद प्रसाद और अंबर कुमार ने कहा कि लिफ्टर संघ का गठन किए जाने से सभी लिफ्टरों की हक अधिकार सुनिश्चित होगी।

### चोर गिरफ्तार, कंप्यूटर सेट समेत उपकरण बरामद



चतरा (आजाद सिपाही)। कुंदा प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय मेदवाडीह में बीते दो दिनों पूर्व चोरी के मामले में पुलिस ने गांव के ही चंदन कुमार नामक चोर को गिरफ्तार कर लिया है तथा उसके निशानदेही पर विद्यालय से चोरी हुई 5 मॉनिटर, 5 सीपीयू, 5 कीबोर्ड, 5 माउस, 06 पीस 12 वाट बैटरी, 1 स्टेबलाइजर, 1 प्रिंटर और 1 यूपीएस को बरामद कर लिया है। पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार अग्रवाल ने बताया कि गिरफ्तार युवक चंदन ने गांव के ही दो अन्य साथियों के साथ मिलकर विद्यालय में चोरी की घटना को अंजाम दिया था। पुलिस ने गांव के ही बहेलवाखाप जंगल से चंदन की निशानदेही पर चोरी का सामान बरामद किया है। कुंदा थाना प्रभारी प्रिंस सिंह के नेतृत्व में पुलिस ने यह कार्रवाई की गयी है।

### फिल्म अभिनेता धीरज को दी गयी श्रद्धांजलि

चतरा (आजाद सिपाही)। जमशेदपुर कलाकार मंच की बैठक राष्ट्रीय महामंत्री आरती प्रसाद के चतरा शहर स्थित आवास में आयोजित की गयी। इसमें अभिनेता धीरज कुमार के निधन पर श्रद्धांजलि दी गयी। बैठक में मंच के प्रदेश मंत्री सह प्रदेश प्रवक्ता सपना गुप्ता, कुमारी शिल्पा नामिता, सुभाष प्रमाणिक, सीमा नामिता, बापी नामिता, प्रिंस कुमार नामित, गायत्री शालिनी अग्रवाल, पूजा सरकार नरेश प्रसाद, हरिकेत प्रसाद, शकुंतला देवी बाग, सुमन कुमार पाठक, आदित्य राय, ज्योति दास, प्रीति मंडल, फुलमनी दास, डिंपल जायसवाल, साधना चक्रवर्ती, संजु वर्मा, मनीषा बसी, पुष्पलता बाला भूमिज, रुबीनी भूमिज शिखा दूबे, रिया महतो, सीमा जायसवाल, कविता महतो आदि मौजूद थीं।

# सउद की हत्या मामले में दो और हत्यारे गिरफ्तार

## तीन लोगों ने मिल कर दिया था घटना को अंजाम : एसपी

आजाद सिपाही संवाददाता



रामगढ़। जिले के बरकाकाना ओपी क्षेत्र अंतर्गत पीरी गांव में 24 वर्षीय युवक सउद की हत्या कांड से पर्दा उठ गया है। चाकू से हमला करने के बाद गला रेतने वाला अपराधी एबाद अपने सहयोगी अशफाक के साथ गिरफ्तार हो गया है। गुरुवार को इस मामले की जानकारी रामगढ़ एसपी अजय कुमार ने प्रेस कांफ्रेंस के दौरान दी। उन्होंने बताया कि गला रेतने वाला दुड़गी बस्ती निवासी एबाद उर्फ आबाद और रांची जिला के ओरमांझी थाना क्षेत्र अंतर्गत ईरबा गांव निवासी अशफाक अंसारी को गिरफ्तार कर लिया गया है। वारदात में शामिल पीरी बस्ती निवासी आफताब अंसारी को पुलिस ने गिरफ्तार कर पहले ही जेल भेज दिया था। एसपी ने बताया कि मोहर्रम के दिन 6 जुलाई को आफताब, अशफाक और एबाद ने योजनाबद्ध तरीके से सउद को अपने जाल में फंसाया। पहले उसे सुलेशन का नशा करने का प्रलोभन दिया और साथ ले गए। पीरी बस्ती में ही कर्बला रोड के आगे पीरीटांड के समीप उन लोगों ने सुलेशन का नशा किया। फिर चारो वहां से कुछ दूर पर इमली पेड़ के नीचे बैठ गए। यहीं पर सउद और एबाद के बीच विवाद शुरू हुआ। एबाद लगातार सउद से टर्बो ट्रक कटवाने की बात कर रहा था और सउद इनकार कर रहा था। नशे की हालत में विवाद इतना बढ़ गया कि एबाद और आफताब ने मिलकर सउद पर चाकू से हमला कर दिया। फिर उसका गाल रेत दिया। उसके मरने के बाद अशफाक, एबाद और आफताब ने सउद की लाश को अमान अंसारी के बंद पड़े चिमनी ईंट भट्ठे में छुपा दिया।

छापामारी टीम में पतरातू एसडीपीओ गौरव गोस्वामी, आंचल पुलिस निरीक्षक सत्येंद्र कुमार, बरकाकाना ओपी प्रभारी उमाशंकर वर्मा, भुरकुंडा ओपी प्रभारी निर्भय कुमार गुप्ता, पतरातू थाना प्रभारी शिवलाल कुमार गुप्ता, भदानीनगर ओपी प्रभारी ब्रह्मवर्त कुमार, बेसल थाना प्रभारी कैलाश कुमार, सब इंस्पेक्टर हरदुगन होरो सहित बरकाकाना ओपी के रिजर्व गार्ड शामिल थे।

### अपराधियों की निशानदेही पर चाकू बरामद, खून से लथपथ कपड़े भी मिले

एसपी अजय कुमार ने बताया कि गिरफ्तार अपराधियों के निशानदेही पर पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त चाकू बरामद कर लिया है। इसके अलावा खून से लथपथ कपड़ों को भी पुलिस ने जप्त कर लिया है। यहां तक कि मृतक सउद ने जो वारदात के दिन जूता पहना था, वह भी पुलिस को मिल गया है। सभी चीजों की फोरेंसिक जांच होगी और अपराधियों को सख्त से सख्त सजा दिलाने का प्रयास किया जायेगा।

# रामगढ़ अंचल के चपरासी ने पत्नी और तीन बेटों को घर से निकाला

आजाद सिपाही संवाददाता

रामगढ़। घर में अक्सर पति-पत्नी के बीच झगड़े होते रहते हैं, लेकिन जब कोई व्यक्ति पारिवारिक ताना-बाना ही तोड़ दे तो एक अनसुलझी कहानी बनकर समाज में उजागर हो जाता है। रामगढ़ अंचल के अनुसेवक महेंद्र कुमार दास ने अपनी पत्नी और तीन बेटों को मारपीट कर घर से निकाल दिया। यहां तक कि उनकी मदद करने पर अपने भाइयों को ही झूठे केस में फंसाने की धमकी तक दे डाली। न्याय की गुहार लगाने रामगढ़ अंचल पहुंची अनुसेवक की पत्नी और बच्चों पर सरकारी धौंस दिखाने का भी प्रयास किया गया।

### रामगढ़ थाने पहुंचा मामला, हो रही जांच

महेंद्र कुमार दास के भाई नंदकिशोर दास ने इस मामले में न्याय के लिए रामगढ़ थाने में गुहार लगायी है। उन्होंने बताया कि वह मूल रूप से हजारीबाग जिले के कटकमदाग थाना क्षेत्र अंतर्गत खपरियावां गांव के रहने वाले हैं। उनके बड़े भाई महेंद्र कुमार दास को अनुकंपा के आधार पर रामगढ़ अंचल में अनुसेवक पद पर नौकरी लगी। उन्होंने अपनी पत्नी मीना देवी और तीन बेटों को मारपीट कर घर से निकाल दिया। जब उनके भतीजे सचिन से उन्हें इस मामले की जानकारी हुई तो उन्होंने अपने बड़े भाई को समझने का प्रयास किया। यहां तक कि उन लोगों का एक और भाई नितेश कुमार निराला, जो रामगढ़ जिला पुलिस बल में कांस्टेबल के पद पर कार्यरत है, उसने भी अपने बड़े भाई को समझाने का प्रयास किया। लेकिन उन दोनों भाइयों को भी झूठे केस में फंसाने की धमकी मिली। रामगढ़ पुलिस इस पूरे मामले की जांच कर रही है।

## ट्रैक्टर और नगद की लालच में फंसी युवती, गवां दिये दो लाख रुपये

रामगढ़ (आजाद सिपाही)। साइबर क्रिमिनल्स लोगों को झांसा देकर मोटी रकम की ठगी कर रहे हैं। रामगढ़ में एक 20 वर्षीया युवती को ट्रैक्टर और नगद का लालच दिया गया। इस लालच में फंसी युवती ने खुद के साथ-साथ अपने दो-दो जीजाजी के पैसे भी गवां दिये। फंसी युवती ने 2 लाख से अधिक की रकम साइबर क्रिमिनल को ट्रांसफर कर दिया। इस मामले में युवती रूपा कुमारी के द्वारा रामगढ़ साइबर थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। रजरप्पा थाना क्षेत्र के लारीकला गांव निवासी रूपा ने पुलिस को बताया कि उसके मोबाइल पर एक व्यक्ति का फोन आया, जिसने उसे पीएमवाइ योजना के तहत 1.25 लाख नगद, एक ट्रैक्टर और एक हल देने का लालच दिया। रुपा ने चार बार में 86600 रुपया भेजा। इसके बाद वह उनकी बातों में आकर स्कैनर से 13000 रुपये भेजा। उसके झांसें में आकर रूपा ने जीजा बोधन कुमार महतो से भी इस स्कैनर पर दो बार में 68,500 रुपया भिजवाया। दोबारा फिर बोधन कुमार महतो के द्वारा 30000 रुपये भिजवाया गया। उसके बाद अपने जीजा अशोक कुमार द्वारा भी उक्त एकाउंट नंबर में 10750 रुपये भिजवाई। रूपा और उसके दोनों जीजाजी से कुल 208850 रुपये की साइबर ठगी कर ली गयी।

# लाखों का सोना-चांदी छोड़ घूमने निकल गया सुनार, रामगढ़ पुलिस ने बंद की दुकान

आजाद सिपाही संवाददाता






रामगढ़। आज के जमाने में जहां फुटपाथी दुकानदार भी अपने ठेले को छोड़ कर हटता नहीं। वहीं एक सुनार अपनी दुकान में लाखों के सोने-चांदी को छोड़ कर घूमने निकल गया। उसने अपनी दुकान की चाबी तक भी काउंटर पर छोड़ी थी। ऐसा लग रहा था मानों उसने लुटेरों को दावत दे रखी है। पेट्रोलिंग के दौरान रामगढ़ थाना प्रभारी पीके सिंह की नजर जब सुनसान जेवर दुकान वैशाली ज्वेलर्स पर पड़ी, तो वे भी आवाक रह गये। थाना प्रभारी पीके सिंह ने दुकान के मालिक की छानबीन की तो पता चला कि वह दुकान सुरेंद्र प्रसाद नामक व्यक्ति की है। दुकानदारों और होटल संचालकों से पूछताछ हुई, तो सभी ने सुरेंद्र प्रसाद के इस संदिग्ध हरकत के बारे में बताया। पुलिस को आसपास के लोगों ने बताया कि सुरेंद्र प्रसाद अक्सर ऐसा ही काम करते हैं। वह दुकान आते हैं और बिना किसी को बताये सोने चांदी से भरी दुकान को छोड़ कर निकल जाते हैं। कब आयेंगे, कहां गये हैं, इसकी जानकारी किसी को नहीं होती। अन्य व्यापारियों को हमेशा यह डर सताता रहता है कि जेवर दुकान में चोरी या लूट हुई तो उनके पड़ोसियों पर ही गाज गिर सकती है। वे किसी पर भी दोष मढ़ सकते हैं। रामगढ़ थाना प्रभारी पीके सिंह ने कहा कि सुरक्षा को प्राथमिकता दें।

### एक घंटे तक के इंतजार के बाद पुलिस ने गिराया शटर

रामगढ़ थाना प्रभारी पीके सिंह एक घंटे तक शहर के ब्लॉक के सामने स्थित वैशाली ज्वेलर्स में मौजूद रहे। थाना प्रभारी को लगा कि वहां सीसीटीवी कैमरे की से मॉनिटरिंग हो रही होगी। दुकान में उन्होंने घुसकर छानबीन भी शुरू की, लेकिन सीसीटीवी कैमरे की मॉनिटरिंग ऑनलाइन नहीं थी। पुलिस ने काफी देर इंतजार करने के बाद टेबल पर रखा चाबी उठाया और शटर गिराकर उसमें ताला बंद कर दिया।

### बंद दुकान देख व्यापारी के उड़े होश तो पहुंचा थाने

सुरेंद्र प्रसाद जब अपनी दुकान में लौटे तो शटर बंद देख कर उनके भी होश उड़ गये। आसपास के लोगों ने बताया कि पुलिस ने उनकी दुकान को बंद की है, तो वे सीधे थाने पहुंचे। पूछताछ के दौरान सुरेंद्र ने बताया कि वे तगादा करने लोहारटोला चले गये थे। थाने में उन्होंने ऐसी हरकतों की पुनरावृत्ति नहीं करने, साथ ही दुकान के बाहर और अंदर बेहतर क्वालिटी का सीसीटीवी कैमरा लगाने का वादा किया। तब उन्हें दुकान की चाबी मिली।

## डीसी ने आधारभूत संरचनाओं, भूअर्जन एवं परियोजनाओं को लेकर की समीक्षा बैठक



रामगढ़ (आजाद सिपाही)। आधारभूत संरचनाओं, एफआरए, भूअर्जन एवं विभिन्न परियोजनाओं को लेकर गुरुवार को डीसी फैज अक अहमद मुमताज ने जिला समाहरणालय के सभागार में समीक्षा बैठक कर कई निर्देश दिए। सर्व प्रथम डीसी ने भारतमाला परियोजना, राष्ट्रीय राजमार्ग 33, रेलवे सहित अन्य सड़क निर्माण संबंधित योजनाओं की समीक्षा के क्रम में डीसी ने पैकेजवार मुआवजा भुगतान की स्थिति की जानकारी ली। इस दौरान डीसी ने कार्यो में तेजी लाने का निर्देश दिया। वही, संबंधित क्षेत्रों के अंचल अधिकारियों को मुआवजा भुगतान की प्रक्रिया संबंधित ग्राम सभा के आयोजन सहित अन्य प्रक्रियाएं पूरी करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिये। बैठक में उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, भूमि सुधार उप समाहर्ता, जिला भूअर्जन पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।

## घंघरी विद्यालय के बरामदे का फर्श धंसा



हंटरगंज, चतरा (आजाद सिपाही)। हंटरगंज प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित उच्च विद्यालय घंघरी में विद्यालय के बरामदे का फर्श धंस गयी है। घटना गुरुवार अहले सुबह की है। उस समय विद्यालय बंद था। जब विद्यालय खुला, तो विद्यार्थियों ने देखा कि फर्श धंस गया है। इसके बाद विद्यालय के प्रधानाध्यापक विशाल कुमार ने इसकी जानकारी फोन के माध्यम से कटैया पंचायत के मुखिया और विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष को दी। कटैया मुखिया नरेश यादव एवं विद्यालय अध्यक्ष अजय यादव सहित अन्य ग्रामीण विद्यालय पहुंचकर स्थल का मुआयना किया। कटैया पंचायत मुखिया नरेश यादव ने कहा कि इस विद्यालय में एक से दसवीं कक्षा तक की पढ़ाई होती है, लेकिन भवन की स्थिति जर्जर हो चुकी है। मुखिया का कहना है कि वर्ष 2011 में इस मध्य विद्यालय को उच्च विद्यालय के दर्जा तो मिल चुकीं है लेकिन उसी विद्यालय भवन के ही कमरा में संचालित हो रहा है। विद्यालय प्रधानाध्यापक विशाल कुमार ने बताया कि मामले को लेकर विभाग को जानकारी दे दी गयी है। कनीय अभियंता स्वयं स्थल जांच कर उक्त जगह को चारों ओर से घेर दिया गया है।

## हाथियों की झुंड ने टंडवा नवाटांड़ में मचाया उत्पात

टंडवा (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र के राहम पंचायत के टोला नवाटांड में बीते मध्य रात्रि में 24 हाथियों की झुंड पहुंचा। शिक्षक रामवृक्ष उरांव के घर में चारों तरफ से गजराजों ने घेर लिया था। आधा दर्जन से अधिक खिड़कियों को क्षति पहुंचा कर घर में रखे चावल, प्याज, बिछड़ा मकई अनाज खा गये। साथ ही आसपास में आम की बागवानी, गन्ना की खेती को क्षति पहुंचाया। घर का मेन गेट, बाउंड्री को तोड़ दिया है। वन विभाग हाथियों द्वारा क्षति का आंकलन करने के लिए रेंजर टंडवा मुक्ति प्रकाश पन्ना नवाटांड़ पहुंचे। वहीं राहत बचाव कार्य के लिए वन कर्मी पहुंचे हुए हैं।

## जंगल बचाओ अभियान के तहत 190 प्रतिनिधियों को दिया गया प्रशिक्षण



कुंदा, चतरा (आजाद सिपाही)। कुंदा पंचायत सचिवालय में 30 गांव के ग्रामसभा के अध्यक्ष सचिव, एवं वन अधिकार समिति, सामुदायिक वन संसाधन प्रबंधन समिति के अध्यक्ष तथा सचिव समेत 190 प्रतिभागियों को प्रशिक्षण दिया गया। यह प्रशिक्षण सामुदायिक वन पालन संस्थान रांची द्वारा झारखंड जंगल बचाओ आंदोलन के केंद्रीय सचिन सोहनलाल, अशोक भारती द्वारा दिया गया। चतरा जिला ग्राम सभा मंच के अध्यक्ष अंजू देवी, कुंदा ग्राम पंचायत मुखिया मनोज कुमार साहू ने अध्यक्षता की।

## वनकर्मियों ने हिरण के बच्चे को जंगल में छोड़ा



टंडवा (आजाद सिपाही)। वन प्रक्षेत्र के धनगडा. पंचायत के खैरका गांव से गुरुवार को एक हिरण के बच्चे को वनकर्मियों ने सुरक्षित रेस्क्यू कर उसे सिसई के जंगल में छोड़ दिया। सीमावर्ती जंगल से भटककर हिरण जैसे हीं गांव में घुसा वैसे ग्रामीणों ने पकड़ कर वन वनपाल सुनील उरांव, वनरक्षी महेश कुमार, मनोज कुमार एवं इंद्रदेव आर्य को सौंपा गया।

## झामुमो जिलाध्यक्ष ने झारखंड राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष का किया स्वागत



चतरा (आजाद सिपाही)। झारखंड राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष, पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव का चतरा आगमन पर चतरा परिसदन में झामुमो के जिलाध्यक्ष निलेश ज्ञानेश के नेतृत्व में स्वागत किया गया। झामुमो चतरा जिला की ओर से जिला कोषाध्यक्ष नितेश कुमार राणा, नगर अध्यक्ष बिट्टू कुमार, सदर प्रखंड अध्यक्ष उपेंद्र राम, सचिव बबलू पासवान, मोनू सिंदुरिया, गोल्डन, राहुल यादव, रूपेश यादव मो अजहर, इटखोरी प्रखंड अध्यक्ष बबलू केशरी, झामुमो नेता बंटी आदि उपस्थित थे।

## एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत दर्जनों पौधे लगाये



हंटरगंज, चतरा (आजाद सिपाही)। केंद्र सरकार की योजना 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत शहर से लेकर गांवों तक पौधा रोपण का कार्यक्रम किया जा रहा है। इसके तहत गुरुवार को हंटरगंज प्रखण्ड के रामनारायण प्लस टू उच्च विद्यालय हंटरगंज में दर्जनों पौधे लगाये गये। इस अवसर पर हंटरगंज थाना पुलिस सब इंस्पेक्टर राजदेव पांडे के अलावा शिक्षकों और छात्रों ने विद्यालय परिसर में पौधारोपण किया। कार्यक्रम में सब इंस्पेक्टर राजदेव पांडे ने कहा कि पेड़ पौधे हमें ऑक्सीजन देते हैं। वहीं विद्यालय प्रधानाध्यक अनूप कुमार ने कहा कि हम सभी को फलदार, छायादार वृक्ष लगाकर हरियाली को बढ़ावा देना चाहिए। इस दौरान इको क्लब प्रभारी तिलेश्वर कुमार ने कहा कि हमारे विद्यालय में बाउंड्री वॉल का अभाव के बावजूद सुरक्षा के दृष्टिकोण से जाली का प्रबंध कर दर्जनों पौधे लगाया। कार्यक्रम में पूर्व प्रधानाध्यापक उमेश कुमार, शिक्षक विनय कुमार के अलावा सैकड़ों छात्र मौजूद थे।

## झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा विस्थापितों के आंदोलन में शामिल नहीं होगी



पतरातू (आजाद सिपाही)। झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा पतरातू प्रखंड कमेटी की बैठक बिरसा मार्किट जनता नगर में हुई। प्रखंड अध्यक्ष प्रयाग ने अध्यक्षता और संचालन युवा मोर्चा मनोरंजन ने किया। बैठक में निर्णय लिया गया कि गया कि 18 जुलाई को विस्थापित प्रभावित संघर्ष मोर्चा द्वारा आहूत आंदोलन में झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा शामिल नहीं होगा। बैठक में रामगढ़ जिला अध्यक्ष देवानंद महतो, बालेश्वर कुमार, केंद्रीय संगठन महासचिव राजेंद्र बेदिया, केंद्रीय मंत्री सुभान अंसारी, सुरेंद्र महतो, बाबूलाल महतो, नौसाद अंसारी मौजूद थे।

## महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने में उज्जवला फाउंडेशन संकल्पित है : जगेश्वर प्रजापति



आजाद सिपाही संवाददाता

कुजू। उज्जवला फाउंडेशन की समीक्षात्मक बैठक जेपी रेस्टोरेंट, बोंगावार फोरलेन में आयोजित की गयी। अध्यक्षता फाउंडेशन अध्यक्ष जगेश्वर प्रजापति और संचालन वीणा देवी ने की। बैठक के दौरान फाउंडेशन की मजबूती समेत सदस्यों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में अब तक किये गये आवश्यक कार्यों की समीक्षा की गयी। इसमें जमा बचत राशि को आगामी तीज पर्व पर गिफ्ट के रूप में वितरित करने का निर्णय लिया गया। वहीं, फाउंडेशन द्वारा सदस्यों को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य के साथ एक माह से किये जा रहे अंगवस्त्र निर्माण कार्यों की समीक्षा की गयी। इसमें फाउंडेशन के अधिकारियों ने महिला निर्मित अंगवस्त्र का ग्रामीणों इलाकों में भारी डिमांड के साथ बिक्री होने पर प्रसन्नता व्यक्त की।

फाउंडेशन अध्यक्ष जगेश्वर प्रजापति ने बताया कि कम समय में सदस्यों द्वारा 50 हजार रुपये का महिला अंगवस्त्र का निर्माण किया गया। उन्होंने सदस्यों को मेहनत कर नयी उपलब्धि हासिल के लिए बधाई दी। बैठक में शांति देवी, मनसरी देवी, कौशल्या देवी, संगीता देवी, गुड़िया देवी शामिल रहे।

### जिला परिषद सदस्य मांडू ने विधायक प्रतिनिधि को किया सम्मानित

## आपका स्नेह-सम्मान हमारी ताकत : नरेश महतो

आजाद सिपाही संवाददाता



कुजू। आपके स्नेह व सम्मान से अभिभूत हूं। यह सम्मान व प्यार ही हमारी ताकत है। इसके लिए आप सभी का जीवन भर ऋणी रहूंगा। उक्त बातें मनोनीत मांडू विधायक प्रतिनिधि नरेश महतो ने गुरुवार को मुरपा स्थित विधायक आवास पर मांडू प्रखंड जिला परिषद द्वारा आयोजित सम्मान समारोह के दौरान अपने संबोधन के दौरान कहीं।

आयोजित सम्मान समारोह कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला परिषद सदस्य दयामंती देवी, संचालन जिप सदस्य प्रतिनिधि ज्योतिंद्र प्रसाद साहू और धन्यवाद ज्ञापन आजसू बुद्धिजीवी मंच के केंद्रीय सचिव महेश ठाकुर ने की। इससे पूर्व, जिप सदस्य दयामंती देवी की अगुवाई में महिला सदस्यों ने विधायक प्रतिनिधि नरेश महतो को बुके भेंटकर व अंगवस्त्र प्रदान कर भव्य स्वागत कर सम्मानित किया। समारोह में आजसू नेता तेजनाथ महतो, कुजू दक्षिणी मुखिया राकेश मेहता उर्फ रॉक, कुजू पूर्वी के सरपंच रेखा देवी, उप मुखिया कुमारी नीलम, ओमप्रकाश पटेल, शांति देवी, पूजा देवी, बेबी देवी, ललिता देवी, निशा देवी, हेमंती देवी, रेखा देवी, माधुरी देवी, कविता देवी, आशा देवी, सरिता देवी मौजूद थीं।

# हितों की बात करे भारत

रूस के साथ व्यापार को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की चेतावनी भारत-अमेरिका के बीच ट्रेड डील पर चल रही बातचीत में अड़चन पैदा कर सकती है। यूक्रेन युद्ध रुकवाने में नाकाम रहे ट्रंप अब दूसरे जरियों से मॉस्को पर दबाव बनाना चाहते हैं। हालांकि इसमें सफलता की गारंटी नहीं और इससे दुनिया में नया तनाव पैदा हो सकता है।

**50 दिनों की डेडलाइन :** ट्रंप ने युद्ध खत्म करने के लिए रूस को 50 दिनों की मोहलत दी है और यही डेडलाइन उन्होंने उन देशों के लिए रखी है, जो रूस से तेल समेत दूसरे सामान खरीदते हैं। अमेरिका की धमकी है कि इसके बाद इन देशों पर 100% टैरिफ लगाया जायेगा। यही बात नैटो महासचिव मार्क रूट भी दोहरा रहे हैं, बल्कि उन्होंने तो सीधे-सीधे भारत, चीन और ब्राजील का नाम लिया कि इन देशों को रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पूतिन से शांति के लिए बात करनी चाहिए।

**बदली रणनीति :** कुछ वक्त पहले तक ट्रंप इस बात पर डटे थे कि किसी भी सूरत में यूक्रेन युद्ध रुकना चाहिए। लेकिन, जब उनका दबाव रूस पर कारगर नहीं हुआ, तो उन्होंने रणनीति बदल दी। अब वह यूक्रेन को हथियार सप्लाई करने के लिए तैयार हैं और पूछ भी रहे हैं कि क्या रूस पर हमला कर लोगे?

**ट्रंप ने युद्ध खत्म करने के लिए रूस को 50 दिनों की मोहलत दी है, और यही डेडलाइन उन्होंने उन देशों के लिए रखी है, जो रूस से तेल समेत दूसरे सामान खरीदते हैं। अमेरिका की धमकी है कि इसके बाद इन देशों पर 100% टैरिफ लगाया जायेगा।**

**पुरानी कोशिश :** अमेरिका और दूसरे पश्चिमी देश चाहते हैं कि रूस को झुकाने में बाकी दुनिया भी उसका साथ दे - खास कर भारत और चीन। साल 2022 में, जब से यूक्रेन युद्ध शुरू हुआ है, अमेरिका की यही कोशिश है। पहले भी उसने रूस से तेल खरीदने को लेकर भारत पर सवाल उठाये थे और यहां से उसे इसका माकूल जवाब भी मिला था कि दुनिया के हर हिस्से के अपने-अपने हित होते हैं।

**तेल का व्यापार :** साल 2024-25 में भारत और रूस के बीच 68.7 अरब डॉलर का व्यापार हुआ था। इसमें सबसे ज्यादा फोकस में रहा तेल। यूक्रेन युद्ध शुरू होने के पहले तक देश की ज्यादातर तेल जरूरत मिडल ईस्ट से पूरी होती थी और तब रूस से केवल एक फीसदी क्रूड ऑयल ही आता था। आज यह हिस्सा एक तिहाई से ज्यादा है। मई में भारत ने रूस से हर दिन करीब 20 लाख बैरल तेल मंगाया था। इस व्यापार के पीछे साधारण-सा लॉजिक है, बचत।

**मजबूती से रखी जाये बात :** हर रिश्ते को मुनाफे में तौलने वाले ट्रंप भारत-रूस संबंधों को बहुत अच्छी तरह से जानते हैं। उनके दबाव बनाने के पीछे एक वजह ब्रिक्स भी है, जिसकी सक्रियता उन्हें पसंद नहीं आ रही। भारत को इस मामले में अमेरिका के सामने अपना पक्ष मजबूती से रखना चाहिए, जिसे पिछली बाइडन सरकार ने समझा भी था।

अभिमत
आजाद सिपाही

**मोटर वाहन अधिनियम 1988 के कानूनी आधार पर निर्मित इन दिशानिर्देशों का उद्देश्य ओला, उबर, रैपिडो जैसे ऐप-आधारित कैब एग्रीगेटर्स के संचालन को विनियमित करना है। इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि दिशानिर्देश संवैधानिक कार्यादेशों और न्यायिक निर्देशों के अनुरूप ड्राइवरों और यात्रियों दोनों को संतुलित लाभ प्रदान करने का प्रयास करते हैं। 2025 के दिशानिर्देशों का सबसे उल्लेखनीय पहलू है- ड्राइवरों के हितों की सुरक्षा।**

# मोटर वाहन एग्रीगेटर दिशा निर्देश



**अजय टम्टा**




**पिछले** कुछ सालों में लाखों ड्राइवर ऐप-आधारित टैक्सी सेवाओं से जुड़े हैं। क्योंकि इसमें उन्हें काम करने की आजादी, अनुकलता और तकनीकी सुविधा मिलती है। हालांकि बढ़ते कमीशन, अस्पष्ट नीतियों, मनमाने निलंबन और सुरक्षा के अभाव ने इस वादे को कई लोगों के लिए निराशा में बदल दिया। भारत भर में तीन मिलियन से अधिक गिग ड्राइवरों द्वारा अनुभव की गयी इन चुनौतियों ने व्यापक और लागू करने योग्य विनियमन की तत्काल आवश्यकता को रेखांकित किया। इसके जवाब में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व और श्री नितिन गडकरी के मार्गदर्शन में सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय (एमओआरटीएच) ने पहले ही मोटर वाहन अधिनियम, 1988 के अंतर्गत मोटर वाहन एग्रीगेटर दिशा निर्देश, 2020 जारी किये थे। इन दिशा निर्देशों ने राज्य सरकारों को एग्रीगेटर्स को लाइसेंस देने और उनकी निगरानी करने का अधिकार देते हुए एक नियामक ढांचा प्रदान किया, जिससे वाहन-परिचालन उद्योग के विकास को बढ़ावा मिला। ड्राइवरों और यात्रियों दोनों के लिए सुरक्षा, निष्पक्षता और जवाबदेही से जुड़ी चिंताओं को देखते हुए, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने अब मोटर वाहन एग्रीगेटर दिशा निर्देश, 2025 पेश किया है। यह भारत के डिजिटल मोबिलिटी इकोसिस्टम में संरचना, सुरक्षा और समावेशिता लाने के लिए एक प्रमुख नीतिगत अपडेट है। मोटर वाहन अधिनियम 1988 के कानूनी आधार पर निर्मित इन दिशानिर्देशों का उद्देश्य ओला, उबर, रैपिडो जैसे ऐप-आधारित कैब एग्रीगेटर्स के संचालन को विनियमित करना है। इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि दिशानिर्देश संवैधानिक कार्यादेशों और न्यायिक निर्देशों के अनुरूप ड्राइवरों और यात्रियों दोनों को संतुलित लाभ प्रदान करने का प्रयास करते हैं। 2025 के दिशानिर्देशों का सबसे उल्लेखनीय पहलू है- ड्राइवरों के हितों की सुरक्षा। अब तक एग्रीगेटर प्लेटफॉर्म से जुड़े ड्राइवर, अक्सर खुद को कम कमाई, मनमाने ढंग से कार्य से हटाना (ऑफ-बोर्डिंग), बीमा का न होना और अपर्याप्त कानूनी उपायों के साथ अनिश्चित परिस्थितियों के बीच काम करते थे। नये नियम दिशा निर्देश इन प्रणालीगत कमियों को दूर करने का प्रयास करते हैं।

**मोटर वाहन अधिनियम 1988 के कानूनी आधार पर निर्मित इन दिशानिर्देशों का उद्देश्य ओला, उबर, रैपिडो जैसे ऐप-आधारित कैब एग्रीगेटर्स के संचालन को विनियमित करना है।**

दिशा निर्देशों में एग्रीगेटर्स को राज्यों द्वारा अधिसूचित मूल किराये के आधार पर प्रति घंटे या न्यूनतम गारंटीकृत आय सुनिश्चित करने की आवश्यकता है। इसमें यह भी अनिवार्य किया गया है कि एग्रीगेटर और ड्राइवर के बीच किराया निपटान, आपसी सहमति से दैनिक, साप्ताहिक या पाक्षिक आधार पर किया जाना चाहिए। इस कदम से हजारों ड्राइवरों को खास कर आय-प्राप्ति वाले समय में, आय में होने वाले उतार-चढ़ाव से निजात मिलने की उम्मीद है। इसके अलावा, सरकार ने अब प्रत्येक एग्रीगेटर को कम से कम 5 लाख रुपये का स्वास्थ्य बीमा और 10 लाख रुपये का सावधि बीमा प्रदान करना अनिवार्य कर दिया है। उम्मीद है कि ये सुरक्षा उपाय गिग श्रमिकों को औपचारिक श्रम संरचनाओं के दायरे में लायेंगे। इसके अलावा नये दिशा निर्देश कमीशन में पारदर्शिता लाते हैं तथा एग्रीगेटर के हिस्से को अधिकांश मामलों में प्रत्येक किराये के 20% तक सीमित करते हैं। इससे यह सुनिश्चित होता है कि ड्राइवर अपनी आय का एक उचित हिस्सा रख सकेंगे। एग्रीगेटर्स को भुगतान कटौती, किराया विभाजन और जुर्माने के बारे में स्पष्ट और विस्तृत जानकारी भी प्रदान करनी होगी। दिशा निर्देशों में कहा गया है कि प्रत्येक एग्रीगेटर एक औपचारिक शिकायत निवारण प्रणाली की स्थापना करेगा, जहां यात्रा रद्दीकरण, भुगतान विवाद या निलंबन जैसे मुद्दों का समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से समाधान हो सके। ड्राइवरों को समय-समय पर प्रशिक्षण भी दिया जायेगा, जिसमें ऐप उपयोग, आपातकालीन प्रतिक्रिया, सड़क सुरक्षा, यातायात नियम, लैंगिक संवेदनशीलता, दिव्यांगजन जागरूकता, ग्राहक से बातचीत, डिजिटल साक्षरता आदि विषयों पर आधारित 40 घंटे का प्रशिक्षण कार्यक्रम शामिल होगा, ताकि वे भविष्य के यातायात से जुड़ी चुनौतियों के लिए बेहतर ढंग से तैयार हो सकें। यात्रियों के लिए भी ये दिशा निर्देश समान रूप से परिवर्तनकारी हैं। यात्रा सुरक्षा, डेटा गोपनीयता और किराए में हेरफेर से जुड़ी चिंताओं को ध्यान में रखते हुए नये दिशानिर्देश सुरक्षा उपाय लेकर आए हैं, जिनकी बहुत आवश्यकता थी।

एग्रीगेटर प्लेटफॉर्म पर सभी ड्राइवरों को अनिवार्य पुलिस सत्यापन, स्वास्थ्य जांच और व्यवहार प्रशिक्षण से गुजरना होगा। इसके अलावा, प्रत्येक वाहन में इन ऐप आपातकालीन बटन, जीपीएस-आधारित निगरानी और यात्राओं को साझा करने की सुविधाएँ होनी चाहिए, जो सभी यात्रियों, विशेषकर महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा को बढ़ाती हैं। राज्य की निगरानी में एग्रीगेटर्स द्वारा एक 24 गुणा 7 नियंत्रण कक्ष और हेल्पलाइन प्रणाली स्थापित की जानी चाहिए। यात्रियों के लिए एक और बड़ा लाभ किरायों और विशेष परिस्थितियों में किराये में वृद्धि (सर्ज प्राइसिंग) का नियमन है। दिशा निर्देशों में स्पष्ट सीमाएं निर्धारित की गयी हैंः राज्य की नीति के आधार पर किराये में वृद्धि की सीमा आधार किराए के 1.5 से 2 गुना तक सीमित की गयी है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि उच्च मांग के समय यात्रियों का शोषण न हो। इसके अलावा, प्लेटफॉर्म को किराये का विवरण पारदर्शी रूप से प्रदर्शित करना आवश्यक है, जिसमें आधार किराया, गतिशील शुल्क, एग्रीगेटर का हिस्सा और सरकारी कर शामिल हैं। महत्वपूर्ण रूप से दिशा निर्देश उपयोगकर्ताओं की गोपनीयता का भी ध्यान रखते हैं। एग्रीगेटर्स को भारत-स्थित सर्वरों पर उपयोगकर्ता डेटा का संग्रह करने और डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण अधिनियम सहित डेटा सुरक्षा रूपरेखा का पालन करने का निर्देश दिया गया है, ताकि डेटा का दुरुपयोग या लीक न होना सुनिश्चित हो सके और भारत की संप्रभु डेटा नीतियों के अनुसार इसे सुरक्षित रखा जा सके।

प्रधानमंत्री मोदी के विकसित भारत@2047 के विजन, जो समावेशी और सतत विकास पर जोर देता है तथा दिव्यांगजनों के सम्मान और स्वाभिमान को बनाये रखने के लिए उनकी अटूट प्रतिबद्धता के अनुरूप, दिशा निर्देश में इस बात को अनिवार्य किया गया है कि एग्रीगेटर बेड़े का एक हिस्सा दिव्यांगजनों के अनुकूल बनायें और कार्यबल में ड्राइवरों के रूप में दिव्यांगजनों का उचित प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करें। ऐसे वाहनों की संख्या राज्यों द्वारा स्थानीय जरूरतों और आवश्यकताओं के आधार पर निर्धारित की जायेगी। स्थायित्व के लिए एक बड़े प्रयास के तहत, एग्रीगेटर्स को अपने बेड़े में इलेक्ट्रिक मोबिलिटी, वैकल्पिक ईंधन या शून्य उत्सर्जन वाले वाहनों को शामिल करने की आवश्यकता है। संबंधित वायु नियामक निकाय वाहन-परिचालन प्लेटफार्मों के लिए राज्यवार इवी लक्ष्य निर्धारित करेंगे, तथा यह भारत के जलवायु और स्वच्छ वायु लक्ष्यों के अनुरूप है। दिल्ली की डीइवीआइ बसें जैसी सार्वजनिक परिवहन प्रणालियां इवी एकीकरण के उदाहरण हैं, जो पहले से ही मौजूद हैं। ये दिशा निर्देश राज्य के नीति निर्देशक सिद्धांतों, विशेष रूप से अनुच्छेद 39 के अनुरूप हैं, जो राज्य को निर्देश देता है कि गिग श्रमिकों सहित नागरिकों के लिए आजीविका के पर्याप्त साधनों की उपलब्धता सुनिश्चित की जानी चाहिए। इसके अतिरिक्त, संविधान के अनुच्छेद 21, जो जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता के अधिकार की गारंटी देता है, की न्यायालयों द्वारा की गयी व्याख्या में सुरक्षित कार्य वातावरण के अधिकार और सम्मान के साथ आवागमन के अधिकार को शामिल किया गया है। कई न्यायिक निर्णयों ने यात्रा वाहन परिचालन क्षेत्र में उचित नियमन की आवश्यकता पर बल दिया है। पीपुल्स यूनियन फॉर डेमोक्रेटिक राइट्स बनाम भारत संघ (1982) और ओल्गा टेलिस बनाम बॉम्बे नगर निगम (1985) में, सर्वोच्च न्यायालय ने अनुच्छेद 2 के एक अभिन्न अंग के रूप में आजीविका के अधिकार पर जोर दिया।

उबर इंडिया सिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड बनाम भारत संघ (2020) के मामले में, दिल्ली उच्च न्यायालय ने एग्रीगेटर के मूल्य निर्धारण और लाइसेंस प्रक्रिया को विनियमित करने के राज्य सरकारों के अधिकार को बरकरार रखा, जहां यह कहा गया कि उपभोक्ता हितों को पूरी तरह से बाजार-संचालित मूल्य निर्धारण मॉडल के ऊपर रखा जाना चाहिए। ये फैसले 2025 के दिशानिर्देशों के तहत गिग श्रमिकों को दी गई कई सुरक्षाओं के कानूनी आधार हैं। दिशानिर्देश मोटर वाहन एग्रीगेटर्स के लाभ और यात्रियों के हितों के बीच संतुलन बनाने का एक प्रयास है, साथ ही यह अक्सर उपेक्षित गिग श्रमिकों के अधिकारों को प्राथमिकता देता है।

**(लेखक : केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग राज्य मंत्री हैं।)**

## कोल्हान की खबरें

# बागबेड़ा जलापूर्ति योजना में विभागीय झूठ उजागर करने पर सांसद को भाजपा नेताओं ने दिया सम्मान

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** बागबेड़ा जलापूर्ति योजना में विभाग द्वारा झूठ फैलाने के मामले को संसद में प्रभावी ढंग से उठाने पर बागबेड़ा महानगर विकास समिति ने सांसद विद्युत वरण महतो का जोरदार स्वागत किया।गुरुवार को सांसद कार्यालय में समिति के अध्यक्ष सुबोध झा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल सांसद को अंग वस्त्र और गुलदस्ता भेंट कर अभिनंदन किया। इस अवसर पर समिति ने घोषणा की योजना पूरी होने पर सांसद को मुकुट पहनाकर विशेष सम्मान दिया जाएगा।सुबोध झा ने बताया केंद्र सरकार का जल जीवन मिशन के तहत बागबेड़ा जलापूर्ति योजनाओं के लिए 50.58 करोड़ और 1.88 करोड़ का फंड जारी किया। उसके बावजूद विभाग बार-बार झूठ बोलता रहा फंड नहीं मिला है। सांसद ने लोकसभा में मुद्दा उठाया और विभाग से जवाब भी मांगा, उसके बाद सच्चाई सामने आयी। इस अवसर पर सांसद ने कार्यकर्ताओं को टैंकर के जरिए जल आपूर्ति की व्यवस्था करने और स्थानीय ड्राइवरों को रोजगार देने का आश्वासन दिया। सम्मान समारोह के दौरान समिति के कई सदस्य व भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# स्वच्छता में जमशेदपुर को देश में तीसरा स्थान मिलने पर बधाई दी



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** स्वच्छता सर्वेक्षण 2024-25 में जमशेदपुर को राष्ट्रीय स्तर पर तीसरा स्थान और 5 स्टार रेटिंग मिलने पर शहरवासियों में खुशी की लहर है। यह सम्मान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के हाथों प्रदान किया गया। इस उपलब्धि पर भाजपा जमशेदपुर महानगर के पूर्व जिला अध्यक्ष दिनेश कुमार ने जेएनएसी, मानगो अधिसूचित क्षेत्र समिति, जिला प्रशासन, टाटा स्टील, टाटा स्टील यूटिलिटी सर्विसेज एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड, सफाईकर्मियों और जागरूक नागरिकों को बधाई दी। उन्होंने इसे सामूहिक प्रयास और जनभागीदारी की जीत बताया।

# सरायकेला में अवैध होर्डिंग-बैनर के खिलाफ नगर पंचायत की कार्रवाई

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**सरायकेला।** नगर पंचायत सरायकेला के शहरी क्षेत्रों में बिना अनुमति लगाए गए होर्डिंग और बैनरों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया गया। गुरुवार को प्रशासक शशि शेखर सुमन के निर्देश पर झारखंड नगरपालिका अधिनियम 2011 के तहत कार्रवाई की गयी। अभियान के दौरान चौक-चौराहों और सार्वजनिक स्थलों पर अवैध विज्ञापन सामग्री को हटाया गया। नगर प्रशासन ने स्पष्ट किया निकाय क्षेत्र में विज्ञापन के लिए पहले अनुमति लेना अनिवार्य है। लेकिन कुछ लोग नियमों की अनदेखी कर बैनर व होर्डिंग लगा देते हैं।जो पूरी तरह गैरकानूनी है।प्रशासक ने कहा यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।भविष्य में बिना अनुमति लगाये गये विज्ञापनों पर कड़ी कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने सभी संबंधित व्यक्तियों से आग्रह किया वे नगर पंचायत से विधिवत अनुमति लेकर ही प्रचार सामग्री लगाये। अन्यथा कानूनी कार्रवाई के लिए तैयार रहें।

# बिस्टुपुर रीगल मैदान को बचाने की मांग को लेकर कृतिवास मंडल ने दी जन आंदोलन की चेतावनी



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** आरटीआइ कार्यकर्ता संघ के केंद्रीय महासचिव एवं आजसू पार्टी के जिला सचिव कृतिवास मंडल ने बिस्टुपुर स्थित रीगल मैदान (गोपाल मैदान) में समाहरणालय भवन निर्माण की योजना का विरोध किया। उन्होंने डीसी कर्ण सत्यार्थी द्वारा इस ऐतिहासिक स्थल को समीक्षा सूची में शामिल किये जाने की कड़ी निंदा की। कृतिवास मंडल ने कहा कि रीगल मैदान न सिर्फ जमशेदपुर बल्कि पूरे झारखंड की सामाजिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक चेतना का केंद्र है। जहां गणतंत्र दिवस, स्वतंत्रता दिवस, टुसू मेला और अन्य महत्वपूर्ण आयोजन होते हैं। राज्य सरकार इस गौरवशाली स्थल को मिटाकर समाहरणालय भवन बनाना चाहती है जो जनभावनाओं के विरुद्ध है। उन्होंने राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और जिले के डोसी से मांग की रीगल मैदान का नाम समाहरणालय निर्माण की समीक्षा सूची से हटाया जाये, अन्यथा ग्रामीण और शहरी जनता मिलकर जन आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

# कांग्रेसियों ने हर्षोल्लास के साथ मनाया पूर्व स्वास्थ्य मंत्री का 53वां जन्मदिन



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** झारखंड सरकार के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता के 53वें जन्मदिन पर कांग्रेस नेता व कार्यकर्ताओं ने साकची गोलचक्कर के पास हर्षोल्लास के साथ केक कटिंग कर खुशियां मनायी। गुरुवार को आयोजित समारोह में कांग्रेस के जिला अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे ने केक काटकर कार्यकर्ताओं व राहगीरों के बीच वितरण किया। साथ ही कांग्रेसियों ने पूर्व मंत्री के जन्मदिन पर लोगों के बीच लड्डू का वितरण कर खुशियां साझा कीं। मौके पर साकची मंडल अध्यक्ष आशुतोष कुमार सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल रहे। सभी ने बन्ना गुप्ता की लंबी उम्र और निरंतर जनसेवा के लिए भगवान से प्रार्थना की।

# इंटर जेडीसी वाटर पोलो टूर्नामेंट 2025 में कोक प्लांट जेडीसी ने जीता खिताब

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के स्विमिंग पूल में टाटा स्टील स्पोर्ट्स डिपार्टमेंट और स्पोर्ट्स एडवाइजरी कमिटी द्वारा आयोजित इंटर जेडीसी वाटर पोलो टूर्नामेंट 2025 का समापन होगया। दो दिवसीय प्रतियोगिता में टाटा स्टील के विभिन्न विभागों की जेडीसी टीमों ने भाग लिया। मौके पर कोक प्लांट जेडीसी ने दमदार प्रदर्शन करते हुए विजेता ट्रॉफी पर कब्जा जमाया, जबकि इंजीनियरिंग सर्विसेज एंड ईकीयूएमएस जेडीसी उपविजेता बने और सीआरएम जेडीसी तीसरा स्थान हासिल किया। गुरुवार को पुरस्कार वितरण समारोह में हेड इंजीनियरिंग सर्विसेज विक्रम प्रताप त्रिपाठी, हेड स्पोर्ट्स हेमंत गुप्ता, टाटा वर्कर्स यूनियन के उपाध्यक्ष संजय सिंह सहित कई विभागों के प्रतिनिधि, अधिकारी और खेलप्रेमी मौजूद रहे। सभी ने खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन और आयोजन की सफलता का सराहना की। अधिकारियों ने कहा ऐसे आयोजन कर्मचारियों में टीम भावना, शारीरिक फिटनेस और मानसिक उत्साह को बढ़ावा देती हैं,इससे कर्मचारियों को कार्यस्थल पर सकारात्मक ऊर्जा मिलती है। आयोजन को सफल बनाने में अनन्या लिपि, विजय चौधरी, फिरोज और स्पोर्ट्स डिपार्टमेंट की पूरी टीम की भूमिका सराहनीय रही।

# चाकुलिया में वंदे भारत ट्रेन कोच फैक्ट्री की स्थापना जल्द

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** बहरागोड़ा के विधायक समीर मोहंती ने घोषणा की मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रयासों से चाकुलिया में वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन के डब्बे और चक्का निर्माण की अत्याधुनिक फैक्ट्री स्थापित होने जा रही है। उन्होंने इसे बहरागोड़ा विधानसभा क्षेत्र के लिए औद्योगिक क्रांति की शुरूआत बताया।मीडिया से बातचीत में विधायक श्री मोहंती ने बताया यह पूर्वी जोन की पहली रेल कोच मैन्युफैक्चरिंग यूनिट होगी, जहां भारतीय रेल की महत्वाकांक्षी परियोजना वंदे भारत एक्सप्रेस के कोच तैयार किए जायेंगे। उन्होंने कहा करीब 4000 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली फैक्ट्री से प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से 4000 लोगों को रोजगार मिलने की संभावना है।विधायक ने कहा अब तक कंपनी द्वारा 300 एकड़ भूमि का अधिग्रहण किया जा चुका है और आगे 400 एकड़ अतिरिक्त भूमि अधिग्रहित करने की योजना है। कुल 700 एकड़ क्षेत्र में यह परियोजना विकसित होगी। विधायक श्री मोहंती ने बताया इस परियोजना को मूर्त रूप देने के लिए अगले माह झारखंड सरकार और संबंधित कंपनी के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर किए जाएंगे।यह फैक्ट्री न केवल बहरागोड़ा विधानसभा क्षेत्र बल्कि पूरे पूर्वी सिंहभूम जिले के आर्थिक विकास, रोजगार सृजन और औद्योगिक पहचान को नई ऊंचाई प्रदान करेगी।

# वज्रपात से दो महिलाओं की मौत

**ईचागढ़ (आजाद सिपाही)।** सरायकेला-खरसावां जिले के ईचागढ़ थाना क्षेत्र में गुरुवार दोपहर तेज बारिश के साथ हुई वज्रपात से दो अलग अलग गांव में धान की रोपाई कर रहीं दो महिलाओं की दर्दनाक मौत हो गयी। पहली घटना छोटा चुनचुड़िया गांव में की है। जहां 33 वर्षीय मंगली महतो पर खेत में काम करते समय आकाशीय बिजली गिर गयी। वे मौके पर ही बेहोश होकर गिर पड़ीं और कुछ ही देर में दम तोड़ दिया। दूसरी घटना टीकर गांव की है। जहां 40 वर्षीय सारथी गोप की भी खेत में धान रोपाई करते समय बिजली गिरने से मौत हो गयी।

## सर्पदंश से दो मासूम बच्चों की मौत

धुरकी (आजाद सिपाही)। धुरकी प्रखंड के गनीयारी कला उर्फ फाटपानी के कोरवा टोला में नरेश भुईयां का 8 वर्ष पुत्र कृष्ण कुमार एवं टाटीदीरी गांव निवासी अखिलेश भुईयां का 12 वर्षीय पुत्री बिनु कुमारी की मृत्यु सर्प दंश से हो गया। ये दोनों बच्चे एक साथ जमीन पर सो रहे थे तभी दोनो को सर्प ने डस लिया और दोनों बच्चो की मौत हो गयी। बिनु कुमारी अपने मामा नरेश भुईयां के घर आयी थी। जिसकी सूचना पाकर विधायक प्रतिनिधि लक्ष्मण यादव एवं झामुमो युवा नेता धीरेंद्र कुमार यादव ने गनियारी कला उर्फ फाटपानी पहुंचे और परिजनों से मिल कर ढांढस बंधाया। झामुमो नेताओं ने परिजनों को समझा बुझा करके दोनों बच्चों का शव पोस्टमार्टम के लिए पुलिस को सौंपा, उसके बाद पोस्टमार्टम के लिए शव को गढ़वा हॉस्पिटल में भेज दिया गया है। मुखिया शंभू प्रसाद गुप्ता, रामजिवन यादव, कामेश्वर सिंह, भूखन राम, रामदास भुईयां आदि उपस्थित थे।

# बारिश के दबाव से बांकी नहर टूटी घरों में घुसा पानी, ग्रामीणों में दहशत

आजाद सिपाही संवाददाता



**कांडी।** लगातार हो रही बारिश के कारण बायीं बांकी नहर में पानी का दबाव अत्यधिक बढ़ गया। हालात बिगड़ते देख बुधवार रात्रि में जेसीबी से नहर को काटकर पानी का बहाव डायवर्ट किया गया, जिससे बड़ी क्षति होने से बचा लिया गया। नहर से जुड़ी चेचरिया की लिंक नहर को भी अस्थायी रूप से बंद किया गया और सुखनदी में बने पुल के एक्वागार्ड को तोड़कर पानी को नदी में छोड़ा गया। इसके बावजूद नहर का पानी भरतपहाड़ी गांव में ओवरफ्लो होकर लालजी राम, सुकन राम और अवधेश राम के घरों में घुस गया, जिससे ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। इधर औरईयां बांध टूटने से करीब 200 एकड़ में खेती प्रभावित होने की आशंका जतायी जा रही है। विधायक प्रतिनिधि अतीस कुमार सिंह ने कहा कि यह स्थिति नहर निर्माण में बरती गयी अनियमितताओं का परिणाम है। बांकी नहर में कई स्थानों पर अवरोध के चलते पानी का बहाव बाधित हो रहा है, जिससे पानी ग्रामीण इलाकों में घुस रहा है और कच्चे मकान गिरने की कगार पर हैं। विभागीय निर्देश पर पानी को जंगल की ओर मोड़ा गया है।

## पानी का हल्का दबाव भी नहीं झेल पाया नहर पुल



मझिआंव। बरडीहा प्रखंड के लेभरी गांव में जंघबोरवा नदी पर पानी पास करने के लिए एक वर्ष पूर्व बना नहर पुल पिछले दिनों टूट कर क्षतिग्रस्त हो गया है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि नहर निर्माण विभाग के संवेदक द्वारा नदी पर पुल निर्माण में तय मानक से कम मैटेरियल डालने एवं लापरवाही बरतने के कारण नहर पुल पानी का हल्का दबाव भी नहीं झेल पाया और क्षतिग्रस्त हो गया। इससे नहर निर्माण विभाग द्वारा बरडीहा प्रखंड में कराये गये निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर प्रश्नचिन्ह लग गया है। नहर पुल के क्षतिग्रस्त होने के कारण अब नहर के माध्यम से खेतों तक सिंचाई हेतु पानी नहीं पहुंच पायेगा। किसानों ने नहर निर्माण विभाग द्वारा कराये गये निर्माण कार्य की जांच करने की मांग उपायुक्त गढ़वा से की है।

## दो दिन की बारिश ने खोली सरकारी भवनों की पोल, प्रखंड कार्यालय की छत से टपक रहा पानी



कांडी (आजाद सिपाही)। क्षेत्र में बीते दो दिनों से हो रही लगातार बारिश ने सरकारी तंत्र की कार्यशैली और निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है। एक ओर जहां बारिश से गरीबों के कच्चे घरों की दीवारें दरकने लगी हैं, वहीं दूसरी ओर प्रखंड मुख्यालय स्थित प्रखंड कार्यालय की छत से हो रहा पानी का रिसाव प्रशासनिक लापरवाही की पोल खोल रहा है। बारिश के चलते प्रखंड कार्यालय के सभागार की ओर जाने वाली गली की छत से पानी टपक रहा है। हर मिनट गिरती पानी की बूंदें इस बात का संकेत दे रही हैं कि कार्यालय भवन की छत बेहद कमजोर हो चुकी है और किसी भी वक्त बड़ा हादसा हो सकता है। सबसे चिंताजनक बात यह है कि इस छत के नीचे से होकर रोजाना सैकड़ों ग्रामीण अपनी समस्याएं लेकर पहुंचते हैं, और प्रखंड के अधिकारी-कर्मचारी भी वहीं से होकर कार्यालय के सभागार कक्ष तक पहुंचते हैं। लेकिन हैरानी की बात यह है कि इतनी बड़ी समस्या के बावजूद अब तक किसी भी अधिकारी की नजर इस रिसाव पर नहीं पड़ी है या जानबूझ कर अनदेखी की जा रही है? यह स्थिति इस ओर भी इशारा करती है कि प्रखंड क्षेत्र में हो रहे निर्माण कार्यों में गुणवत्ता से कहीं अधिक दिखावा और खानापूर्ति को महत्व दिया जा रहा है।

## कांडी बाजार में 'तिवारी हार्डवेयर एवं सेनेटरी' का उद्घाटन



कांडी (आजाद सिपाही)। प्रखंड मुख्यालय स्थित कांडी बाजार में गुरुवार को एक नई दुकान 'तिवारी हार्डवेयर एवं सेनेटरी' का विधिवत उद्घाटन हुआ। दुकान के प्रोपराइटर विवेक तिवारी द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार और पूजा-पाठ के साथ शुभारंभ किया गया। पूजा का आयोजन आचार्य पंडित ओम प्रकाश मिश्रा के द्वारा कराया गया। इस मौके पर स्थानीय लोगों की उपस्थिति भी देखने को मिली। 'तिवारी हार्डवेयर एवं सेनेटरी' में पानी टंकी, समरसेबल, टाइल्स, मार्बल, पाइप सहित हार्डवेयर व सेनेटरी से जुड़ी सभी आवश्यक सामग्रियां एक ही छत के नीचे ग्राहकों को सुलभ दरों पर उपलब्ध होंगी।

# भारी बारिश में ढहा कच्चा मकान, परिवार बेघर

आजाद सिपाही संवाददाता



**भवनाथपुर।** लगातार हो रही बारिश ने अरसली उत्तरी पंचायत के झुमरी टोला निवासी मनोज प्रजापति के परिवार पर कहर बनकर टूटी। बीती रात तेज बारिश के दौरान उनका कच्चा मकान भरभराकर गिर गया। हालांकि गनीमत रही कि हादसे के वक्त मनोज प्रजापति, उनकी पत्नी, बेटी और बेटा घर के बाहर थे, जिससे बड़ी जनहानि टल गई।हालांकि मकान गिरने से उनकी पूरी गृहस्थी मलबे में दब गयी, जिससे परिवार को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। घटना के बाद पूरा परिवार एक छोटे से कमरे में रहने को विवश है। मनोज प्रजापति ने बताया कि वर्ष 2023 में भी इसी तरह बारिश के दौरान उनका कच्चा मकान गिर गया था। आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण वे अब तक नया मकान नहीं बना सके थे और उसी टूटे-फूटे मकान में किसी तरह परिवार के साथ गुजर-बसर कर रहे थे। उन्होंने प्रशासन से मुआवजा देने और रहने के लिए पक्का मकान उपलब्ध कराने की गुहार लगाई है।

# लगातार हो रही बारिश से खेती चौपट, किसान परेशान

आजाद सिपाही संवाददाता

**रंका।** अनुमंडल प्रखंड क्षेत्र में आषाढ़ मास से लेकर श्रावण मास आठ दिन बितने के बाद भी लगातार बारिश होने के चलते टंड़ीहंन खेती बुरी तरह चौपट हो गई वहीं अब यहां के किसानों को सिर्फ धान फसल पर ही आसरा रह गया है। टंड़ीहंन खेती टांड़ जमीन पर किया जाता है जैसे - मक्का, अरहर, मडुआ, बोदी, तील, ज्वार, बाजरा, उरद, बराई आदि फसलें बोआई करने के लिए सूखरूख भूमि और पानी बारिश नहीं होना चाहिए। किंतु इस वर्ष बारिश लगातार हो रही और उक्त फसलों की बोआई करते नहीं बन रही है। फलस्वरूप उक्त टंड़ीहंन फसलें इस वर्ष होने की उम्मीद नहीं है। जिससे 70 प्रतिशत किसानों में मायुषी छाई हुई है। गौरतलब है कि इस प्रखंड क्षेत्र में 70 प्रतिशत लघु, छोटे और मझोले किसानों की आबादी है जिनके पास सिर्फ टांड़ और कम रकबा भूमि है और मोटे अनाज ( मिलेट्स) पैदा करते हैं, वह भी इस वर्ष खत्म है जिससे ऐसे किसानों के समक्ष अतिवृष्टि के कारण भूखमरी की समस्या उत्पन्न हो गयी है। हालांकि ऐसे किसानों को सरकार के द्वारा लाभान्वित और प्रोत्साहित करने के लिए मोटे अनाज मक्का 10 क्विंटल और मडुआ 6 क्विंटल बीज का वितरण प्रखंड कृषि तकनीकी पदाधिकारी त्रिभुवन सिंह के नेतृत्व में रंका प्रखंड विकास पदाधिकारी शुभम बेला तोपनों के माध्यम से किया गया है।

## भाजपा नेता के निधन पर कांडी में शोक सभा का आयोजन



कांडी(आजाद सिपाही)। विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ भाजपा नेता सुशील कुमार चौबे उर्फ टिकैत चौबे का गुरुवार को आकस्मिक निधन हो गया। हृदय गति रुकने से उनका निधन हुआ, जिससे पूरे भाजपा संगठन में शोक की लहर दौड़ गयी। उनकी स्मृति में कांडी प्रखंड मुख्यालय स्थित भाजपा मंडल कार्यालय में मंडल अध्यक्ष शशिरंजन दुबे की अध्यक्षता में एक शोक सभा आयोजित की गयी। सभा में दो मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गयी एवं उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गयी। शोक सभा में शिवप्रसाद पांडेय, अमित पांडेय, सुरेश मिश्रा, कृष्णा राम, लखन ठाकुर, मोती यादव सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# अबुआ आवास योजना में लापरवाही पर 12 मुखिया से बीडीओ ने मांगा स्पष्टीकरण

आजाद सिपाही संवाददाता

**कांडी।** प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) राकेश सहाय ने प्रखंड के 12 पंचायतों के मुखियाओं से अबुआ आवास योजना (सत्र 2023-24) में लापरवाही और धीमी प्रगति को लेकर स्पष्टीकरण की मांग की है। बीडीओ ने इस संबंध में पत्र जारी कर स्पष्ट किया है कि कार्य में उदासीनता बर्दाश्त नहीं की जायेगी। बीडीओ ने पत्र में कड़े शब्दों में चेतावनी देते हुए कहा है कि यदि संतोषजनक जवाब नहीं मिला, तो संबंधित मुखियाओं की वित्तीय शक्ति जब्त करने की अनुशंसा की जा सकती है। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि जिनका प्रदर्शन सबसे खराब रहा है, उनमें से तीन मुखियाओं पर निश्चित रूप से कार्रवाई की जायेगी। स्पष्टीकरण पाने वाले मुखियाः चंदा देवी बलियारी पंचायत, पूजा कुमारी चटनियां पंचायत, राजेश्वर विश्वकर्मा डूमरसोता पंचायत, आरती देवी गड़ाखुर्द पंचायत, कौशल्या देवी घटहुआँ कला पंचायत, विजय राम कांडी पंचायत, अनुज कुमार सिंह हरिहरपुर पंचायत, अनिता देवी खुटहेरिया पंचायत, शशि कुमारी लमारी कला पंचायत, ललित बैठा राणा डीह पंचायत, सोनी देवी शिवपुर पंचायत, पुष्पा देवी पतरिया पंचायत बीडीओ ने कहा कि योजनाओं की धीमी रफ्तार आम जनता के हितों पर सीधा असर डाल रही है।

# अवैध क्लिनिक एचएच पाल के विरुद्ध कार्रवाई की मांग

आजाद सिपाही संवाददाता

**भवनाथपुर।** थाना क्षेत्र अंतर्गत अरसली बनखेता निवासी प्रहलाद साह ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) प्रभारी डॉ दिनेश सिंह को एक लिखित आवेदन सौंपकर ब्लॉक गेट के समीप संचालित हो रहे अवैध क्लिनिक एचएच पाल के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। प्रहलाद साह ने अपने आवेदन में आरोप लगाया है कि उन्होंने उक्त क्लिनिक में इलाज के दौरान हुए लापरवाही की वजह से गंभीर समस्या का सामना करना पड़ा। उन्होंने बताया कि क्लिनिक संचालक द्वारा दिए गए इंजेक्शन से उनके कमर में में गंभीर इन्फेक्शन हो गया, जिससे उन्हें असहनीय पीड़ा झेलनी पड़ रही है। और दूसरे डॉ के पास इलाज में लगभग पांच हजार रु खर्चा करना पड़ा। पीड़ित ने यह भी कहा कि अवैध रूप से संचालित इस क्लिनिक में बिना किसी पंजीकरण व योग्य चिकित्सक के नाम पर इलाज किया जा रहा है, जिससे आम जनता की जान से खिलवाड़ हो रहा है।

प्रहलाद साह ने अपने आवेदन में यह मांग की है कि मामले की गंभीरता को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग द्वारा अवैध क्लिनिक की जांच कर तत्काल उसे बंद कराया जाये, ताकि भविष्य में किसी अन्य मरीज को इस तरह की लापरवाही का शिकार न होना पड़े। वहीं सीएचसी प्रभारी डॉ दिनेश सिंह ने बताया कि शिकायत प्राप्त हुई है और इसकी जांच कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने आम लोगों से अपील की कि किसी भी तरह के इलाज के लिए सिर्फ पंजीकृत चिकित्सक व अधिकृत अस्पताल का ही सहारा लें ताकि इस प्रकार की दुर्घटनाओं से बचा जा सके। मिले आवेदन के आलोक में जांचों उपरांत करवाई की जायेगी।

## पीएलवी ने असहाय विक्षिप्त का कराया इलाज



रंका (आजाद सिपाही)। रंका अनुमंडल मुख्यालय निवासी भोटन राम के विक्षिप्त पुत्र जितेंद्र कुमार (30 वर्ष) की इलाज विश्रामपुर पंचायत के पीएवी राजेश कुमार चौधरी एवं मानपुर पंचायत के पीएलवी अमरेंद्र कुमार ने स्वयं उसे उठाकर एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रेफरल रंका लेजाकर इलाज कराने का सराहनीय कार्य किया है, जो एक मानवता का मिशाल है। भोटन राम एक अत्यंत गरीब असहाय व्यक्ति हैं जो किसी तरह मेहनत मजदूरी करके परिवार का जीविकोपार्जन करते हैं। इलाज करने वाले चिकित्सकों ने जितेंद्र कुमार को बेहतर इलाज हेतु रिम्स रांची ले जाने की सलाह दी है।

# डंडई के दो विद्यालयों का होगा उच्च वि. में उत्क्रमण

**विधायक अनंत प्रताप देव की पहल पर विभागीय स्तर पर प्रक्रिया हुई शुरू, ग्रामीणों की वर्षों की मांग होने जा रही है पूरी**

आजाद सिपाही संवाददाता




**डंडई।** प्रखंड मुख्यालय के राजकीयकृत मध्य विद्यालय डंडई व राजकीय मध्य विद्यालय रारो को उच्च विद्यालय में उत्क्रमण करने की दिशा में प्रशासनिक प्रक्रिया शुरू कर दी गयी है। जिससे डंडई और रारो गांव के ग्रामीणों में काफी हर्ष व्याप्त है। वर्षों से इन दोनों गांवों के लोगों द्वारा उच्च विद्यालय की मांग की जा रही थी, जो अब जाकर पूरी होती दिखाई दे रही है। बता दें कि प्रखंड मुख्यालय डंडई में आज तक एक भी सरकारी उच्च विद्यालय नहीं बन सका था। जिससे ग्रामीणों के द्वारा लगातार उच्च विद्यालय की मांग कर रहे थे। वहीं छात्र-छात्राओं को आठवीं कक्षा के बाद आगे की पढ़ाई के लिए करीब तीन किलो मीटर दूर लवाही जाना पड़ता था। उक्त मध्य विद्यालय को उत्क्रमण को लेकर शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने आवश्यक प्रस्ताव शीघ्र भेजने का निर्देश दिया है। विधायक अनंत प्रताप देव ने उक्त दोनों विद्यालयों के उच्च विद्यालय में उत्क्रमण को लेकर शिक्षा विभाग को अनुशंसा प्रेषित की थी। उन्होंने इस विषय को लेकर झारखंड विधानसभा में भी इस मामले को प्रमुखता से उठाया था। प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी को निर्देश दिया गया है कि वे विस्तृत जानकारी सहित प्रस्ताव जिला शिक्षा कार्यालय को शीघ्र उपलब्ध करायें। ग्रामीणों ने विधायक अनंत प्रताप देव को इस कार्य के लिए धन्यवाद दिया। ग्रामीणों का कहना है कि यह दोनों मध्य विद्यालय को पहले ही उच्च विद्यालय में उत्क्रमित हो जाना चाहिए था। लेकिन ग्रामीणों का लंबे समय का मांग पूरा हुआ। अब छात्र-छात्राओं को उच्च कक्षाओं के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा। शिक्षा में निरंतरता बनी रहेगी और अभिभावकों पर आर्थिक बोझ भी कम होगा।

### वरिष्ठ भाजपा नेता अलखनाथ पांडेय ने टिकैत चौबे को दी श्रद्धांजलि, कहा

# उनका जाना एक अपूरणीय क्षति

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा ।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता, प्रदेश र्यसमिति सदस्य एवं गढ़वा जिला के प्रसिद्ध शिक्षाविद् श्र अलखनाथ पाण्डेय ने विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी एवं लोकप्रिय जननेता स्व. सुशील कुमार चौबे उर्फ टिकैत चौबे जी के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। उन्होंने गुरुवार को पलामू जिला के केतात गांव पहुंचकर दिवंगत नेता के पार्थिव शरीर के अंतिम दर्शन किए और श्रद्धासुमन अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। उन्होंने उनके परिजनों से मिलकर संवेदना व्यक्त की और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।

अलखनाथ पांडेय ने कहा कि टिकैत चौबे जी एक कर्मठ जनसेवक, विनम्र और सादा जीवन जीने वाले व्यक्ति थे। उन्होंने अपने राजनीतिक जीवन में सदैव जनता के हित में कार्य किया। उनका असमय जाना पार्टी और समाज के लिए एक अपूरणीय क्षति है, जिसे भरना कठिन है। इस मौके पर भाजपा के कई वरिष्ठ नेता भी मौजूद रहे, जिनमें मुकेश निरंजन सिंहा, बिभाकर नारायण पांडेय, अनुज पांडेय, धनंजय तिवारी, प्रफुल्ल सिंह, संतोष चौबे, मनीष चौबे, सचिन चौबे सहित अन्य लोग शामिल थे। सभी ने स्व. चौबे जी के प्रति अपनी श्रद्धा प्रकट की और शोकसंतप्त परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं।

## परिपूर्णता शिविर में ग्रामीणों को भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना की जानकारी दी गयी



मेराल (आजाद सिपाही)। प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत चेचरिया पंचायत भवन में वित्तीय सेवा विभाग के निदेर्शानुसार, वित्तीय समावेशन योजना के तहत अग्रगती के सीएफएल कोऑर्डिनेटर के द्वारा झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक के बीसी (बिजनेस कॉरस्पॉन्डेंट) के साथ मिलकर शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में खाताधारकों को मौजूदा निष्क्रिय प्रधानमंत्री जनधन योजना खातों के लिए केवाईसी का पुनः सत्यापन प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के अंतर्गत बैंकिंग सुविधा से वयस्कों के लिए बैंक खाता खोलना, सामाजिक सुरक्षा योजना के तहत प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, अटल पेंशन योजना के तहत नामांकन और सभी खातों में नॉमिनी का नाम जुड़वाना की जानकारी दी गयी, जिसमे सीएफएल बैंक सखी उर्मिला कुमारी द्वारा बीमा फॉर्म आवेदन भरने में सहयोग की जिसमें पीएम एसबीवाई के 40 और पीएम जेजेबीवाई के 18 तथा एपीवाई के 10 पीएमजेडीवाई का खाता के लिए 18 आवेदन प्राप्त हुआ। इस शिविर में मुख्य रूप से उपस्थित अग्रणी बैंक गढ़वा के एलडीएम सत्यदेव कुमार रंजन, एफएलसी झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक गढ़वा के राजीव कुमार दुबे, क्षेत्रीय प्रबंधक निर्मल राज, जेएसएलपीएस के सीसी, सक्रिय महिला, सीएसपी संचालक त्रिपुरारी चौधरी, दशरथ पाल सहित दर्जनों लोग शामिल थे।

### उपायुक्त की अध्यक्षता में शहरी प्रबंधन और नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाने को लेकर बैठक हुई

# शहरी क्षेत्रों में अतिक्रमणमुक्ति अभियान चलाने और सौंदर्यीकरण करने का निर्देश

**शहर को स्वच्छ, सुंदर और सुव्यवस्थित बनाने के लिए पदाधिकारियों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं से लिये गये सुझाव**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** गढ़वा शहरी प्रबंधन एवं नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाने से संबंधित विचार विमर्श हेतु उपायुक्त दिनेश कुमार यादव की अध्यक्षता में समाहरणालय के सभाकक्ष में जिला स्तर के विभिन्न पदाधिकारियों एवं स्थानीय सामाजिक कार्यकताओं के साथ एक बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य शहरी क्षेत्र में व्याप्त अव्यवस्थाओं, अतिक्रमण, यातायात जाम की समस्या आदि से निबटने एवं शहरों का सौंदरीकरण करना था। इसे लेकर शहर के विभिन्न क्षेत्रों, चौक चौराहों, मुख्य सड़क एवं विभिन्न सार्वजनिक स्थानों को प्रेजेंटेशन के माध्यम से प्रस्तुत किया गया तथा आकलन करते हुए आवश्यक सुधार करने हेतु संबंधित पदाधिकारी को निर्देशित किया गया। शहर की अवस्थाओं यथा- ट्रैफिक जाम की समस्या, बिजली के खंभे, लटकते इलेक्ट्रिसिटी वायर, कचरा प्रबंधन आदि की स्थिति से अवगत होते हुए उपायुक्त श्री यादव द्वारा गढ़वा शहरी क्षेत्र में मुख्य सड़कों पर डिवाइडर का निर्माण और लाइटनिंग का कार्य शीघ्र पूरा करने हेतु सड़क निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि को निर्देशित किया गया। बैठक के दौरान उपस्थित लोगों द्वारा नगर भवन स्थित गोविंद हाई स्कूल के मैदान को अतिक्रमण मुक्त कराने, सड़कों पर आवारा पशुओं के विचरण पर रोक लगाने, शहरी क्षेत्र के नदियों को अतिक्रमण मुक्त कराने व साफ-सफाई कराने की बात कही गयी।

## जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न

गुरुवार को समाहरणालय सभागार में उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी दिनेश कुमार यादव की अध्यक्षता में जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में पुलिस अधीक्षक अमन कुमार, जिला परिवहन पदाधिकारी धीरज प्रकाश, कार्यपालक अभियंता पथ निर्माण विभाग प्रदीप कुमार, नगर परिषद व नगर पंचायत के पदाधिकारी, विधायक प्रतिनिधि सहित संबंधित विभागों के पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान उपायुक्त ने निर्देश दिया कि जिले में चिन्हित दुर्घटना संभावित स्थलों पर आवश्यक तकनीकी सुधार, संकेतक बोर्ड, स्पीड ब्रेकर एवं रोशनी की व्यवस्था शीघ्र सुनिश्चित की जाये। साथ ही स्कूली वाहनों की नियमित जांच, हेलमेट और सीट बेल्ट के उपयोग को लेकर सघन जांच अभियान चलाने पर भी बल दिया गया। यातायात नियमों के उल्लंघन पर कड़ी कार्रवाई की जायेगी।

**JharkhandBijliVitranNigamLimited**
**(CIN: U40108JH2013SGC001702)**
**Regd. Office:**EngineeringBuilding,H.E.C.,Dhurwa,Ranchi-834004,
**Contact No:** +91 9431709163
https://www.jbvnl.co.inEmail-cecr2018@gmail.com

**E-Tender Notice**

**NIT No. - 107/PR/JBVNL/2025-26**

E-tender for Selection of Consultancy Firm for Support in System Readiness activities and smooth functioning of Unified Billing System (UBS) with multiple Advanced Metering (AMI) / Smart Metering Infrastructure / Information Communication Technology (ICT) projects in JBVNL.

| Sl No | Details of Work | |
|---|---|---|
| 1 | Support in System Readiness activities and smooth functioning of Unified Billing System (UBS) with multiple Advanced Metering (AMI) / Smart Metering Infrastructure / Information Communication Technology (ICT) projects in JBVNL. | |
| 2 | Estimated Cost-Rs 3.77 Crores(all inclusive) | |
| 3 | Calendar of Events : | |
| i. | Date of Publication of NIT on website | 18.07.2025 at 15:00 Hrs |
| ii. | Last date to receive pre-bid queries | 21.07.2025 at 15:00 Hrs |
| iii. | Date and time of pre-bid meeting | 23.07.2025 at 15:00 Hrs |
| iv. | Start date and time for submission of bids | 18.07.2025 @ 17:00 Hrs |
| v. | Last Date / Time for receipt of bids (online) | 01.08.2025 @ 15:00 Hrs |
| vi. | Last Date / Time for receipt of offline documents in office of GM(Coml.) | 01.08.2025 @ 12:00 Hrs |
| vii. | Date and Time for Opening of Technical bid | 02.08.2025 @ 17:00 Hrs |

The tender documents with detailed conditions can be obtained through web site http://jharkhandtenders.gov.in and should upload all relevant documents as mentioned in the tender document only through online e-tender portal/website http://jharkhandtenders.gov.in

Save Energy, Save Earth

Sd/-
General Manager (Comml)

PR 357601 (Jharkhand Bijlee Vitran Nigam Ltd) 25-26 (D)

## बालू का अवैध खनन और परिवहन रोकें : उपायुक्त



आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ ताराचंद की अध्यक्षता में जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक समाहरणालय सभाकक्ष में आयोजित हुई। बैठक में जिला में बालू का अवैध खनन, उठाव व परिवहन रोके जाने का सख्त निर्देश सभी संबंधित अधिकारियों को दिया गया। उपायुक्त ने कहा कि एनजीटी के आदेशों का सख्ती से पालन किया जाये। इस अवधि में किसी भी क्षेत्र से अगर बालू के अवैध खनन, उठाव व परिवहन की सूचना मिलती है तो त्वरित गति से नियमानुसार कार्रवाई की जाये। साथ ही बालू घाटों पर नियमित रूप से छापेमारी भी की जाये। उपायुक्त ने सख्त निर्देश दिया है कि अवैध बालू का परिवहन पर उसके चालान की जांच आवश्यक रूप से करें। बैठक में बालू के अवैध खनन, उठाव और परिवहन के मामले में पिछले कुछ माह में किये गये एफआइआर और आर्थिक दंड पर चर्चा की गयी। खनन पदाधिकारी को लक्ष्य के अनुरूप राजस्व की उपलब्धि प्राप्त करने का निर्देश दिया गया। बैठक में पुलिस अधीक्षक सादिक अनवर रिजवी, अपर समाहर्ता जितेंद्र मुंडा, अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार, जिला परिवहन पदाधिकारी, सहायक खनन पदाधिकारी राजा राम प्रसाद, सभी अंचल अधिकारी, सभी थाना प्रभारी, हिंडाल्को इंडस्ट्रीज के प्रतिनिधि समेत अन्य उपस्थित थे।

# पंचायत उन्नति सूचकांक में लोहरदगा को प्रथम स्थान

**पंचायती राज विभाग के द्वारा आयोजित कार्यक्रम में लोहरदगा के उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत और जिप अध्यक्षा रीना कुमारी को सम्मानित किया गया।**




आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** पंचायती राज विभाग झारखंड सरकार के तत्वाधान में पंचायत उन्नति सूचकांक विषय पर राज्य स्तरीय प्रसार कार्यशाला का आयोजन होटल बी एन आर चाणक्या में किया गया। पंचायत उन्नति सूचकांक में बेहतर कार्य करते हुए लोहरदगा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इस उपलब्धि के लिए पंचायती राज विभाग के निदेशक बी राजेश्वरी ने जिले के उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत और जिला परिषद अध्यक्षा रीना कुमारी को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया है। इस अवसर पर उपायुक्त लोहरदगा डॉ ताराचंद ने जिले के सभी जनप्रतिनिधि, यहां के लोग और इस क्षेत्र में कार्य कर रहे सभी कर्मियों के टीम वर्क की सराहना करते हुए सभी को बधाई दिया है और कहा है कि आगे भी वे अन्य सूचकांकों में बेहतर कार्य करते हुए जिले के पंचायत को विकास की राह में ले जायेंगे।

वहीं उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने भी इस उपलब्धि के लिए अपनी टीम को बधाई दी है। बताते चलें कि सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) को स्थानीय स्तर पर कार्यान्वित करने और जमीनी स्तर पर शासन को सशक्त बनाने की दिशा में बड़े कदमों को उठाते हुए, पंचायती राज मंत्रालय ने पंचायत उन्नति सूचकांक (पीएआइ) जारी किया है, जो देश भर में 2 लाख 50 हजार से अधिक ग्राम पंचायती (जीपी) की प्रगति को मापने का परिवर्तनकारी उपकरण है। पीएआइ स्थानीयकृत एस डी जी (एलएसडीजी) के नौ विषयों में प्रदर्शन दर्शाता है। इनमें पंचायत में गरीबी मुक्त और बेहतर आजीविक, स्वस्थ पंचायत, बाल-अनुकूल पंचायत, जल-पर्याप्त पंचायत, स्वच्छ और हरित पंचायत, आत्मनिर्भर बुनियादी ढांचे वाली पंचायत, सामाजिक रूप से न्यायसंगत और सामाजिक रूप से सुरक्षित पंचायत, सुशासन युक्त पंचायत और महिला-अनुकूलित पंचायत शामिल हैं। ये विषय वैश्विक लक्ष्यों को ग्रामीण वास्तविकताओं के साथ जोड़ते हैं, जिससे स्थानीय सरकारों को सामग्र विकास के लिए अपनी नीति निर्धारित करने में मदद मिलती है। पंचायत उन्नति सूचकांक के जिलेवार आंकलन में लोहरदगा जिला 59.37 प्रतिशत स्कोर प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

## संवेदक समय सीमा के अंदर निर्माण कार्य को पूरा करें : प्रमुख



**सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित पशुपालन अस्पताल के समीप अंचल प्रशासन द्वारा भूमि उपलब्ध कराये जाने पर पंचायत समिति के 15 वें वित योजना अंतर्गत बाजार में दुकान कंपलेश का निर्माण के लिये गुरुवार को पहान साहावीर उरांव के द्वारा भूमि पूजन करने के पश्चात प्रमुख फूलझरी देवी, सांसद प्रतिनिधि नंदकिशोर शुक्ला, विधायक प्रतिनिधि वीरेंद्र उरांव, पंचायत समिति सदस्य सफरूदीन अंसारी,संवेदक रोहित साहु द्वारा फावड़ा चला कर संयुक्त रूप से शिलान्यास किया गया। प्रखंड मुख्यालय के समीप पंचायत समिति के 15 वें वोट योजना के तहत 20 लाख की लागत से मार्केट कमलपेक्स का निर्माण होना है। जिस पर प्रमुख फूलझरी देवी ने संवेदक को निर्देश देते हुए कहा कि ये कार्य पंचायत समिति के माध्यम से हो रहा है। मार्केट कमलपेक्स निर्माण का जो कार्य होगा उसे गुणवत्ता पूर्वक समय से कार्य को पूर्ण करायें दुकान भवन निर्माण होने से स्थानीय युवाओं को रोजगार का अवसर प्राप्त होगा। साथ ही कहा कि ग्रामीण जनता कूड़ा कचड़ा को न फेंके बरसात के दिनों में गंदगी का अंबार होने से बीमारी फैलेगी सामने पशुपालन अस्पताल है। साफ सफाई का ख्याल रखें वही सांसद प्रतिनिधि नंदकिशोर शुक्ला ने कहा कि जनता का काफी समय से मांग था .प्रखंड मुख्यालय स्थित चौक में मार्केट कमलपेक्स निर्माण का जो अब मांग पूर्ण होने की सम्भवना है। मार्केट कमलपेक्स बन जाने से रोजगार के लिये लोगों दुकान चलाने में काफी सुविधा होगी। साथ ही आने वाले समय मे और दुकान निर्माण कराने की बात कही गयी। मौके पर मिथलेश मिश्रा,अवध साहु,राजकुमार साहु, जोधनारायन साहु समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

## किसानों को फसल बीमा की दी गयी जानकारी



**सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में बीटीएम की अध्यक्षता में गुरुवार को किसान मित्रों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। आयोजित बैठक किसान मित्रों को बताया गया झारखंड सरकार कृषि एवं पशुपालन मंत्रालय के निर्देशानुसार सभी किसानों का फसल बीमा करना आवश्यक है। जिसके अनुसार फसल योजना, मिलेट मिशन योजना, डिजिटल क्रॉप सर्वे के बारे में सभी किसान मित्रों को विस्तृत जानकारी दी गयी। किसानों से बीमा के लिये प्रति प्लॉट 1 रुपये जमा कराया जाना है। मिलेट मिशन योजना के तहत सरकार की ओर से मडुवा लगाने वाले किसानों को प्रति एकड़ 3000 रू प्रोत्साहन राशि के रूप में भुगतान किया जायेगा। परंतु इस योजना का लाभ लेने के लिए किसानों को कम से कम 10 डिसमिल जमीन में मडुवा लगाना होगा। साथ ही आपदा से अन्य किसी तरह से किसानों का फसल नष्ट होता है तो सरकार की ओर से मुआवजा का लाभ पाने के लिये फसल बीमा से संबंधित अन्य तरह की जानकारियां दी गयी। मौके पर एटीएम सुमन कुमार,स्नेहलता पन्ना बीमा कर्ता एचडीएफसी बैंक के दवेंद्र कुमार के अलावे रंजीत यादव, सुनील महतो, संगीता कुमारी,एतवा उरांव, प्रकाश महतो समेत अन्य किसान मित्र उपस्थित थे।

# चंदवा में कई स्कूल बंद शिक्षा विभाग बेखबर : प्रमोद साहू



आजाद सिपाही संवाददाता

**चंदवा।** चंदवा झारखंड दैनिक मजदूर यूनियन के अध्यक्ष प्रमोद साहू एवं धनेश्वर तुरी के द्वारा बोदा पंचायत अंतर्गत ग्राम लुकुईया के दौरा के दौरान पाया कि उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय अंबा टोली वर्षों से बंद पड़ा है। देखने पर पता चला कि स्कूल का अपना भवन है। वहीं बगल में एक निर्माणाधीन बिल्डिंग ढलाई होकर फिनिशिंग के अभाव में बेकार पड़ा हुआ है। गांव के लोग अब बैल बकरी पढ़ने लगे हैं। गांव में लगभग 40 घर हैं।लोहार तुरी, गंझू एवं आदिवासी समुदाय के लोग यहां बस्ती हैं। जिनके बच्चे अब तीन किलोमीटर दूर लुकुईया स्कूल जाने पर मजबूर हैं। पूछने पर गांव वालों ने बताया कि यह स्कूल कोरोना काल से ही बंद पड़ा हुआ है। वहीं यूनियन के अध्यक्ष प्रमोद साहू में कहां की एक तरफ सरकार शिक्षा के नाम पर करोड़ों रुपए खर्च करती है। बेटी पढ़ाओ जैसे नारा देती है। वही ग्रामीण क्षेत्रों में स्कूल का अपना मकान और बिल्डिंग होने के बावजूद स्कूल बंद पड़े हैं। जिसका कोई खोज खबर लेने वाला नहीं है। स्थानीय सांसद और विधायक अब जनता की जरूरत को नजअंदाज कर रांची और दिल्ली में चैन की नींद सो रहे हैं। उन्होंने मीडिया के माध्यम से उपायुक्त लातेहार से स्कूल अभिलंब चालू करने का मांग किया मौके पर अजय लोहार बालमोहन तुरी धीरेंद्र गंझू सूरज लोहार बजरंग लोहार मोहन तुरी सहित दर्जनों महिलाएं उपस्थित थे।

# लक्ष्य के अनुरूप खाद्यान्न वितरण करें : डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता




**लातेहार।** लातेहार उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में आपूर्ति विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के सुचारू रूप से क्रियान्वयन को लेकर समाहरणालय सभागार में बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान उपायुक्त ने पूर्व की बैठक में दिये गये निर्देश के आलोक में किये गये कार्यों की जानकारी लेते हुए लक्ष्य के अनुरूप ससमय कार्यों को पूर्ण करने का निर्देश दिया। बैठक में धान अधिप्राप्ति योजना, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम अंतर्गत जून-जुलाई 2025 का राशन उठाव एवं वितरण, झारखंड खाद्य सुरक्षा योजना, नवीन राशन कार्ड वितरण, चना दाल वितरण, राशन कार्डधारियों का इ-केवाइसी, पीएमजीएस पोर्टल पर लंबित मामलों आदि की विस्तृत समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गये। उपायुक्त ने एनएफएसए के तहत जून और जुलाई में जिले में किये गये खाद्यान्न वितरण की जानकारी लेते हुए लक्ष्य के अनुरूप खाद्यान्न वितरण करने का निर्देश दिया। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि खाद्यान्न के उठाव एवं वितरण में लापरवाही बर्दाशत नही की जायेगी।

जिले में पीवीटीजी परिवारों को डाकिया योजना से दी जाने वाली राशन संबंधित समीक्षा क्रम में उपायुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिया कि पीवीटीजी परिवारों को ससमय शतप्रतिशत डाकिया योजना का लाभ मिले इसे सुनिश्चित करें। बीएसओ एवं डीएसओ लॉगिन में लंबित मामलों को अविलम्ब निष्पादित करने का निदेश दिया गया। नया राशनकार्ड, डीलर चेंज, डिलीट मेंबर एवं राशनकार्ड सरेन्डर वाले मामलों में भौतिक सत्यापन के बाद ही अग्रेतर कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। बैठक में जिला आपूर्ति पदाधिकारी रश्मि लकड़ा, जनसेवक, संबंधित उपस्थित थे।

## विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल ने ट्रांसफार्मर का किया उद्घाटन



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** विधानसभा अंतर्गत सदर प्रखंड के ग्राम जूरिया में लगा पूर्व में 25 केवीए का ट्रांसफार्मर अत्यधित कंजूमर होने के साथ विद्युत भार के कारण लगातार जल जा रही थी। जिससे विद्युत आपूर्ति बाधित हो रही थी। साथ ही विगत कुछ दिनों पूर्व 25केवी का भी ट्रांसफार्म जल गया जिसके समाधान के लिए जुरिया के ग्रामीण जनता के द्वारा विधायक लोहरदगा डॉ रामेश्वर उरांव को 25 केवीए को बदल के 63 केवीए का ट्रांसफार्म अधिक आबादी को देखते हुए लगाने के लिए आवेदन के मध्यम से अवगत कराया गया। जिसके समाधान के लिए विधायक डॉ रामेश्वर उरांव के द्वारा ग्रामीणों के समस्या के समाधान के लिए 25 केवीए को बदल के 63 केवीए ट्रांसफॉर्मर के लिए विद्युत अधीक्षण अभियंता विद्युत आपूर्ति विभाग गुमला से बात कर जिला विद्युत अभियंता के माध्यम से ग्राम जुरिया में 25 के जगह 63 केवीए का नया ट्रांसफॉर्मर लगाया गया, जिसका उद्घाटन विधायक डॉ रामेश्वर के प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल के द्वारा फीता काट कर किया। मौके पर निशीथ जायसवाल ने कहा कि विधायक महोदय के द्वारा लगातार जनता के समस्या के समाधान के लिए कार्य किया जा रहा है। सभी ब्लॉक पहुंच जनसंवाद कार्यक्रम के साथ अपने समस्याओं से अवगत हो रहे है एवं मौके पर उनका समाधान करने का प्रयास किया जा रहा है। साथ ही विधायक कार्यालय में प्राप्त आवेदनों को प्राथमिका के आधार से कार्य किया जा रहा है जनता अपनी समस्या रखे हम सभी समाधान करने का कार्य करेंगे। इस कार्य हेतु ग्रामीणों ने विधायक डॉ रामेश्वर उरांव एवं उनके प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल को आभार व्यक्त किये। मौके पर मुख्य रूप से राजा अंसारी, इमरोज अंसारी, दानिश अली, आशिफ कुरैशी, एरिक टोप्पो, हुजैफा अंसारी के साथ अन्य लोग भी उपस्थित थे।

# पार्टी नेता मदन साहू के निधन पर कांग्रेसियों ने जताया शोक

**रामेश्वर उरांव और धीरज प्रसाद साहू ने जताया शोक**

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** छत्तर बगीचा निवासी वरिष्ठ कांग्रेसी मदन साहू का आकस्मिक निधन हो गया। वे 77 वर्ष के थे। उनके निधन पर विधायक डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा कि वे कांग्रेस पार्टी के सच्चे सिपाही के साथ एक बेहतर समाज सेवी थे उनका आज असमय हमारे बीच से चले जाना सिर्फ हमारी पार्टी नहीं बल्कि पूरे लोहरदगा जिला और सभी समाज के लिए एक दुखद समाचार है। पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू ने कहा कि वे मिलनसार और हसमुख प्रवृत्ति के थे उनके निधन से आज सभी समुदाय को काफी क्षति हुई है इनका भरपाई करना मुश्किल है। आज इस दुख के घड़ी में हम सभी दुखित परिवार के साथ-साथ हैं। मौके पर जिला कांग्रेस कमेटी के ज़िलाध्यक्ष सुखैर भगत,कार्यकारी अध्यक्ष हाजी सकील अहमद, प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधियां डॉ अजय शाहदेव, जिला उपाध्यक्ष विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल,जिप अध्यक्ष रीना भगत,युवा अध्यक्ष विशाल डुंगडुंग, किसान प्रकोष्ठ अध्यक्ष अरशद अयूब,महिला कांग्रेस अध्यक्ष,सीमा परवीन,प्रदेश एनएसयूआइ अध्यक्ष विनय उरांव, सेवा दल शंभू प्रजापति, प्रभात भगत,हाजी अब्दुल जबरुल, संदीप मिश्रा,संदीप गुप्ता, उदय गुप्ता, सामुल अंसारी, हाजी सदरुल अहमद, ठाकुर प्रसाद, रवींद्र सिंह खेरवार सहित सभी कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शोक संवेदना व्यक्त किये।

## सड़क दुर्घटना में दो घायल, थाना के जवानों ने पहुंचाया अस्पताल

**गारु (आजाद सिपाही)।** गारू प्रखंड के बारेसाढ़ थाना अंतर्गत घटवरिया घाटी में सड़क दुर्घटना में दो युवक बालकिशुन उरांव (22) पिता कलेश्वर उरांव एवं करमचंद उरांव घायल हो गये। दोनों युवक कुजरूम ग्राम के निवासी थे जो कि कुजरुम से प्रखंड मुख्यालय गारू की ओर जा रहे थे। जिसमें एक युवक बालकिशुन उरांव गंभीर रूप से घायल है। युवक का बायां पर पूरी तरह टूट चुका है एवं उसे लगातार खून निकल रहा है। ग्रामीणों की सूचना पर बारेसाढ़ थाना के एएस आइ श्रीकांत मंडल, एसआइ कृष्णा गोडसोरा, मानकी देवगन, सतीश कुजूर, लाडले हसन घटनास्थल पर पहुंचकर घायलों को रेफरल अस्पताल गारू पहुंचाया, जहां से उन्हें बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल लातेहार भेज दिया गया। ग्रामीणों ने बतलाया कि पीछे से तेज गति से आ रही यात्री बस के कारण बाइक अनियंत्रित होकर बिजली के पोल से जा टकराया।

# डायट चिरी में जिला स्तरीय शिक्षक प्रशिक्षण शुरू

**50 विद्यालयों के शिक्षकों को मिलेगा मातृभाषा आधारित शिक्षण का प्रशिक्षण**

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** जिला शिक्षा कार्यालय के तत्वावधान में गुरुवार को डायट चिरी परिसर में पलाश-बहुभाषी शिक्षा के अंतर्गत जिला स्तरीय शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरूआत हुई। प्रशिक्षण दो बैचों में संचालित किया जा रहा है, जिसमें चयनित 50 विद्यालयों के शिक्षक भाग ले रहे हैं। प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन जिला शिक्षा अधीक्षक-सह-जिला शिक्षा पदाधिकारी अभिजीत कुमार, एपीओ तथा डाइट फैकल्टी द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। उद्घाटन सत्र में श्री कुमार ने उपस्थित शिक्षकों को राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा एवं फाउंडेशनल लिटरेसी एंड न्यूमेरसी के उद्देश्यों से अवगत कराते हुए पलाश कार्यक्रम की उपयोगिता पर विस्तार से चर्चा की।

उन्होंने कहा कि मातृभाषा आधारित बहुभाषी शिक्षा न केवल बच्चों की समझ और सीखने की गति को बढ़ाती है, बल्कि इससे शिक्षक भी अपने शैक्षणिक कौशल में निखार ला सकते हैं। साथ ही उन्होंने प्रशिक्षण के दौरान वितरित की जाने वाली पाठ्य सामग्री के प्रभावी उपयोग पर बल दिया और कहा कि इसका आकलन आगामी फील्ड विजिट में किया जाएगा। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन लैंग्वेज एंड लर्निंग फाउंडेशन के तकनीकी सहयोग से किया जा रहा है, जो पलाश कार्यक्रम को अकादमिक रूप से सशक्त बनाने में अहम भूमिका निभा रही है।

प्रशिक्षण में शामिल शिक्षकों ने भी इस अवसर को एक नई शिक्षण पद्धति सीखने के रूप में देखा और कार्यक्रम को अपने शैक्षणिक विकास के लिए उपयोगी बताया। गौरतलब है कि पलाश कार्यक्रम के माध्यम से मातृभाषा आधारित बहुभाषी शिक्षा की अवधारणा को जमीन पर उतारते हुए बच्चों के लिए सहज, सुलभ और प्रभावी शिक्षा सुनिश्चित की जा रही है, जिससे एफएलएन लक्ष्यों की प्राप्ति संभव हो सकेगी।

## भारी बारिश में विधवा का घर ढहा



**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** बरवाडीह प्रखंड के छेचा पंचायत अंतर्गत चपरी की रहने वाली विधवा महिला सविता देवी का घर बारिश में टूटकर पूरी तरह से ध्वस्त हो गया। जिस वक्त यह हादसा हुआ परिवार के सभी सदस्य दूसरे कमरे में थे। जिसके कारण परिवार के सभी सदस्य सुरक्षित हैं। परंतु इस घटना में घर के साथ घर की सामग्री को काफी नुकसान पहुंचा है। वहीं मामले की जानकारी मिलने के स्थानीय जिला परिषद सदस्य संतोषी शेखर ने मौके पर पहुंचकर पीड़ित परिवार से मुलाकात की और घटना की जानकारी लेते हुए पीड़ित परिवार को उचित सरकारी मदद दिलाने के साथ-साथ पूरे मामले को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी को सूचित करते हुए आवास योजना का आवंटन प्रखंड को प्राप्त होते ही विधवा, बारिश या आपदा के दौरान ध्वस्त हुए घर के पीड़ित जरूरतमंद परिवार को योजना के लाभ से जोड़ने की अपील की। जिला परिषद संतोषी शेखर ने बताया कि प्रखंड क्षेत्र के लगभग सभी पंचायत में बारिश के दौरान काफी संख्या में मिट्टी के घर ध्वस्त हुए हैं।जिनका सर्वे करा कर प्राथमिकता के अनुसार ग्राम सभा के माध्यम से आवास के लाभ से जोड़ा जाना अति आवश्यक है। वही दूसरी ओर प्रखंड विकास पदाधिकारी रेशमा रेखा मिंज आवास की प्रखंड समन्वयक दीपक कुमार को बारिश के दौरान क्षतिग्रस्त हुए घरों की सूची पंचायत स्तर से मंगवाने का निर्देश दिया है।

## ग्रामीणों ने 36 पशुओं को पकड़कर पुलिस को सौंपा, तस्कर फरार



**मनिका/ लातेहार (आजाद सिपाही)।** सेमरी गांव में ग्रामीणों ने तस्करी के लिए ले जा रहे 36 पशुओं को पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया। मौके पर ग्रामीणों ने बताया कि दिन बुधवार शाम 7 बजे 4 से 5 अज्ञात लोगों के द्वारा सेमरी गांव के मार्ग से होते हुए सभी पशुओं को लेकर पैदल लोहरदगा की ओर ले जा रहे थे। इसी क्रम में जब ग्रामीणों को कुछ गड़बड़ होने का संदेह हुआ तो उन्होंने पशु ले जा रहे लोगों से बात करने का प्रयास किया,लेकिन ग्रामीणों को आता देख पशु को ले जाने वाले सभी लोग दौड़कर भाग निकले,जिससे ग्रामीणों का संदेह यकीन में बदल गया कि सभी पशु तस्करी के लिए ले जाया जा रहा है,जिसके बाद ग्रामीणों के द्वारा सभी पशुओं को अपने कब्जे में ले लिया गया और मामले की जानकारी मनिका थाना को दी गई,जिसके तुरंत बाद मनिका थाना पुलिस की टीम उक्त स्थल पर पहुंची जहां पर ग्रामीणों ने सभी पशुओं को पुलिस के हवाले कर दिया। इन पशुओं में चार गाय,सात बछड़ा और 25 बैल प्रजाति शामिल है। वहीं पुलिस के द्वारा सभी पशुओं को जब्त करते हुए रात्रि में ग्रामीणों के देखरेख में चार दिवारी के अंदर सभी पशुओं को रखा गया था और सुबह होने के बाद मनिका पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी हुई थी।

# देवाकी बाबाधाम कांवर यात्रा के लिए प्रशासनिक अधिकारियों को मिला निमंत्रण

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** श्रावण मास की भक्ति में सराबोर लोहरदगा में एक बार फिर श्रद्धा, सेवा और समर्पण का संगम देखने को मिलेगा। मनोकामना सिद्धि दुर्गा मंदिर परिसर से देवाकी बाबाधाम तक प्रस्तावित कांवर यात्रा को लेकर कॉंवरिया संघ बरवाटोली ने तैयारियां तेज कर दी हैं। 28 जुलाई को सुबह 8 बजे बरवाटोली चौक से 30 किलोमीटर की यह भव्य कांवर यात्रा रवाना होगी। इस अवसर पर कांवरिया संघ के प्रतिनिधिमंडल ने जिले के प्रशासनिक अधिकारियों से भेंट कर उन्हें यात्रा के उद्घाटन में शामिल होने का निमंत्रण सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त डॉ ताराचंद, पुलिस अधीक्षक सादिक अनवर रिजवी, अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार, डीएसपी समीर कुमार तिर्की और एसडीपीओ श्रद्धा केरकेट्टा से शिष्टाचार मुलाकात की और उनसे कार्यक्रम में उपस्थित होकर कांवरियों का उत्साहवर्धन करने की अपील की। कांवरिया संघ की ओर से यह जानकारी भी दी गयी कि 24 जुलाई को श्रद्धालु सुल्तानगंज से गंगाजल लाने के लिए पिकअप वाहन से रवाना होंगे, जो बाद में कांवर यात्रा का हिस्सा बनेंगे। जलाभिषेक के लिए कांवरियों का जत्था बाबा धाम की ओर प्रस्थान करेगा। कांवरिया संघ के प्रेरक व आजीवन संरक्षक सुनील अग्रवाल ने कहा की देवाकी बाबाधाम तक की यह यात्रा सिर्फ धार्मिक आस्था नहीं, बल्कि एक सामाजिक समर्पण है। हम चाहते हैं कि जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी भी हमारे साथ चलें, ताकि जन-जन में श्रद्धा और सुरक्षा का संदेश जाए। शिष्टाचार भेंट में संघ के अध्यक्ष गौरव अग्रवाल उर्फ लड्डू, सचिव रोहन साहू, कोषाध्यक्ष शुभम अग्रवाल, प्रदीप साहू, रामकुमार, आशीष साहू एवं मीडिया प्रभारी राहुल कौशल उपस्थित थे।

# वरिष्ठ भाजपा नेता टिकैत चौबे पंचतत्व में विलीन

## अंतिम यात्रा में विभिन्न दलों के सैकड़ों लोग शामिल



श्रद्धांजलि अर्पित करते भाजपा के संगठन मंत्री कर्मवीर सिंह और अंतिम यात्रा में शामिल लोग।

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** वरिष्ठ भाजपा नेता सुशील कुमार चौबे उर्फ टिकैत चौबे गुरुवार को पंचतत्व में विलीन हो गये। उनका दाह संस्कार पैतृक गांव केतात स्थित मुक्तिधाम में किया गया। मुखाग्नि उनके बड़े पुत्र अशोक चौबे ने दी। टिकैत चौबे का निधन बुधवार को हृदय गति रुक जाने से हो गया था। वे अपने पीछे पांच पुत्री व दो पुत्र सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गये हैं। उनके छोटे पुत्र संतोष चौबे बिश्रामपुर प्रखंड के प्रमुख रह चुके हैं। अंतिम यात्रा में भाजपा के संगठन मंत्री कर्मवीर सिंह, झारखंड के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री रामचंद्र चंद्रवंशी, श्याम नारायण दुबे, भाजपा के प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह, गढ़वा के पूर्व विस प्रत्याशी अलखनाथ पांडेय, विभाकर नारायण पांडेय, प्रफुल्ल सिंह, धर्मदेव सिंह यादव, भाजपा जिलाध्यक्ष अमित तिवारी, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष नरेंद्र पांडेय, प्रेम सिंह, परशुराम ओझा, पूर्व विस प्रत्याशी कृष्ण कुमार मिश्रा उर्फ दाऊ मिश्रा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रामचंद्र यादव, झारखंड विकास पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष विकाश दुबे, कांग्रेस के प्रदेश सचिव विजय चौबे, वरीय जिला उपाध्यक्ष संतोष कुमार चौबे, जिला पार्षद विजय रविदास, पंकज कुमार लाल, मिथलेश पांडेय, धनंजय तिवारी, नंददेव यादव, राजन पांडेय, सूर्यदेव चौबे, रमोल शुक्ला, अनुज पांडेय, अरुण मिश्रा सहित विभिन्न दलों के कई नेता कार्यकर्ता सहित सैकड़ों की संख्या में स्थानीय लोग मौजूद थे।

### पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा ने किया शोक व्यक्त

प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा ने टिकैत चौबे के निधन पर शोक व्यक्त किया है। सोशल मीडिया पर अपने एकाउंट से उन्होंने टिकैत चौबे का फाइल फोटो शेयर करते हुये लिखा है कि उनके निधन से मुझे व्यक्तिगत व पार्टी को पलामू प्रमंडल में बड़ी क्षति हुई है।

### भाजपा के संस्थापक सदस्य थे टिकैत चौबे

टिकैत चौबे भाजपा से स्थापना काल से ही जुड़े थे। राम जन्मभूमि आंदोलन में काफी सक्रिय थे। भाजपा के टिकट पर उन्होंने 1990 में बिश्रामपुर - मझिआंव विधानसभा क्षेत्र से चुनाव भी लड़ा था। वे भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष भी रह चुके थे। राजनीत में उनकी छवि कड़क व ईमानदार नेता के रूप में थी। उन्होंने ता - जिंदगी मानवीय मूल्यों से कभी भी कोई समझौता नहीं किया।

## डीजीपी को पांकी विधानसभा और पलामू जिला के कुछ प्रशासनिक व्यवस्थाओं से रूद्र शुक्ला ने कराया अवगत



मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)। पांकी विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी सह कांग्रेस के प्रदेश कोऑर्डिनेटर प्रो विंग के रूद्र शुक्ला ने झारखण्ड के डीजीपी अनुराग गुप्ता से रांची मुख्यालय उनके कार्यालय में शिष्टाचार मुलाकात किया। मुलाकात के दौरान युवा नेता रूद्र शुक्ला ने पांकी विधान सभा क्षेत्र और पलामू जिला के वर्तमान प्रशासनिक व्यवस्था से संबंधित कुछ बातों से उन्हें अवगत कराया। साथ ही पांकी विधान के सुदूरवर्ती इलाको में अपराध पर पूर्णतः लगाम लग सके इन कुछ मूल विषयों पर चर्चा किया। रूद्र शुक्ला ने डीजीपी को पलामू आने का आग्रह भी किया। डीजीपी ने जल्द पलामू आने की बाते कही साथ ही इन बातों से अवगत होकर कहा कि पूरे पलामू जिला सहित पूरे राज्य में सुरक्षा व्यवस्था को और भी दुरुस्त और बेहतर किया जाएगा जिससे पूरे पलामू वासियों को प्रशासनिक व्यवस्था से सदैव हर तरह की प्रशासनिक सहायता मिलती रहे।

## बीज वितरण कार्यक्रम का आयोजन




मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)। ग्रासिम इंडस्ट्रीज लिमिटेड रेहला के संस्थान प्रमुख हितेंद्र अवस्थी के मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में ग्रासिम सीएसआर के द्वारा कृषि विकास कार्यक्रम के अंतर्गत विशुनपुर, रेहला स्थित प्रशिक्षण केंद्र में आसपास के किसानों हेतु एकदिवसीय कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम एवं बीज वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में बिरसा कृषि विश्वविद्यालय रांची के द्वारा संचालित चियांकी डाल्टनगंज स्थित क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्र के वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक प्रमोद कुमार के द्वारा किसानों को खरीफ फसलों के प्रबंधन, उनकी बुवाई, खरपतवार नियंत्रण,उर्वरक प्रबंधन,सिंचाई एवं उनसे जुड़ी विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत जानकारी दी गयी। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में कुल 63 महिला एवं पुरुष किसानों ने भाग लिया। कार्यक्रम में ग्रासिम, रेहला के जनसंपर्क प्रबंधक विकास कुमार, ग्रासिम सीएसआर के अनिल गिरि सहित जन सेवा ट्रस्ट के कार्यकर्ता गण, डॉ प्रेम प्रकाश पांडेय, मो. कैफ, आफताब अंसारी, मारुति नंदन त्रिपाठी सहित आसपास के विभिन्न लोग उपस्थित थे।

## सवारी ट्रेनों के शौचालय में पानी नहीं रहने से परेशान रहे यात्री

हैदरनगर(पलामू)। पूर्व मध्य रेलवे के डीडीयू रेलमंडल अंर्तगत बीडी रेलखंड पर परिचालित सभी सवारी ट्रेनों की हालात बद से बदत्तर बनी है। मेदिनीनगर से जपला स्टेशन तक की यात्रा कर रहे हैदरनगर के प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सह भाजपा के सक्रिय कार्यकर्ता बिमलेश सिंह व डॉ बलिराम मेहता शौच लगने पर विभिन्न बोगी के शौचालयों में गढ़वा रोड तक पानी ढूंढते रहे। पर कहीं भी पानी नहीं मिलने पर उन्हें कई यात्रियों की व्यंगबाजी भी सुनना पड़ा। यात्रियों ने कहा कि केंद्र की भाजपा की सरकार में पार्टी कार्यकर्ताओं को ही सुखद यात्रा का सुकून नहीं मिल सकता तो आम यात्री दुखड़ा कहा सुनाने जायेंगे।

## हैदरनगर एवं हुसैनाबाद में भाजपा के प्रदेश नेताओं का किया गया स्वागत



आजाद सिपाही संवाददाता

**हैदरनगर(पलामू)।** भजपा के चर्चित नेता सुशील कुमार चौबे उर्फ टिकैत चौबे के निधन पर झारखंड प्रदेश के कई शीर्ष नेताओं ने मृतक के घर पहुंचकर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की। प्रदेश भाजपा की टीम में कर्मदेव सिंह संगठन मंत्री, मनोज सिंह महामंत्री, पलामू जिलाध्यक्ष अमित तिवारी,

प्रदेश मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक, पूर्व सांसद प्रत्याशी सह अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रभात भुइंया आदि शामिल थे। उन्होंने मृतक के शोकाकुल परिवारों को ढांढस बंधाते हुए कहा कि इस संकट की घड़ी में समस्त परिजनों को धैर्य रखने की जरूरत है। इस दौर में भाजपा का समस्त परिवार उनके साथ है। इसके भाजपा की टीम हैदरनगर स्थित राजपूतान टोला में भाजपा कार्यकर्ता अनिल सिंह की माता के भोज कार्यक्रम में शामिल होकर मृतका के समस्त परिजनों का हौसला बढ़ाया। यहां से हुसैनाबाद अनुमंडल मुख्यालय स्थित भाजपा प्रदेश कार्यसमिति रविन्द्र कुमार सिंह के आवास पर इनका समूह के पहुंचते ही फूलमाला से जोरदार स्वागत किया गया। इस मौके पर पार्टी के सक्रिय नेता संतोष सिंह, अजय गुप्ता, राजेश कर्ण, पूर्व नगर अध्यक्ष रामेश्वर राम उर्फ छठन राम, हैदरनगर के सांसद प्रतिनिधि नरेंद्र कुमार सिंह, उदय विश्वकर्मा, मंडल अध्यक्ष प्रदीप सिंह आदि शामिल हैं।

## डाक जीवन बीमा के लिए मेला का आयोजन

हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। पलामू प्रमंडल अंतर्गत जपला मुख्य डाकघर के द्वारा शहर के महावीर जी भवन में डाक जीवन बीमा व ग्रामीण डाक जीवन बीमा के लिये डाक मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में रांची से पहुचे डाक जीवन बीमा के वरीय पदाधिकारी अमित कुमार ने हुसैनाबाद सब डिवीजन अन्तर्गत आने वाले जपला मुख्य डाकघर,जपला सीमेंट फैक्ट्री, हैदरनगर, मोहमदगंज,विश्रामपुर सहित 90 शाखा डाकघरों में कार्यरत सभी डाक कर्मियों को आगामी 25 जुलाई तक एक करोड रु प्रीमियम जमा कराने का लक्ष्य निर्धारित किया है । उन्होंने कहा कि डाक विभाग द्वारा पूरे देश मे डाक जीवन बीमा व ग्रामीण डाक जीवन बीमा के लिये एक अभियान चला रखा है जिसमे 25 जुलाई को लॉगिन कर प्रीमियम जमा करना है। उन्होंने बताया कि लक्ष्य निर्धारित करने वाले कर्मियों को इंसेंटिव व पुरस्कृत किया जायेगा। मौके पर अरविन्द कुमार ओझा, जपला मुख्य डाकघर के प्रभारी अभिषेक प्रभाकर जपला सी एफ के राजेश कुमार, हैदरनगर के विनोद चौधरी, मोहमदगंज के रत्नेश कुमार, विश्रामपुर के संतोष गुप्ता, अनिल ओझा, रवि कुमार, अमित कुमार सिंह पपू कुमार, सुधीर सिंह, धीरेंद्र, शशिकांत सहित बड़ी संख्या में डाककर्मी व अभिकर्ता उपस्थित थे।

## बिजलीकर्मी की मौत पर परिजनों ने सड़क जाम की

आजाद सिपाही संवाददाता

**देवघर।** नगर थाना क्षेत्र के रंगा मोड़ के पास गुरुवार को एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई, जब बिजली पोल पर काम कर रहे एक प्राइवेट विद्युत कर्मी को करंट लग गया। हादसे में युवक गंभीर रूप से झुलस गया। आनन-फानन में उसे इलाज के लिए कुंडा स्थित एक निजी क्लीनिक ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसे बेहतर इलाज के लिए एम्स देवघर रेफर कर दिया। बताया जा रहा है कि एंबुलेंस से एम्स ले जाने के क्रम में ही रास्ते में युवक की मौत हो गयी। मृतक की पहचान रिखिया थाना क्षेत्र के मल्हारा गांव निवासी मनोज राउत के रूप में हुई है।



घटना की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक के परिजनों और स्थानीय लोगों ने मुआवजे की मांग को लेकर बैद्यनाथपुर चौक को पूरी तरह से जाम कर दिया, जिससे सड़क पर आवागमन घंटों बाधित रहा। सूचना मिलते ही नगर थाना की पुलिस और प्रशासनिक पदाधिकारी मौके पर पहुंचे और लोगों को काफी समझा-बुझाकर जाम हटवाया। इस दौरान समाजसेवी सुनील खवाड़े भी मौके पर पहुंचे और मृतक के परिजनों को आर्थिक मदद के तौर पर पांच लाख रुपये देने की घोषणा की।

प्रशासन की ओर से परिजनों को हरसंभव सहायता देने का आश्वासन भी दिया गया। फिलहाल शव को पोस्टमार्टम के लिए देवघर सदर अस्पताल भेज दिया गया है, जहां शव को सुरक्षित रखा गया है। शुक्रवार को शव का पोस्टमार्टम कराया जायेगा। घटना के बाद से मृतक के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। स्थानीय लोगों ने मांग की है कि इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो इसके लिए ठोस कदम उठाये जाएं और निजी कंपनियों द्वारा बिना सुरक्षा मानकों के कराये जा रहे कामों की सख्ती से निगरानी की जाये। ग्रामीणों का कहना है कि मृतक मनोज राउत काफी मेहनती और जिम्मेदार युवक था, जो अपने परिवार की रोजी-रोटी के लिए प्राइवेट ठेकेदार के तहत बिजली पोल पर काम कर रहा था।

## श्रावणी मेला : साप्ताहिक प्रेस वार्ता में उपायुक्त ने कहा

# 11 से 16 जुलाई के बीच आठ लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं ने बाबा बैद्यनाथ का किया जलार्पण




**बाबा मंदिर से श्रावणी मेले के दौरान कुल 50,54,784.00 रुपये की आय प्राप्त हुई : उपायुक्त**

आजाद सिपाही संवाददाता

**देवघर।** विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला को लेकर गुरुवार को 11 जुलाई से लेकर 16 जुलाई तक का आंकड़ा जिला प्रशासन ने पेश किया है देवघर डीसी ने बताया कि इस बार सावन के शुरूआत से लेकर 16 जुलाई तक कुल 8 लाख 70 हजार 53 कावड़िया गर्भगृह में लगे अरघा और बाह्य अरघा के माध्यम से जल अर्पण किये हैं, वहीं बाबा मंदिर से 11 जुलाई से 15 जुलाई तक 50 लाख 54 हजार 784 रुपये प्राप्त हुए हैं, जिसमें सबसे अधिक शीघ्र दर्शन से 38 लाख 89 हजार 80 रुपये प्राप्त हुए हैं, वहीं मंदिर दान काउंटर से चांदी के सिक्के 10 ग्राम का 81 पीस बिक्री की गयी है। देवघर पहुंचने वाले विभिन्न राज्यों के वाहन से 37 लाख 5 हजार 725 रुपये शुल्क वसूला गया है, इसके अलावा पेड़ा, सिंदूर बर्तन, होटल, वैट और अन्य प्रतिष्ठानों से राज्य कर के रूप में 2 लाख 54 हजार लिए गये हैं, वहीं देवघर नगर निगम के द्वारा अंतर राज्य बस पड़ाव बाघमारा अस्थाई वाहन पड़ाव सहित अन्य चीजों से 40 लाख 13 हजार 500 शुल्क वसूला गया है। देवघर डीसी ने कहा कि कांवरियों की सुलभ जलार्पण और देवघर पहुंचने वाले कावरियों को किसी तरह की कोई परेशानी नहीं हो, इसके लिए लगातार जिला प्रशासन कटिबंध है। पेयजल शौचालय ठहरने का उत्तम प्रबंधन सहित अन्य मूलभूत सुविधाएं कावरियों के लिए दुरुस्त की गयी है।

### श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को लेकर सभी को सहयोग करने की आवश्यकता



देवघर। देवघर उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी नमन प्रियेश लकड़ा के निर्देशानुसार राजकीय श्रावणी मेले, 2025 के अवसर पर बाबा मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा को लेकर अनुमंडल पदाधिकारी सह बाबा मंदिर प्रभारी रवि कुमार की अगुवायी में मंदिर प्रांगण व आसपास के क्षेत्रों में अवैध तरीके से अतिक्रमण कर लगाये गए स्थायी व अस्थायी दुकानों को हटाया गया। साथ ही दुबारा अतिक्रमण कर दुकान लगाने पर कड़ी कार्रवाई की बात कही गयी। ज्ञात हो कि मंदिर के आसपास के क्षेत्रों में दुकानों के अतिक्रमण से श्रद्धालुओं को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ता है। ऐसे में श्रद्धालुओं की सुविधा व सुरक्षा को देखते हुए मंदिर के आसपास के क्षेत्रों को अतिक्रमण मुक्त कराया गया, ताकि बाबा बैद्यनाथ की नगरी देवघर आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

## भारी बारिश के कारण मिट्टी का मकान गिरा



सतबरवा/ पलामू (आजाद सिपाही)। सतबरवा प्रखंड के दुलसुलमा पंचायत अंतर्गत लांबा टोला में लालो देवी पति विश्वनाथ सिंह का कच्चा मकान बुधवार की भारी बारिश में भर भरा कर गिर गया। लालो देवी ने बताया कि मेरा पूरा मकान जर्जर है किसी तरह तिरपाल देकर हम लोग रह रहे हैं। बुधवार को तेज बारिश में मेरा घर अचानक भरभरा के गिर गया जिसमें मेरा नाती आकाश कुमार सिंह बाल बाल बचा। हमारे घर के आसपास सभी सभी लोगों को सरकारी आवास मिला है लेकिन हमें कोई आवास नहीं मिला है। हम सरकार से मांग करते हैं कि हमें सरकारी आवास दिया जाये।

## बारिश से ध्वस्त हुआ गरीब का आशियाना

मनातू (पलामू)। पलामू जिले सहित पूरे झारखंड में बीते कई दिनों से जारी मूसलाधार बारिश ने आम जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित कर दिया है। ऐसे ही एक घटना मनातू प्रखंड के चक पंचायत अंतर्गत चक गांव में सामने आई है, जहां गरीब परिवार का एकमात्र सहारा-उनका मिट्टी का घर-बारिश की वजह से पूरी तरह ध्वस्त हो गया। चक गांव निवासी सुरेश पासवान का कच्चा मकान बीते रात भारी बारिश के कारण अचानक धराशायी हो गया। मकान के मलबे में घर का सारा सामान और अनाज दब गया। सुरेश पासवान ने बताया कि अब उनके पास खाने के लिए कुछ भी नहीं बचा है और पूरा परिवार भूख की स्थिति में है। सुरेश पासवान ने यह भी आरोप लगाया कि आज तक उन्हें न प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ मिला और न ही राज्य सरकार की अबूआ आवास योजना का। पीड़ित परिवार ने जिले के वरीय अधिकारियों से हस्तक्षेप की मांग की है, ताकि उन्हें आवास और राहत सहायता मिल सके।

## इंसानियत की सेवा में लायंस क्लब मधुपुर यूनिटी का अनूठा उपहार





आजाद सिपाही संवाददाता

**देवघर।** मधुपुर लायंस क्लब इंटरनेशनल के नवनियुक्त अध्यक्ष लायन एपीसिंह के सम्मान में गुरुवार को मधुपुर में एक विशेष सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर लायंस क्लब मधुपुर यूनिटी द्वारा 'वन एक्टिविटी, वन प्रोग्राम' अभियान के तहत पीएम श्री तिलक कला विद्यालय, केला बागान में मासूम बच्चों के चेहरों पर मुस्कान बिखेरने वाला एक भावनात्मक दृश्य देखने को मिला। बारिश के मौसम को देखते हुए विद्यालय के छोटे-छोटे बच्चों के बीच रंग-बिरंगी छतरियों का वितरण किया गया, जो न केवल उन्हें बारिश से बचायेगी, बल्कि इस स्नेह भरे उपहार की याद उन्हें जीवन भर रहेगी। मौके पर विद्यालय की प्रधानाध्यापिका सुनीता कुमारी को लायंस क्लब के नये सदस्य के रूप में शामिल किया गया। क्लब के जोनल चेयरपर्सन शौकत नाज, अध्यक्ष अर्फी नाज, सचिव शीलू समद ने पौधा भेंट कर उन्हें क्लब की सदस्यता दिलायी, जो पर्यावरण और सामाजिक जिम्मेदारी का प्रतीक रहा। मौके पर क्लब के एडमिनिस्ट्रेटिव चेयरपर्सन प्रिंस समद, कोषाध्यक्ष राम झा, गुफरान जाफरी, राजेश कुमार, मयंक गुटगुटिया, मो. चांद समेत विद्यालय के सैकड़ों छात्र और दर्जनों शिक्षक उपस्थित थे। शौकत नाज ने कहा, कि यह हमारे लिए गर्व की बात है कि लायंस क्लब इंटरनेशनल के प्रेसिडेंट लायन अरविंदर पाल सिंह भारत से हैं और उनका झारखंड से भी विशेष जुड़ाव रहा है। नयी सदस्य सुनीता कुमारी ने भावुक स्वर में कहा, कि लायंस क्लब द्वारा बच्चों के लिए किया गया यह कार्य अत्यंत सराहनीय है। इस क्लब से जुड़कर मुझे बेहद गर्व महसूस हो रहा है और मैं समाज सेवा के हर क्षेत्र में सक्रिय योगदान दूंगी।

## बांग्ला श्रावण पर भव्य अनोखी विल्वपत्र की प्रदर्शनी

आजाद सिपाही संवाददाता

**देवघर।** बाबा मंदिर में चली आ रही लगभग 150 साल की परंपरा के अनुसार बेलपत्र प्रदर्शनी व बेलपत्र चढ़ाने की परंपरा प्राचीन है। श्रावण मास कृष्ण पक्ष सप्तमी तिथि पर पहले दिन की पहली गुरुवार पर विभिन्न दलों के द्वारा आकर्षक बेलपत्र प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इसमें सभी दलों द्वारा शाम 7:30 बजे बाबा व मां पार्वती पर बेलपत्र अर्पित कर पूजा अर्चना की। इसके साथ ही शाम 6 बजे से सभी दलों की ओर से अपने पहाडी विल्वपत्र को चांदी व स्टील के बर्तनों में फुलों से सजाकर शहर भ्रमण को निकला। इसके बाद दलों द्वारा अपने विल्वपत्र के साथ अपनी



गद्दी पर बैठ कर आकर्षक व अनोखी पहाड़ी विल्वपत्र की प्रदर्शित लगाया। इसमें काली मंदिर में जनरेल समाज व देवकृपा वन सम्राट बेलपत्र समाज, लक्ष्मी नारायण मंदिर में मसानी दल एक व मसानी दल दो एवं शांति अखाड़ा समाज, तारा मंदिर में बरनेल समाज, राम मंदिर में राजाराम बेलपत्र समाज, आनंद भैरव मंदिर में पंडित मनोकामना राधे श्याम बेलपत्र समाज के एक ओर दो दलों द्वारा आकर्षक एवं बाबा की त्रिनेत्र के समान अनोखे पहाड़ी बिल्वपत्र की प्रदर्शनी लगाई गयी।

# सुरक्षा, स्वच्छता और विनम्रता को श्रावणी मेले की मूल संवेदना बनायें : उपायुक्त



आजाद सिपाही संवाददाता

**देवघर।** देवघर उपायुक्त सह जिला दण्डाधिकारी नमन प्रियेश लकड़ा की अध्यक्षता में राजकीय श्रावणी मेला, 2025 के गतिविधियों, आपदा प्रबंधन, विधि व्यवस्था एवं सफल संचालन को लेकर की गयी तैयारियों की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान उपायुक्त ने मेला क्षेत्र में प्रतिनियुक्त वरीय दंडाधिकारी व पुलिस पदाधिकारी को सक्रिय होकर कार्य करने का निर्देश दिया। इसके अलावे बैठक के दौरान उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देशानुसार मेला में सुरक्षा, स्वच्छता एवं विन्रमता को श्रावणी मेला मेले की मूल संवेदना बनायें, ताकि देवतुल्य श्रद्धालु बाबा की नगरी देवघर से एक अच्छी अनुभूति प्राप्त कर अपने गंतव्य की ओर रवाना हो सके। उपायुक्त ने कहा कि मेला क्षेत्र में आपदा प्रबंधन एक महत्वपूर्ण पहलू है, भीड़भाड़, आग लगने, भीड़ प्रबंधन, आपातकालीन मार्गों की व्यवस्था, चिकित्सा सुविधाएं, और संचार प्रणाली पर को लेकर संबंधित अधिकारियों व पुलिस पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

### जिला स्तरीय नार्कोटिक्स समन्वय समिति की बैठक

मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)। पलामू डीसी समीरा एस की अध्यक्षता में गुरुवार को उपायुक्त कार्यालय कक्ष में आयोजित जिला स्तरीय नार्कोटिक्स समन्वय समिति की बैठक में नशे के खिलाफ चल रही गतिविधियों की गहन समीक्षा की गयी। बैठक में एनकोर्ड से जुड़े पदाधिकारियों ने भाग लिया और विभिन्न एजेंडों पर चर्चा की गयी। बैठक में उपायुक्त ने फूड सेफ्टी ऑफिसर को समय-समय पर खाद्य पदार्थों में मादक पदार्थों के मिलावट को लेकर औचक छापेमारी करने के निर्देश दिये। वहीं ड्रग इंस्पेक्टर द्वारा पिछले माह में किये गये कार्रवाई का प्रतिवेदन प्रस्तुत नहीं करने पर उपायुक्त ने नाराजगी प्रकट करते हुए कार्यप्रणाली में सुधार लाने की बात कही गयी।

## कल होगा भूमि विवादों के समाधान के लिए विशेष अंचल दिवस का आयोजन

**गुमला (आजाद सिपाही)।** उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित के निर्देशानुसार जिले में भूमि संबंधी समस्याओं के त्वरित समाधान एवं जनसुनवाई को प्रभावी बनाने की दिशा में प्रति शनिवार को अंचल दिवस का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में दिनांक 19 जुलाई 2025 (शनिवार) को अंचल कार्यालय, गुमला में अंचल दिवस के तहत विशेष जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। यह कार्यक्रम पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह्न 5:00 बजे तक आयोजित होगा, जिसमें उपायुक्त गुमला स्वयं उपस्थित रहकर लोगों की समस्याएं सुनेंगी और त्वरित निवारण हेतु आवश्यक निर्देश देंगी। इस जनसुनवाई कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य गुमला क्षेत्र के नागरिकों को भूमि विवादों से संबंधित समस्याओं को सीधे जिला प्रशासन के समक्ष प्रस्तुत करने का अवसर प्रदान करना है, ताकि उनके मामलों का निष्पक्ष, पारदर्शी एवं समयबद्ध समाधान किया जा सके। जिला प्रशासन गुमला की ओर से सभी स्थानीय नागरिकों से अपील की जाती है कि जिनकी भूमि संबंधित कोई भी समस्या हो, वे इस जनसुनवाई कार्यक्रम में अनिवार्य रूप से भाग लें एवं अपने अभिलेखों के साथ समय पर उपस्थित होकर अपनी बात रखें। यह एक महत्वपूर्ण अवसर है जिसमें प्रशासनिक स्तर पर आपकी बातों को प्राथमिकता के आधार पर सुना जायेगा एवं समाधान की दिशा में ठोस पहल की जायेगी। यह कार्यक्रम उपायुक्त गुमला के विशेष निर्देश पर आयोजित किया जा रहा है, ताकि भूमि विवादों का स्थायी समाधान सुनिश्चित किया जा सके एवं नागरिकों को न्याय सुलभ हो सके।

## अलग-अलग घटना में सर्पदंश ने चार घायल

**गुमला (आजाद सिपाही)।** जिले में लगातार सर्प दंश की घटनाएं सामने आ रही है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से सदर अस्पताल में सर्पदंश से घायल लोगों की चिकित्सा की विशेष व्यवस्था की गयी है। बुधवार की शाम 7 बजे तक सदर अस्पताल में सर्पदंश से घायल चार लोगों का इलाज चल रहा है। पहली घटना गुमला थाना क्षेत्र के इरो फटकपुर गांव की है जहां खेत में काम करने के दौरान धनेश्वर उरांव को एक सांप ने हाथ में काट लिया। धनेश्वर खेत में धान रोपने के लिए ट्रैक्टर से हर जोतवा रहा था। खेत गीला होने के बाद खेत को कुदाल से समतल कर रहा था। तभी मछली समझ कर एक सांप को पकड़ लिया। इसके बाद सांप उसके हाथ को काट लिया। दूसरी घटना गम्हरिया गांव की है जहां 10 वर्षीय मुनी उरांव मवेशियों के खाने के लिए घास काटने खेत गयी थी घास के बीच में छिपा एक सांप उसके पैर में काट लिया। इसके बाद सांप तेजी से बिल में घुस गया। तीसरी घटना घाघरा थाना क्षेत्र के सिक्वार अरंगी गांव की है जहां 48 वर्षीय मीरा देवी शौच के लिए खेत की ओर जा रही थी तभी अचानक एक सांप उसके पैर में लिपट गया। इसके बाद वह काटते हुए झाड़ी में जाकर छिप गया। चौथी घटना बसिया थाना क्षेत्र के केदली गांव की है जहां 31 वर्षीय कारू सिंह अपने घर के सामने खड़े थे तभी एक करेंत सांप पैर के नीचे आ गया इसके बाद सांप पैर को काट लिया। इसके बाद वह वहीं पर पड़ा रहा। घर वाले सांप को पकड़ कर एक डिब्बा में बंद कर दिये। सर्पदंश से सभी घायलों का सदर अस्पताल में इलाज चल रहा है।

## पहाड़ पनारी में क्षतिग्रस्त शहीद मुंडन सिंह की प्रतिमा मरम्मत, थाना प्रभारी ने किया सहयोग



**गुमला (आजाद सिपाही)।** सदर थाना क्षेत्र के पहाड़ पनारी गांव में शहीद मुंडन की आदमकद प्रतिमा को कुछ दिन पूर्व शरारती तत्वों ने छतिग्रस्त कर दिया था। मामले को लेकर ग्रामीण गुमला थाना में आवेदन भी दिए थे एसडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव के निर्देश पर थाना प्रभारी महेंद्र करमाली गांव पहुंचकर ग्रामीणों से मुलाकात की साथ ही क्षतिग्रस्त मूर्ति को दुरुस्त करने की बात कही थी। थाना प्रभारी के सहयोग से प्रतिमा को ठीक कर दिया गया। जिसको लेकर ग्रामीणों में काफी हर्ष है ग्रामीणों ने बताया मुंडन सिंह ने अंग्रेजों के विरुद्ध लड़ाई में अग्रणी भूमिका निभाई थी। लड़ाई में वे शहीद हो गए थे। गांव में उनकी आदमकद प्रतिमा लगाई गई थी। लेकिन शरारती तत्वों ने प्रतिमा को क्षतिग्रस्त कर दिया था। थाना प्रभारी के सहयोग से प्रतिमा को मरम्मत किया गया।

## रसोइया सह सहायिका को मिला प्रशिक्षण



**भरनो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के उतकर्मित हाई स्कूल तुरिअम्बा में गुरुवार को संकुल स्तरीय रसोइया सह सहायिका का एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिछक को भूमिका निभाते हुए बीपीओ सूरज टोप्पो, बीआरपी समीम एजाज, दयावंती द्वारा एमडीएम में साफ सफाई, मेनू आधारित एमडीएम बनवाने, रसोईया एप्रोन पहनकर एमडीएम बनाने की अनिवार्यता, पोषण वाटिका और आयरन की टेबलेट का वितरण के बारे विस्तार पूर्वक बताया गया। मौके पर स्कूल के एचएम बलबीर उरांव समेत कई लोग उपस्थित थे।

## अंतरराष्ट्रीय लायंस क्लब के नये अध्यक्ष के शपथ ग्रहण पर गुमला लायंस में खुशी की लहर



**गुमला (आजाद सिपाही)।** अंतरराष्ट्रीय लायंस क्लब के नये अध्यक्ष के रूप में लायंस एपी सिंह ने गुरुवार को ओरीणडो फलोरीडा अमेरिका में शपथ ग्रहण किया। जिलापाल संजय कुमार के अहवान पर लायंस परिवार ऐतिहासिक दिवस के रुप में मनाने का निर्णय लिया है। बता दें कि लायंस एपी सिंह झारखंड के पलामू के मूल वासी हैं। इस पर सूबे के लोगों को गर्व है। इस अवसर पर वन जिला वन एक्टिविटी के अंतर्गत गुरुवार को जल शुद्धी अभियान चलाया गया। जिस के अंतर्गत लगभग 25 कुआं में लायंस अध्यक्ष मुरली मनोहर प्रसाद के नेतृत्व में ब्लीचिंग पाउडर का घोल डाला गया तथा दूसरी एक्टिविटी के अंतर्गत संध्या 6:30 बजे से लायंस क्लब गुमला में एक नये सदस्य को सदस्य के रुप में लायंस भवन में शपथ दिलायी जायेगी। तत्पश्चात क्लब के सदस्यगण दीपक जलाकर आपस में उत्सव के रुप में खुशी का इजहार करेगें। प्रात: जल शुद्धी कार्यक्रम में लायंस क्लब अध्यक्ष लायंस मुरली मनोहर प्रसाद, सचिव लायंस योगेन्द्र प्रसाद साहु, पीआरओ लायन्स अशोक कुमार जायसवाल, कोषाध्यक्ष लायन्स गुलाब चन्द्र प्रसाद लायन्स क्लब के पूर्व अध्यक्ष महेश प्रसाद गुप्ता आदि मुख्य रुप से शामिल होकर आयोजित कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग प्रदान किया।

# विशेष शिविर में डीसी ने ग्रामीणों को समस्याओं के समाधान का दिया भरोसा

आजाद सिपाह संवाददाता



**गुमला।** बुधवार को उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित ने क्षेत्र भ्रमण के क्रम में विशुनपुर प्रखंड अंतर्गत पाट क्षेत्र स्थित गुरदरी पंचायत का दौरा किया। उपायुक्त के निर्देशानुसार पंचायत भवन में एक विशेष शिविर का आयोजन किया गया था, जिसमें स्वास्थ्य, आधार कार्ड, राशन, पेंशन, पोषण अभियान, केसीसी, मनरेगा सहित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित स्टॉल लगाये गये थे। संबंधित विभागों द्वारा मौके पर ही सेवा प्रदान करते हुए ग्रामीणों को योजनाओं से लाभान्वित किया गया।

मौके पर उपायुक्त ने ग्रामीणों से सीधे संवाद करते हुए उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने कहा कि आपकी उपायुक्त आज आपके बीच, आपकी समस्याएं सुनने और उनका समाधान करने आयी हैं। आप आवेदन में अपना नाम एवं पता स्पष्ट रूप से लिखें, ताकि समस्याओं के समाधान की प्रक्रिया में आपसे संपर्क स्थापित किया जा सके। उपायुक्त ने इस सुदूरवर्ती पीवीटीजी क्षेत्र में पहुंचकर यह सुनिश्चित किया कि नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। ग्रामीणों द्वारा आंगनवाड़ी केंद्र की सुविधा, माइनिंग क्षेत्र में स्थानीय रोजगार, आधार पंजीकरण में आ रही कठिनाइयों और जन्म प्रमाण पत्र निर्माण की मांग की गयी। इस पर उपायुक्त ने जानकारी दी की कि 22 से 25 जुलाई तक गुरदरी पंचायत भवन में विशेष आधार पंजीकरण शिविर का आयोजन किया जायेगा, जिसमें जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र की सेवा भी उपलब्ध रहेगी। उन्होंने यह भी आश्वस्त किया कि शिविर उपरांत यदि किसी का आधार नहीं बनता है तो वे सीधे उपायुक्त के कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं।

शिविर में बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। इस अवसर पर पेंशन योजना के अंतर्गत स्वीकृति पत्र वितरित किये गये।

इससे पूर्व उपायुक्त ने विशुनपुर प्रखंड के विभिन्न संस्थानों का भी दौरा किया। उन्होंने विशुनपुर स्वास्थ्य उपकेंद्र, वन धन विकास केंद्र, सीएचसी केंद्र, राजकीयकृत मध्य विद्यालय, आंगनवाड़ी केंद्र एवं निर्माणाधीन एमपीसी सेंटर, अमतीपानी का निरीक्षण किया। भ्रमण कार्यक्रम में उपायुक्त के साथ विशुनपुर के प्रखंड विकास पदाधिकारी सुलेमान मुंडारी, अंचल अधिकारी शेखर वर्मा, जेएसएलपीएस जिला प्रबंधक शैलेन्द्र कुमार, हिंडालको के ऑपरेशन हेड शत्रुजीत कुमार, सहायक महाप्रबंधक प्रदीप भालेकर, खान प्रबंधक योगेन्द्र लिलहरे, सीएसआर हेड नीरज कुमार तथा सीएसआर अधिकारी राकेश तिवारी एवं अनिल कुमार भी उपस्थित रहे।

## सदर अस्पताल परिसर में नहीं लगेगी दुकान और अनाधिकृत एम्बुलेंस



**गुमला (आजाद सिपाही)।** उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित के निर्देश पर सदर अस्पताल परिसर में लगने वाले दुकान और अनाधिकृत एंबुलेंस को हटाये जाने को लेकर एसडीओ राजीव नीरज, अंचल अधिकारी हरीश कुमार थाना प्रभारी महेंद्र करमाली गुरुवार की दोपहर सदर अस्पताल पहुंचे और सदर अस्पताल परिसर में सड़क के किनारे लगने वाले दुकानदारों को दुकान हटाने को लेकर सख्त हिदायत दी। आम नागरिक के शिकायत पर यह कार्रवाई की गयी है। सूचना थी कि सदर अस्पताल परिसर में लगने वाले दुकान में गांजा और शराब का सेवन किया जाता है। साथ ही सड़क किनारे दुकान लगने से आवागमन बाधित होती है। एसडीओ ने सदर अस्पताल परिसर में सड़क के किनारे लगने वाले एंबुलेंस की जानकारी भी ली। अस्पताल प्रबंधन ने बताया 8 एंबुलेंस सदर अस्पताल में कार्य करने के लिए अधिकृत है जबकि कई एंबुलेंस अनधिकृत रूप से सदर अस्पताल परिसर में खड़े रहते हैं। वहीं मरीजों से अधिक पैसे लेकर निजी अस्पतालों तक मरीजों को पहुंचाते हैं। सेकंड हैंड वाहनों को खरीद कर एम्बुलेंस बना लिया जाता है। सदर अस्पताल प्रबंधक को दुकानों को नहीं लगाने और एंबुलेंस को सड़क पर खड़ा नहीं करने को लेकर कार्रवाई के निर्देश दिये हैं। वही बताया कि अस्पताल परिसर में अनाधिकृत एम्बुलेंस खड़ा करने पर 500 जुर्माना वसूला जायेगा। वही बाइक चालकों को भी गलत तरीके से वाहन लगाने पर जुर्माने की राशि वसूली जायेगी।

## सिसई थाना रोड शिव मंदिर की मूर्ति क्षतिग्रस्त की आक्रोशित लोगों ने रांची-गुमला मुख्य मार्ग जाम किया

मदन साहू



**सिसई (आजाद सिपाही)।** थाना रोड शिव मंदिर में स्थापित मां दुर्गाजी की मूर्ति को तोड़ कर क्षतिग्रस्त कर दिया गया है। मूर्ति तोड़ने वाले उपद्रवी का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है। स्थानीय पुलिस जांच-पड़ताल कर रही है। आस पास के सी सी टीवी कैमरों को खंगाला जा रहा है।

मंदिर परिसर में रहने वाले फूल बेचने वाला उमेश कुमार मालाकार ने बताया कि सावन का महीना चल रहा है, इसलिए मंदिर का मुख्य द्वार दिनभर खुला रहता है। लोग पूजा करने के लिए आते रहते हैं। गुरुवार को भी मंदिर में दोपहर 1.30 बजे तक लोगों ने पूजा की। मैं अपने कमरे में टीवी देख रहा था और लगभग 3.45 बजे मंदिर का बाजा चालू करने के लिए मंदिर के अंदर गया, तो देखा कि दुर्गा मां की मूर्ति टूटी हुई थी और साथ दो तीन शिव लिंग भी टूट कर बिखरे पड़े थे। तब मैंने आसपास के लोगों को इसकी जानकारी दी। सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस प्रशासन, एसडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव, बीडीओ रमेश कुमार यादव, सीओ नितेश रोशन खलखो मंदिर में जांच के लिए पहुंचे।

वहीं स्थानीय लोगों द्वारा इस घटना से आक्रोशित होकर सिसई मेन रोड को टायर जलाकर एवं बैरिकेडिंग कर बाधित कर दिया गया है और शाम को सिसई की सभी दुकानों को बंद करा दिया गया है। स्थानीय लोगों ने मांग की है कि पुलिस प्रशासन उचित कार्रवाई करते हुए शीघ्र ही उपद्रवी को गिरफ्तार करे और कड़ी से कड़ी सजा दे। जब तक उपद्रवी नहीं पकड़ा जाता है, तब तक सड़क को बाधित रखा जायेगा। लोग नेशनल हाइवे को भी जाम करने पर अड़े हुए हैं। मौके पर हिंदू जागरण के झारखंड परावर्तन प्रमुख संजय वर्मा, मुकेश ताम्रकर, विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल सिसई इकाई के रोहित शर्मा, मुकेश श्रीवास्तव डेविड, उदय कुशवाहा, मदन साहू, कृष्ण कुमार साहू, ओज जयसवाल, छोटेलाल ताम्रकर, सौरभ ताम्रकर, छोटू ताम्रकर, तेजमोहन साहू, दिलीप गुप्ता माना गुप्ता, टुन्नु गुप्ता, सहित भारी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद थे।

## सिसई के होटलों में खाद्य सुरक्षा विभाग ने की छापेमारी, साफ-सफाई की कमी दिखी

आजाद सिपाही संवाददाता




**गुमला।** खाद्य सुरक्षा विभाग, गुमला द्वारा सिसई प्रखंड में एक विशेष जांच एवं निरीक्षण अभियान चलाया गया। इस अभियान का नेतृत्व खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी लव कुमार गुप्ता ने किया। उन्होंने तेल, चीनी और नमक का सेवन धीरे-धीरे कम करें तथा उच्च रक्तचाप, मधुमेह और हृदय रोग के जोखिम को कम करें जैसे बैनरों के माध्यम से प्रतिष्ठानों में जागरूकता फैलाई। अभियान के दौरान सिसई होटल, अमर होटल (थाना रोड), अंजलि स्वीट्स, मानवी फूड एंड रेस्टोरेंट, तथा महावीर रेस्टोरेंट (सिसई मेन रोड) का औचक निरीक्षण किया गया।

**सिसई होटल से डुप्लीकेट सॉस जब्त :** सिसई होटल से डुप्लीकेट सॉस जब्त किया गया और खोवा की ऑन द स्पॉट स्टार्च टेस्ट जांच की गयी। साफ-सफाई में लापरवाही तथा एफएसएसएआई एक्ट 2006 के उल्लंघन पर 2000 का अर्थदंड लगाया गया एवं स्पष्टीकरण की मांग की गयी। वहीं मानवी फूड एंड रेस्टोरेंट व महावीर रेस्टोरेंट को साफ-सफाई में सुधार हेतु स्पष्टीकरण नोटिस जारी किया गया। अमर होटल में पनीर व रसगुल्ला की स्टार्च टेस्ट जांच की गई, जो मानकों के अनुसार सही पाया गया। अंजलि स्वीट्स में पनीर की स्टार्च टेस्ट जांच की गयी, जो मानकों के अनुसार सही पाया गया।




# फ्रीस्टाइल चेस ग्रैंड स्लैम में प्रगनानंदा ने कार्लसन को 39 चालों में हराया

एजेंसी



**लास वेगास।** भारत के ग्रैंडमास्टर आर प्रगनानंदा ने लास वेगास में फ्रीस्टाइल चेस ग्रैंड स्लैम टूर में दुनिया के नंबर 1 मैग्नस कार्लसन को हरा दिया है। 19 साल प्रगनानंदा ने पांच बार के वर्ल्ड चैंपियन को केवल 39 चालों में मात दी। कार्लसन को प्रगनानंदा ने टूर्नामेंट के ग्रुप स्टेज के चौथे राउंड में हराया। इस टूनामेंट में हर खिलाड़ी को 10 मिनट का समय और हर चाल पर 10 सेकेंड अतिरिक्त मिलते हैं। नॉर्वे के ग्रैंडमास्टर कार्लसन को हाल ही में भारत के मौजूदा वर्ल्ड चैंपियन डी गुकेश भी लगातार दो बार हरा चुके हैं।

**प्रगनानंदा संयुक्त रूप से टॉप पर पहुंचे :** मैग्नस कार्लसन के खिलाफ चौथे राउंड में मिली जीत के साथ आर प्रगनानंदा 4.5 पॉइंट्स के साथ आठ खिलाड़ियों वाले टूर्नामेंट में संयुक्त रूप से टॉप पर पहुंच गये हैं। इस जीत के साथ प्रगनानंदा, कार्लसन को तीनों फॉर्मेट क्लासिकल, रैपिड और ब्लिट्ज में हराने में सफल रहे।

**चार में से तीन राउंड में जीत चुके हैं प्रगनानंदा :** प्रगनानंदा ने टूर्नामेंट की शुरूआत उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव के खिलाफ ड्रॉ खेलकर की थी। इसके बाद दूसरे राउंड में उनका सामना असाउबायेवा से हुआ था, जिसमें वह जीत हासिल करने में कामयाब रहे थे। प्रगनानंदा ने अपनी लय को बरकरार रखते हुए तीसरे राउंड में काले मोहरों से खेलते हुए कीमर को हराया।

झारखण्ड सरकार
कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग
जिला गव्य विकास कार्यालय, लातेहार।

"आवश्यक सूचना"

वित्तीय वर्ष 2025–26 में मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना अन्तर्गत निम्नलिखित गव्य विकास कार्यक्रमों के लिये इच्छुक ग्रामीण कृषकों/पशुपालकों को सूचित किया जाता है कि जिला गव्य विकास कार्यालय, लातेहार/संबंधित प्रखण्ड पशुपालन कार्यालय से निःशुल्क आवेदन पत्र प्राप्त कर पूर्णरूपेण भरे हुए संबंधित पंचायत स्तरीय समिति अथवा ग्राम सभा की अनुशंसा दोनों में से कोई द्वारा अनुशंसित की गई प्रति संलग्न कर अपने प्रखण्ड पशुपालन कार्यालय में दिनांक 15 अगस्त तक आमंत्रित किये जाते है।

| क्र० सं० | योजना का नाम | परियोजना लागत | अनुदान % | लाभुक वर्ग |
|---|---|---|---|---|
| 01 | दो दुधारू गाय/भैंस की योजना | 1,35,050. | 75% | सभी महिला लाभुकों के लिए। (आपदा/आगलगी से प्रभावित/सड़क दुर्घटना से प्रभावित/परित्यक्त/दिव्यांग महिलाओं को छोड़कर) |
| | | | 90% | आपदा/आगलगी से प्रभावित परिवारों की महिलाओं/सड़क दुर्घटना से प्रभावित की महिलाओं/परित्यक्त/दिव्यांग महिलाओं के लिए। |
| 02 | कामधेनु डेयरी फार्मिंग | | | |
| (क) | पाँच दुधारू गाय/भैंस की योजना | 3,37,625 | 50% | लघु डेयरी उद्यमियों/युवा शिक्षित बेरोजगारों/स्वंय सहायता समुह के सदस्यों/प्रगतिशील पशुपालकों को अनुदान–सह बैंक ऋण/लाभुक अंशदान अनु० जाति/अनु० जनजाति के लाभुकों/दुग्ध सहकारी समिति के लाभुकों के अतिरिक्त अन्य सभी लाभुकों के लिए। |
| | | | 75% | लघु डेयरी उद्यमियों/युवा शिक्षित बेरोजगारों/स्वंय सहायता समुह के सदस्यों/प्रगतिशील पशुपालकों को अनुदान–सह बैंक ऋण/लाभुक अंशदान अनु० जाति/अनु० जनजाति के लाभुकों/दुग्ध सहकारी समिति के लाभुकों के लिए। |
| (ख) | दस दुधारू गाय/भैंस की योजना | 6,75,250 | 50% | लघु डेयरी उद्यमियों/युवा शिक्षित बेरोजगारों/स्वंय सहायता समुह के सदस्यों/प्रगतिशील पशुपालकों को अनुदान–सह बैंक ऋण/लाभुक अंशदान अनु० जाति/अनु० जनजाति के लाभुकों/दुग्ध सहकारी समिति के लाभुकों के अतिरिक्त अन्य सभी लाभुकों के लिए। |
| | | | 75% | लघु डेयरी उद्यमियों/युवा शिक्षित बेरोजगारों/स्वंय सहायता समुह के सदस्यों/प्रगतिशील पशुपालकों को अनुदान–सह बैंक ऋण/लाभुक अंशदान अनु० जाति/अनु० जनजाति के लाभुकों/दुग्ध सहकारी समिति के लाभुकों के लिए। |
| 03 | चारा काटने का मशीन | | | |
| (क) | हस्त चालित चैफ कटर | 8,000 | 75% | लघु डेयरी उद्यमियों/युवा शिक्षित बेरोजगारों/स्वंय सहायता समुह के सदस्यों/प्रगतिशील पशुपालकों में अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों/दुग्ध सहकारी समिति के लाभुकों के अतिरिक्त अन्य सभी लाभुकों के लिए। |
| | | | 90% | लघु डेयरी उद्यमियों/युवा शिक्षित बेरोजगारों/स्वंय सहायता समुह के सदस्यों/प्रगतिशील पशुपालकों में अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों/दुग्ध सहकारी समिति के लाभुकों के लिए। |
| (ख) | विद्युत चालित चैफ कटर | 20,000 | 75% | लघु डेयरी उद्यमियों/युवा शिक्षित बेरोजगारों/स्वंय सहायता समुह के सदस्यों/प्रगतिशील पशुपालकों में अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों/दुग्ध सहकारी समिति के लाभुकों के अतिरिक्त अन्य सभी लाभुकों के लिए। |
| | | | 90% | लघु डेयरी उद्यमियों/युवा शिक्षित बेरोजगारों/स्वंय सहायता समुह के सदस्यों/प्रगतिशील पशुपालकों में अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों/दुग्ध सहकारी समिति के लाभुकों के लिए। |
| 04 | प्रगतिशील डेयरी कृषकों को सहायता योजना | | | |
| (क) | मिल्कींग मशीन | 1,20,000 | 75% | अनुसूचित जाति/जनजाति लाभुकों के अतिरिक्त अन्य सभी लाभुकों के लिए । |
| | | | 90% | अनुसूचित जाति/जनजाति लाभुकों/दुग्ध सहकारी समिति के लाभुकों के लिए। |
| (ख) | पनीर एवं खोआ मेकिंग यूनिट | 1,00,000 | 75% | अनुसूचित जाति/जनजाति लाभुकों के अतिरिक्त अन्य सभी लाभुकों के लिए। |
| | | | 90% | अनुसूचित जाति/जनजाति लाभुकों/दुग्ध सहकारी समिति के लाभुकों के लिए। |
| (ग) | वर्मी कम्पोस्ट यूनिट | 25,000 | 75% | अनुसूचित जाति/जनजाति लाभुकों के अतिरिक्त अन्य सभी लाभुकों के लिए। |
| | | | 90% | अनुसूचित जाति/जनजाति लाभुकों/दुग्ध सहकारी समिति के लाभुकों के लिए। |
| (घ) | डीप बोरिंग | 1,00,000 | 75% | अनुसूचित जाति/जनजाति लाभुकों के अतिरिक्त अन्य सभी लाभुकों के लिए। |
| | | | 90% | अनुसूचित जाति/जनजाति लाभुकों/दुग्ध सहकारी समिति के लाभुकों के लिए। |
| (च) | काउ मैट | 5,200 | 75% | अनुसूचित जाति/जनजाति लाभुकों के अतिरिक्त अन्य सभी लाभुकों के लिए। |
| | | | 90% | अनुसूचित जाति/जनजाति लाभुकों/दुग्ध सहकारी समिति के लाभुकों के लिए। |

चयन हेतु अहर्ताएं एवं प्रक्रियाः–

- इस योजना के अन्तर्गत लाभुकों का चयन पंचायत स्तरीय समिति अथवा ग्राम सभा की अनुशंसा दोनों में से कोई एक द्वारा अनुशंसा कराते हुए चयनित सूची पर प्रखण्ड स्तरीय समिति की अनुशंसा उपरान्त उपायुक्त की अध्यक्षता वाली गठित जिला स्तरीय समिति द्वारा अन्तिम रूप से लाभुकों का चयन किया जाएगा।
- वैसे लाभुक जिन्हे पूर्व में समान योजनाओं का लाभ राज्य सरकार अथवा केन्द्र सरकार द्वारा दिया गया हो, इस योजना के लाभ के पात्र नहीं होंगे।
- जिनके परिवार का एक भी सदस्य संस्थागत भूमि धारक/पूर्व अथवा वर्तमान संवैधानिक पद धारक/केन्द्र एवं राज्य सरकार/लोक उपक्रम/सरकारी स्वायतशासी संस्थाओं के कर्मी (मल्टी टास्किंग स्टाफ/वर्ग IV/समुह 'घ' के कर्मी को छोड़कर) रू०– 10000/– अथवा उससे अधिक पेंशनधारी/पिछले मूल्यांकन वर्ष में आयकर का भुगतान किया हो/पेशेवर संस्थाओं से निबंधित पेशेवर यथा चिकित्सक, अभियन्ता, वकील, चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट एवं आर्किटेक्ट वर्ग के होन की स्थिति में इस योजना के पात्र नहीं होंगे।
- दुधारू मवेशी वितरण योजना अन्तर्गत योजना का क्रियान्वयन अनुदान–सह–लाभुक अशंदान/बैंक ऋण पर किया जायेगा।
- दुधारू मवेशी वितरण योजना का क्रियान्वयन के क्रम में दुधारू मवेशी का क्रय 6 माह के अंतराल पर दो चरणों में किया जायेगा।
- दुधारू मवेशी वितरण कार्यक्रम अन्तर्गत पशु शेड का निर्माण मनरेगा अन्तर्गत उपलब्ध निधि के अभिसरण से किया जायेगा। वैसे चयनित पशुपालक जिनके पास मनरेगा कार्यक्रम अन्तर्गत शेड निर्मित है, की विस्तृत सूची संबंधित प्रखण्ड विकास दाधिकारी के द्वारा जिला गव्य विकास पदाधिकारी को उपलब्ध कराया जायेगा।
- लाभुक द्वारा दुधारू पशुओं का क्रय गव्य विकास निदेशालय से निबंधित/सूचीबद्ध पशु विक्रेता से किया जायेगा।
- हस्त चालित/विद्युत चालित चारा काटने की मशीन की योजना का लाभ गव्य विकास निदेशालय स्तर पर गठित क्रय समिति द्वारा निर्धारित गुणवता, मेक तथा विशिश्टियों के अनुरूप वास्तविक दर जो क्रय समिति के द्वारा विहित प्रक्रिया अपनाते हुए निर्धारित किया गया हो, अथवा राज्यादेश में उल्लेखित दर दोनों में जो कम होगा, उसके आधार पर क्रय उपरांत स्वीकृत अनुदान की राशि को उनके दावा विपत्र के आधार पर किया जायेगा।
- चारा काटने की मशीन की योजना के लाभुकों द्वारा हरा चारा उत्पादन किया जाना अनिवार्य होगा।
- प्रगतिशील डेयरी कृषकों को सहायता की योजना अन्तर्गत स्वीकृत अनुदान राशि का भुगतान गव्य विकास निदेशालय स्तर पर गठित क्रय समिति द्वारा निर्धारित गुणवता, मेक तथा विशिष्टियों के अनुरूप वास्तविक दर जो क्रय समिति के द्वारा विहित प्रक्रिया अपनाते हुए निर्धारित किया गया हो, अथवा राज्यादेश में उल्लेखित दर दोनों में जो कम होगा, उसके आधार पर क्रय उपरांत स्वीकृत अनुदान की राशि को उनके दावा विपत्र के आधार पर किया जायेगा।
- वर्मी कम्पोस्ट यूनिट एवं डीप बोरिंग आदि हेतु सक्षम स्तर से तकनीकी स्वीकृत प्राप्त प्राक्कलित राशि अथवा योजना के अनुमानित लागत दोनों में से जो कम हो के आधार पर अनुदान राशि लाभुकों को उनके दावा विपत्र के आधार पर भुगतान किया जायेगा।
- मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत अंतिम रूप से चयनित होने के उपरान्त लाभुको को भी अपना अशंदान Escrow Account में 01 माह के अन्दर जमा करना अनिवार्य होगा। अन्यथा उनके स्थान पर प्रतीक्षा सूची से लाभुकों का चयन किया जायेगा।
- लाभुकों को अनुदान राशि का भुगतान बैंक खातों में DBT के माध्यम से झारखण्ड कोशागार संहिता 2016 के आलोक में किया जायेगा।

**नोटः– आवेदन पत्र के साथ आवेदक का आधार कार्ड, बैंक खाता (बैंक ऑफ महाराष्ट्र, लातेहार, आई०डी०बी०आई०, लातेहार एवं इंडियन ओवरसीज बैंक, लातेहार तीनों में से कोई एक), जमीन का रसीद (जहां योजना कार्यान्वित की जानी हो), वोटर कार्ड, जाति/दिव्यांग/आपदा/आगलगी से प्रभावित/सड़क दुर्घटना से प्रभावित/परित्यक्ता/गव्य प्रशिक्षण आदि से संबंधित प्रमाण पत्र एवं ग्राम सभा की अनुशंसित छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है। विशेष जानकारी के लिए जिला गव्य विकास कार्यालय, लातेहार से कार्यालय अवधि में स्वंय आकर सम्पर्क कर सकते है। वित्तीय वर्ष 2025–26 में राज्यादेश प्राप्त होने के फलस्वरूप निहित प्रावधान के अनुरूप योजना के क्रियान्वयन नियमानुसार की जायेगी।**

जिला गव्य विकास पदाधिकारी,
लातेहार।

PR 357523 (Animal Husbandry) 25-26 (D)

## बोकारो महिला समिति ने 'सावन मिलन' समारोह का किया आयोजन



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** महिला समिति,बोकारो की सदस्याओं के द्वारा बोकारो क्लब में सावन मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इसमें समिति की मेंबर्स हरे परिधान में सजी धजी नजर आयी। आयोजन का शुभारंभ अध्यक्ष अनिता तिवारी के आगमन से हुआ। सभी सदस्याओं ने तन्मयता से अतिथियों का स्वागत किया। सांस्कृतिक सचिव श्रीमती श्वेता कुमार के नेतृत्व में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति की गयी जिसमें सावन के उपलक्ष्य में कविताएं, गीत और नृत्य प्रस्तुत किए गये इस अवसर पर 'सावन क्वीन' का भी सर्वसहमति से चुनाव हुआ तथा सुंदर मेंहदी, आकर्षक केश विन्यास वाली सदस्याओं को भी पुरस्कृत किया गया। विभिन्न प्रकार के मनोरंजक खेल तथा आयोजनों से कार्यक्रम सुसज्जित रहा। सावन का झूला सजाया गया, नयी सदस्याओं का स्वागत किया गया, सावन के गीत गाये गये तथा स्वल्पाहार की व्यवस्था की गयी। इस भव्य समारोह का आयोजन सचिव ऋचा प्रियदर्शिनी की कुशल देखरेख में संपन्न हुआ। महिला समिति के इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य आपसी सौहार्द और प्रेम को बढ़ाना तथा साथ ही महिलाओं में समाज सेवा के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना एवं उन्हें इस नेक कार्य के लिए प्रोत्साहित करना था। इस अवसर पर समिति की उपाध्यक्षागण मोनिका रंगानी, इति रथ, देवजानी मिश्रा, अल्का मनवटी, अंजू सिंह, कोषाध्यक्ष अभिरुचि प्रिया, उप कोषाध्यक्ष अंजली तिवारी,सुरभि प्रभारी अनिशा झा, विद्यालय प्रभारी नीतू सुनीत व आशा राज,सिलाई और सैनिटरी प्रभारी प्रीति राजेश, समिता मोहंती, कल्पना वर्मा, यामिनी श्री तथा नव चयनित सदस्या रूपांशी श्रीवास्तव ने अपना बहुमूल्य सहयोग दिया। सावन महोत्सव 2025 में सावन क्वीन श्रद्धा, फर्स्ट रनर्स अप अन्नपूर्णा कुमार, सेकंड रनर्स अप संध्या राज को चुना गया एवं मेंहदी के लिए चंदना को प्रथम पुरस्कार तथा रूपाली को द्वितीय तथा केश विन्यास के लिए सुष्मिता मार्डी और सावन स्पेशल पुरस्कार के लिए आशी सिंह को अध्यक्ष, महिला समिति अनिता तिवारी के द्वारा सम्मानित किया गया।

## भाकपा माले ने जून, जुलाई और अगस्त माह के राशन का वितरण सुनिश्चित कराने की मांग की



**बिरनी/ गिरिडीह (आजाद सिपाही)।** भाकपा माले के एक प्रतिनिधि मंडल जिला आपूर्ति पदाधिकारी गिरिडीह को एक ज्ञापन सौंपा। बिरनी प्रखंड में जून जुलाई और अगस्त माह के राशन को कार्ड धारियों के बीच वितरण में अनियमितता से अवगत कराया गया। जिसके कारण पिछले एक जुलाई को हजारों हजार की संख्या में माले के नेतृत्व में बिरनी प्रखंड आपूर्ति कार्यालय पर आक्रोश पूर्ण प्रदर्शन से अवगत कराते हुए पुन: कार्डधारियों में आक्रोश व्याप्त हो रहा है। जो बड़ी आंदोलन की दिशा में आगे बढ़ने पर मजबूर किया जायेगा। प्रतिनिधि मंडल की वार्ता को गंभीरता पूर्वक लेते हुए जिला आपूर्ति पदाधिकारी गिरिडीह द्वारा प्रतिनिधि मंडल को सकारात्मक आश्वाशन दिया गया और बोला गया कि जुलाई के आखिरी महीने तक बिरनी में तीन माह का अनाज वितरण सुनिश्चित किया जायेगा। तत्पश्चात प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी बिरनी, एफ सी आई गोदाम प्रबंधक बिरनी को डोर स्टेप डेलिवरी संवेदक को प्रतिनिधि मंडल के समक्ष फोन करके निर्देश दिया गया कि तीनों माह का राशन आपलोगों को उपलब्ध जल्द कराया जाएगा। इसमें प्रखण्ड आपूर्ति की किसी तरह की लापरवाही बर्दास्त नहीं किया जाएगा। कहा आपलोग सक्रिय होकर तुरंत आवंटित राशन को जुलाई के अंतिम तिथि तक हर हाल में डीलरों के दुकान तक पहुंचा दें और राशन वितरण सुनिश्चित करें। प्रतिनिधि मंडल में बिरनी प्रमुख रामू बैठा, उपप्रमुख सह माले प्रखंड सचिव शेखर शरण दास, जिला परिषद सदस्य सरिता देवी, बाराडीह पंचायत मुखिया सहदेव यादव पूर्व प्रमुख माले के वरिष्ठ नेता सीताराम सिंह, फ अ नेता सीताराम पासवान, माले नेता इजराइल अंसारी मुख्य रूप से शामिल थे।

## सरकार जमीन अधिग्रहण करे तथा सड़क बनवाये : सदानंद महतो



**तोपचांची (आजाद सिपाही)।** देश अमृत वर्ष मना रहा है। देश आजाद हुए 75 वर्ष हो गये। वहीं झारखंड राज्य को बने लगभग 25 वर्ष हो गये, लेकिन तोपचांची प्रखंड के दर्जनों राजस्व गांव मुखय सड़क से आज भी नहीं जुड़ पाया है। झारखंड प्रदेश में बीसीसीएल, सीसीएल, डीवीसी, सेल कंपनी, टाटा कंपनी, डैम आदि औद्योग लगाने के लिए समय-समय पर जमीन अधिग्रहण कार्य होते रहे हैं। देश के विकास में झारखंड प्रदेश का अहम योगदान रहा है। लेकिन राज्यवासियों को अब तक मूलभूत समस्याओं से आज भी जूझते रहे हैं। प्रदेश में जमीन अधिग्रहण कानून कई तरह के बने हुए हैं,समय-समय पर कानूनों में संशोधन भी होते रहा है। गांव में बसोंवास करने वाले खतियानी लोगों को आज भी सरकार मुख्य धारा से वंचित रखा है.तोपचांची क्षेत्र के घुनघुसा पंचायत के बदाही गांव, चितरपुर पंचायत के धाजाटांड़, पिपराडीह, मदैयडीह के कालाझार, दुमदुमी पंचायत के दांदुभगाठ, खरियो के कुबडी आमटांड,रामाकुंडा पंचायत के तुरसाबाद रजक टोला व चैता के नवाबारी, पिपराटोला आदि कई गांव आज भी विकास के बाटजोह रहा है। इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता और आजसू नेता सदानंद महतो ने कहा कि तोपचांची के दर्जनों गांव मुख्य पथ से नहीं जुड़ पाया है। सरकार जमीन अधिकरण कानून के तहत जमीन उपलब्ध कराये तथा क्षेत्र के सभी जनप्रतिनिधि इसकी जिम्मेदारी ले तभी सड़क बन पायेगी।

## जिओ टावर से केबल चोरी करते दो गिरफ्तार, चोरी का सामान भी बरामद



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** सेक्टर 4 थाना क्षेत्र स्थित सिटी सेंटर में लगे जिओ टावर से केबल चोरी करने के आरोप में पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से चोरी का सामान भी बरामद हुआ। यह कार्रवाई एस पी हरविंदर सिंह को मिली गुप्त सूचना के आधार पर की गयी। पुलिस ने मौके से चोरी किया गया 70 मीटर केबल, एक हेक्सा ब्लेड, दो अतिरिक्त ब्लेड एक चाकू और दो बैटरियां बरामद की। गिरफ़्तार आरोपियों की पहचान प्रकाश कुमार( 27वर्ष ) और राहुल कुमार (23वर्ष) के रूप में हुई है जो सेक्टर 4 थाना के समीप झोपड़पट्टी में रहते हैं। सिटी डीएसपी आलोक रंजन ने बताया कि 16-17 जुलाई की रात को मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने तत्परता दिखायी और रंगे हाथों इन दोनों को दबोचा गया।

## विवाहिता की हत्या, पति समेत ससुरालवाले पर हत्या का आरोप

आजाद सिपाही संवाददाता



**झरिया।** दहेज के लिए गर्भवती विवाहिता महिला की हत्या किये जाने का मामला सामने आया है। हत्या का आरोप ससुरालवालों पर लगाया गया है। पुलिस फिलहाल शव को कब्जे में ले कर आगे की कार्रवाई में जुट गयी है। सुदामडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत नुनूडीह में एक गर्भवती महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गयी। मृतका की पहचान गिरिडीह निवासी रीना देवी के रूप में हुई है जिसकी दो वर्ष पूर्व शादी अमन गोराई से हुई थी।

महिला के मायके पक्ष ने ससुराल वालों पर दहेज की मांग को लेकर हत्या का आरोप लगाया है। मामले की सूचना मिलने पर सुदामडीह थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस संबंध में मृतका का भाई ने कहा कि ससुराल पक्ष लगातार दहेज की मांग करता था और पूर्व में भी कई बार रीना के साथ मारपीट की गई थी। उन्होंने दावा किया कि बीती रात मारपीट कर रीना की हत्या कर उसे फांसी पर लटका दिया गया। जबकि रीना से रक्षाबंधन में घर आने की बात तय हुई थी लेकिन उससे पहले ही यह दुखद घटना हो गयी। रीना प्रेगनेंट थी। उन्होंने यह भी कहा कि घटना की जानकारी स्थानीय लोगों से मिली।

वहीं इस मामले में पुलिस अधिकारी ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही यह स्पष्ट हो पायेगा कि मामला हत्या का है या आत्महत्या का। पुलिस सभी पहलुओं से जांच कर रही है और दोषियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

## जल जमाव का प्रखंड और अंचल के पदाधिकारियों ने लिया संज्ञान

**कसमार/ बेरमो (आजाद सिपाही)।** गुरुवार को आजाद सिपाही हिन्दी दैनिक में छपे खबर घर के समीप जलजमाव होने से आवागमन में हो रही असुविधा, लोग पड़ रहे हैं बीमार का असर एवं लोगों द्वारा खुद स्थानीय पंचायत प्रतिनिधियों और प्रखंड एवं अंचल के पदाधिकारियों के यहां दिए आवेदन के असर के कारण अब जलजमाव का निदान किया जायेगा। उक्त जानकारी मधुकरपुर पंचायत के मुखिया राजेंद्र महतो एवं पंचायत समिति सदस्य इंद्रजीत कुमार पांडे ने दी है। उन्होंने कहा कि जलजमाव की निकासी पाइप द्वारा किया जायेगा। मामला ये है कि दरअसल कसमार प्रखंड अंतर्गत मधुकरपुर में लगभग आधा दर्जन दलित परिवारों के घर के पास जल जमाव हो जाने से लोगों को घर से निकलना मुश्किलों भरा हो गया है। प्रतिनिधियों ने बताया कि कार्य एक दो दिन के अंदर ही की जायेगी।

## सेल जीतपुर कोलियरी का मामला लोकसभा में उठाया जायेगा : ढुल्लू महतो



आजाद सिपाही संवाददाता

**झरिया/ जोड़ापोखर।** सेल जीतपुर कोलियरी टाटा कंपनी की गलती के कारण बंद हो गया है, यह मामला को लोकसभा में उठाया जायेगा। उक्त बातें सांसद ढुलू महतो ने जीतपुर कोलियरी के मुख्य द्वार आयोजित अनिश्चत कालीन धरना स्थल पर 15 वे दिन मुख्य अतिथि ने कही है। श्री महतो ने कहा कि कोयला माफिया द्वारा आउटसोर्सिंग चलाने के लिए कोलियरी को बंद किया गया है, जिसे किसी भी कीमत पर नही होने दिया जायेगा। उन्होंने कहा है की कोलियरी को जल्द ही चालू किया जायेगा। प्रबंधन किसी भी ग्रामीण का पानी बिजली काटा तो चासनाला को भी बंद किया जायेगा। पूर्व मंत्री आबो देवी ने कहा है की स्थानीय प्रबंधन अपनी गलती को छुपाने के लिए बंद किया गया है। मजदूरों के हक में जोरदार आंदोलन की जायेगी। राष्ट्रीय जनता श्रमिक संघ के शाखा सचिव गुड्डु यादव ने सांसद को पत्र देते हुए कहा कि कोलियरी को पानी की खतरा है की नही दूसरी वैज्ञानिक संस्थान से जांच कराया जाये। संबोधित करने वालो में है राजकुमार जैना, बच्चा गिरी भुटका यादव, होपे नेपाली, रीना पासवान, मंच संचालन उदय शर्मा ने किया।

## जिले का कोई भी दिव्यांग सरकारी योजनाओं से वंचित न रहे : न्यायाधीश

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** झालसा के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा) द्वारा सदर अस्पताल धनबाद में दिव्यांग बच्चों के लिए एक विशेष निःशुल्क दिव्यांगता जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह चेयरमैन डालसा वीरेंद्र कुमार तिवारी ने कहा कि हमारा लक्ष्य है कि जिले का एक भी दिव्यांग बच्चा सरकारी योजनाओं से वंचित न रहे। जिले का हर बच्चा खास है और उसे उसका अधिकार मिलना चाहिए. वहीं शिविर के सम्बन्ध में जानकारी देते हुए अवर न्यायाधीश सह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार मयंक तुषार टोपनो ने बताया कि शिविर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, डालसा श्री वीरेंद्र कुमार तिवारी के निर्देशन में चल रहे विशेष जागरूकता अभियान के तहत आयोजित किया गया। अभियान 6 जुलाई से 20 जुलाई 2025 तक जिले के सभी प्रखंडों एवं पंचायतों में चलाया जा रहा है, जिसका उद्देश्य दिव्यांग बच्चों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाना और उन्हें कानूनी रूप से सशक्त बनाना है। श्री मयंक ने बताया कि आयोजित शिविर में दर्जनो दिव्यांग बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कर प्रमाण-पत्र जारी किया गया। सभी प्रकार की दिव्यांगताओं को ध्यान में रखते हुए चिकित्सकों की एक संयुक्त टीम गठित की गयी थी। टीम में डॉ राजीव कुमार सिंह (औषधि), डॉ. सरोजिनी मुर्मू (नेत्र), डॉ मुकेश प्रसाद (हड्डी), डॉ संजीव गुलास (सर्जरी), डॉ. जुनैद इएनटी, काउंसलर अभिष्कता मुखर्जी और मीनाक्षी दुबे शामिल थे। शिविर को सफल बनाने में सदर अस्पताल प्रशासन एवं डालसा टीम के सदस्य हेमराज चौहान, डिपेंटी गुप्ता, बिना कुमारी, पंकज वर्मा, निमाई प्रमाणिक, मानिक दुबे, नवीन कुमार, सोनू सिंह, कमल किशोर, सविता कुमारी, सौरभ सरकार, अरुण कुमार, राजेश सिंह आदि ने सक्रिय योगदान दिया।

## विद्यालय के मुख्य द्वार पर तंबाकू मुक्त शिक्षण संस्थान का दीवार लेखन करें : डीएसइ

आजाद सिपाही संवाददाता



**बोकारो।** उपायुक्त के आदेशानुसार सिविल सर्जन व जिला शिक्षा पदाधिकारी के संयुक्त निर्देशन में कसमार एवं पेटरवार के सभी +2 स्कूल के प्राचार्य, बीपीओ एवं बीआरपी का एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन पेटरवार प्रखंड कार्यालय के सभागार में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत जिला परामर्शी मो असलम के द्वारा राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम बोकारो में वर्तमान स्थिति से अवगत कराया गया। जिला परामर्शी ने प्रशिक्षण में आये सभी प्रतिभागियों को बताया गया कि विद्यालय को तम्बाकू मुक्त रखने के लिये टाफी गाईडलाईन के अनुसार कुल 9 बिन्दुओं पर कार्य करने हैं, जिसमे मुख्यतः सबसे पहले प्राचार्य को यह सुनिश्चित करना है कि स्कूल के मुख्य प्रवेश द्वार पर तम्बाकू मुक्त शिक्षण संस्थान का दिवार लेखन कर जिस शिक्षण संस्थान के चहार दिवारी से 100 मीटर की दूरी पर तम्बाकू मुक्त क्षेत्र। अंकित किया जाय और अगर 100 मीटर के दायरे में कोई दुकान है और तम्बाकू उत्पाद की बिक्री कर रहा है ऐसे दुकानों को चिन्हित कर सम्बन्धित थाना प्रभारी को सूचित करें ताकि कोटपा 2003 की धारा 6बी के उल्लंघन करने पर उनका चालान किया जा सके। नोडल पदाधिकारी एनसीडी डॉ सुधा सिंह द्वारा बताया गया कि प्रशिक्षण के उपरान्त सभी स्कूल के प्राचार्य टाफी गाईडलाइन का अनुपालन करते हुए स्वयं मूल्यांकन फार्म भर कर कार्यालय में अवश्य जमा करेंगे।

## पंचायती राज क्षेत्र में धनबाद को स्थानीय स्वशासन के सशक्तिकरण और सतत विकास के लिए मिला प्रशस्ति पत्र

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** पंचायती राज विभाग, झारखंड सरकार द्वारा पंचायत उन्नति सूचकांक1.0 (ढअक1.0) के अंतर्गत आयोजित डीसेमिनेशन वर्कशॉप में गुरुवार को धनबाद जिले को स्थानीय स्वशासन के सशक्तिकरण एवं सतत विकास के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। यह सफलता जिला परिषद अध्यक्ष शारदा सिंह के कुशल नेतृत्व, सक्रिय जनप्रतिनिधियों और कर्मठ प्रशासनिक अधिकारियों के समन्वित प्रयास का प्रतिफल है। राजधानी रांची स्थित होटल चाणक्या बीएनआर में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यशाला में धनबाद के उप विकास आयुक्त (डीडीसी) की उपस्थिति में जिले को यह प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया, जिससे धनबाद की पंचायत व्यवस्था को राज्य स्तर पर विशेष पहचान मिली। झारखंड सरकार के पंचायत राज विभाग द्वारा जारी प्रशस्ति पत्र में 17 जुलाई 2025 को धनबाद जिले को शुभकामनाओं सहित सम्मानित किया गया।

**इस उपलब्धि पर जिला परिषद अध्यक्ष शारदा सिंह ने कहा:** यह सम्मान धनबाद जिले के जनप्रतिनिधियों, कर्मियों और ग्रामीण जनता की भागीदारी का परिणाम है। हमारा उद्देश्य पंचायत व्यवस्था को और अधिक पारदर्शी, जवाबदेह और जनकल्याणकारी बनाना है।

इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों और प्रतिनिधियों ने पंचायत उन्नति सूचकांक के विभिन्न मापदंडों पर चर्चा की और आगे की रणनीतियों पर विचार-विमर्श किया। धनबाद की यह उपलब्धि पूरे राज्य के लिए प्रेरणास्त्रोत बनकर उभरी है।


**Jharkhand Industrial Infrastructure Development Corporation Limited (JIIDCO)**
**(A Govt. of Jharkhand Undertaking)**
5th Floor, Udyog Bhawan, Ratu Road, Ranchi – 834001 (Jharkhand)
e-mail- md-office@jiidco.co.in, www.jiidco.co.inPhone no. 0651-3512851,contact@jiidco.co.in

CIN U45208JH2004GOI011078
Letter no. 393 **CALL FOR APPLICATION NOTICE** Date:16.07.2025

Jharkhand Industrial Infrastructure Development Corporation Ltd. (JIIDCO) is committed to implement the RAMP program of MoMSME, GoI in the State of Jharkhand. JIIDCO is committed to foster the growth of women-led entrepreneurs in Jharkhand.

In this regard, JIIDCO invites applications from ambitious women entrepreneurs who aspire to expand their businesses through **Women Entrepreneurship Acceleration Support.**

JIIDCO provides a robust framework tailored to the unique needs of women-led entrepreneurs, helping in:

- Technology & Innovation
- Product Development & Packaging
- Financial Guidance
- Legal Compliances
- Professional & Skill Development
- EDP/MDP Courses
- Market opportunities & others

**HOW TO APPLY**: - Interested applicants may submit their online application **by 18.08.2025.** Shortlisted applicants will be invited for the second round of presentations. For more details, you may please visit www.jiidco.co.in (under updates section) or click https://www.jiidco.co.in/online-application/.

Sd/-
**Managing Director**
**JIIDCO, Ranchi**

PR 357516 Jharkhand Industrial Infrastructure Dev Co Ltd(25-26)#D



**Government of Jharkhand**
**Home, Prison and Disaster Management Department**
**(Disaster Management Division)**
**T.A. Division Building, Near Golchakkar, Dhurwa, Ranchi, Jharkhand – 834004**
**Email Id-disasteroffice-jhr@jharkhandmail.gov.in**

**Expression of Interest** (Request for Proposal)

In accordance to the para-1 published in Advertisement PR No.-356198 Dated-02.07.2025 regarding submission of Expression of Interest (EoI) for offering competitive rates of Interest on fixed Deposits (FDs) from Nationalized banks, a format reflecting common amount and tenure wise interest slab is as follows :-

| Period | | Applicable Rate of Interest | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Period | Amount upto Rs. 50 Crs | Amount Above Rs. 50 Crs Upto Rs. 100crs | Amount Above Rs. 100 Crs Upto Rs. 200crs | Amount Above Rs. 200 Crs Upto Rs. 400crs | Amount Above Rs. 400 Crs Upto Rs. 600crs | Amount Above Rs. 600 Crs Upto Rs. 800crs | Amount Above Rs. 800 Crs Upto Rs. 1000crs |
| 30 days to 45 days | | | | | | | |
| 46 days to 90 days | | | | | | | |
| 91 days to 120 days | | | | | | | |
| 121 days to 180 days | | | | | | | |
| 181 days to less than 9 months | | | | | | | |
| 9 months to less than 1 year | | | | | | | |
| 1 year | | | | | | | |
| Above 1 years to less than 2 years | | | | | | | |
| 2 years to less than 3 years | | | | | | | |
| 3 years to less than 5 years | | | | | | | |
| 5 years | | | | | | | |
| Above 5 years | | | | | | | |

In addition to this now the revised date of submission of proposal is 30.07.2025 upto 4.00 P.M. and date of opening of bid is 31.07.2025 - 4:00 P.M.

**Joint Secretary**
**Home, Prison and Disaster Management Department**
**(Disaster Management Division)**
**Jharkhand, Ranchi**

PR 357510 Disaster Management (25-26)_D



**DIRECTORATE OF ANIMAL HUSBANDRY**
**DEPARTMENT OF AGRICULTURE, ANIMAL HUSBANDRY & CO-OPERATIVE**
**(GOVERNMENT OF JHARKHAND)**
**NOTICE FOR INVITING e- TENDER No.- 01/2025-26**
**FOR**

**Selection of Insurance Intermediaries to provide Technical & Operational Support and Overseeing effective implementation of Jharkhand Livestock and Poultry Insurance Scheme through Nationalized Insurance Company under Mukhyamantri Pashudhan Vikash Yojna (MMPVY)**

Directorate of Animal Husbandry, Govt. of Jharkhand, Ranchi invites Proposals from eligible IRDAI approved Insurance Intermediaries for implementation of Livestock (Goat, Sheep, Pig) and Poultry Insurance scheme through Scheduled Bank Insurance Company in all districts of Jharkhand. Insurance Intermediary shall do the intermediation & coordination between the department of animal husbandry at the district level, Insurance Co. and beneficiaries for successfully implementation of the scheme.

1. After publication of the N.I.T., the desirous bidders may download tender documents along with terms & conditions from the Website. https://www.jharkhandtenders.gov.in and https:// www.jharkhand.gov.in but submit only through **NIC e-tender portal https://www.jharkhandtenders.gov.in.**
2. Disclosure of rate other than financial bid will disqualify the bidder.
3. Estimated Contract Value- Approx Rs. 6.5 Crore.
4. Each bidder, will have to deposit Earnest Money **Rs. 13 Lakh (Rupees Thirteen Lakh) online board of any Scheduled Bank** in favor of Director Animal Husbandry, Jharkhand payable at Ranchi.
5. **All uploaded documents should be legible/ readable if not tender may be rejected. Unsigned uploaded with documents will be rejected.**
6. The under mentioned schedule is fixed; however, the undersigned reserves the right to change the date of activities in case of any exigencies through a notice in the government website viz & Notice Board at official address Director, Animal Husbandry, Pashupalan Bhawan, Hesag, Hatia, Ranchi, Pin- 834003

| Sl. no. | Particulars | Details |
|---|---|---|
| 1. | Scheme will cover Insurance of | A) Small Animal (Goat, Sheep and Pig). B) Poultry. |
| 2. | Eligibility Criteria | Working in Livestock & Poultry insurance field for minimum 03 (Three) years (Under the Govt. Sponsored Scheme). |
| 3. | Date of Floating of Tender | 18-07-2025 |
| 4. | Pre Bid Meeting | 25-07-2025 |
| 5. | Download of Tender document will start from | 26-07-2025 |
| 6. | Online submission of bid will start from | 26-07-2025 |
| 7. | Last date of online bid submission | 14-08-2025 |
| 8. | Date,Time & Place of opening of Technical Bid | 18-08-2025, Animal Husbandry Directorate, Hesag, Ranchi |
| 9. | Date and Time of opening of Financial Bids | To be intimated later on (After Finalization of technical bid) |
| 10. | About EMD | EMD/Bid Security Money by any Scheduled Bank should be submitted Online mode. Its Refundable. |

***For any Query mail ID:** https://www.ahdjharkhand@gmail.com

**Director,**
Directorate of Animal Husbandry,
Jharkhand, Ranchi-834003.

PR 357505 Animal Husbandry(25-26)D

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 18 जुलाई, 2025
www.azadsipahi.in


# लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने समस्याओं का किया समाधान



**राजधनवार, गिरिडीह (आजाद सिबपाही)।** भाजपा नेता सह पूर्व आइजी लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने गुरुवार को धनवार प्रखंड क्षेत्र के बरजो भाजपा कार्यालय के पास ट्रांसफार्मर का लोकार्पण किया। लगभग पंद्रह दिनों से गांव का ट्रांसफार्मर जल गया था, जिस कारण लोग अंधेरे में थे। ग्रामीणों ने इसकी जानकारी श्री सिंह को दी तो श्री सिंह ने विभाग के अधिकारियों से संपर्क कर नया ट्रांसफार्मर दिलाया। ग्रमीणों ने श्री सिंह का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि लक्ष्मण प्रसाद सिंह से जब भी किसी समस्या के समाधान की मांग जाती है, तो वे सहज उपलब्ध रहते हैं और तुरंत समाधान करते हैं। इसके बाद श्री सिंह धनवार के बरजो स्थित भाजपा कार्यालय पहुंचे और लोगों की समस्याओं से अवगत हुए कुछ लोगों की समस्याओं का मौके पर ही निदान भी कर दिया। इस क्रम में धनवार के केंदूआ पंचायत के चूंजखो एवं गंगापुर इदगाह मुहल्ले के ग्रामीणों ने ट्रांसफार्मर खराब होने तथा उसके जगह पर नया ट्रांसफार्मर दिलवाने की बात कही। श्री सिंह ने संबंधित अधिकारी से ग्रामीणों की समस्या से अवगत कराते हुए जल्द ही नया ट्रांसफार्मर लगवाने की मांग की। मौके पर भाजपा मनसाडीह मंडल अध्यक्ष अशोक राय, युवा नेता उपेंद्र सिंह, श्रीकांत राय, विजय अग्रवाल, सुबोध राय, पवन सिंह, श्याम सिंह, अरविंद साव, मो समसुदीन समेत कई लोग मौजूद थे।

# छांगुर बाबा के 14 ठिकानों पर इडी की रेड

- सुबह 5 बजे बलरामपुर और मुंबई पहुंचीं टीमें
- 100 करोड़ रुपये की फंडिंग का है मामला

आजाद सिपाही संवाददाता

**लखनऊ/बलरामपुर।** यूपी में धर्मांतरण के मास्टरमाइंड छांगुर बाबा उर्फ जलालुद्दीन के ठिकानों पर इडी की रेड हुई है। गुरुवार सुबह 5 बजे से बलरामपुर के 12 ठिकानों और मुंबई के 2 ठिकानों पर 20 टीमों ने करीब 13 घंटे छापेमारी की। 100 करोड़ की फंडिंग के मामले में इडी ने यह कार्रवाई की है। दरअसल, यूपी एटीएस को छांगुर बाबा गिरोह के हवाला नेटवर्क, संदिग्ध बैंक ट्रांजैक्शन और विदेशी फंडिंग के कई सुराग हाथ लगे थे। इस संबंध में एटीएस ने इडी को दस्तावेज सौंपे थे। इसके बाद इडी ने यह एक्शन लिया है। इडी को अब तक की जांच में पता चला है कि गिरोह के 30 में से 18 बैंक खातों में अब तक करीब 68 करोड़ रुपये का ट्रांजैक्शन दर्ज हुआ है। महज तीन महीने में 7 करोड़ रुपये की विदेशी फंडिंग इन खातों में हुई। यह रकम हवाला और मनी लॉन्ड्रिंग नेटवर्क के जरिए विभिन्न देशों से भेजी गयी है। नीतू के नाम पर 8 बैंक खाते मिले हैं- बैंक ऑफ इंडिया, पेटीएम बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा (3 खाते), आइसीआइसीआइ, एचडीएफसी, एसबीआइ, जबकि नवीन के पास 6 खाते मिले हैं।



## छांगुर गिरोह की गतिविधियों से जुड़े आतंकी नेटवर्क के दस्तावेज हाथ लगे

एक बड़ी इमारत को आतंकी ट्रेनिंग कैंप के तौर पर इस्तेमाल किये जाने के सबूत मिले हैं। यह इमारत कहां की है यह स्पष्ट नहीं हो पाया। इसके अलावा विदेशी फंडिंग से बंगला, शोरूम, फॉर्च्यूनर जैसी लग्जरी गाड़ियां खरीदने के सबूत मिले हैं। दरगाह में हर साल भव्य उर्स का मेला लगता था। इसमें देश-विदेश से लोग जुटते थे। इसका मकसद धर्मांतरण करवाना रहता था।

## मुंबई में छांगुर का करीबी निकला शहजादा, बांद्रा स्थित ठिकाने पर रेड

इडी की कार्रवाई में छांगुर नेटवर्क का एक अहम नाम सामने आया है। शहजादा, जो छांगुर का बेहद करीबी बताया जा रहा है। इडी टीम ने गुरुवार सुबह मुंबई के बांद्रा इलाके में स्थित शहजादा के ठिकाने पर छापेमारी की। शुरुआती जांच में सामने आया है कि शहजादा के खाते में दो करोड़ रुपये की संदिग्ध रकम ट्रांसफर की गयी थी। यह रकम बलरामपुर निवासी नवीन के जरिए पहुंची थी। इडी को शक है कि यह पूरा लेनदेन धर्मांतरण नेटवर्क से जुड़ी हवाला फंडिंग का हिस्सा है। इस पैसे का इस्तेमाल छांगुर गिरोह की गतिविधियों को संचालित करने और धर्मांतरण के काम को फैलाने में किया गया। अब इडी मुंबई से लेकर बलरामपुर तक इस पूरे नेटवर्क की कड़ियां जोड़ने में जुट गयी है, जिससे अवैध कारोबार, मनी लॉन्ड्रिंग और अंतरराष्ट्रीय फंडिंग की परतें खुल सकें।

## बलरामपुर में सहयोगी दुर्गेश के घर भी छापा

लखनऊ से इडी टीमें 5 कारों में बलरामपुर पहुंची हैं। उतरौला के आसिपिया, हाशमी हुसैनी कलेक्शन, बाबा ताजुद्दीन कलेक्शन, मधुपुर गांव और रेहरा माफी गांव समेत 12 जगहों पर छापेमारी चल रही है। एऊछांगुर बाबा के सहयोगी दुर्गेश के घर पर भी छापेमारी कर रही है। दरअसल, एटीएस की जांच में पता चला था कि दुर्गेश ने गलत तरीके से छांगुर को कई जमीनें बेची थीं। इन्हीं में से 3 बीघा जमीन पर छांगुर बाबा आलीशान बिल्डिंग बनवा रहा था, जिसमें डिग्री कॉलेज खोलने की योजना थी।


# रॉबर्ट वाड्रा के खिलाफ इडी का बड़ा एक्शन 43 संपत्तियां कुर्क हुई, चार्जशीट भी दाखिल

**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने गुरुवार को कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा के पति रॉबर्ट वाड्रा और उनकी संस्थाओं से जुड़ी 37.64 करोड़ रुपये की 43 अचल संपत्तियों को कुर्क किया है। साथ ही उनके और 10 अन्य के खिलाफ अभियोजन शिकायत या आरोप पत्र भी दायर किया है। मामले से जुड़े अधिकारियों ने बताया कि ये संपत्तियां वाड्रा और स्काई लाइट हॉस्पिटैलिटी प्राइवेट लिमिटेड सहित उनकी संस्थाओं की हैं। गुरुग्राम पुलिस द्वारा 1 सितंबर, 2018 को दर्ज की गयी एफआइआर के आधार पर चल रही जांच के हिस्से के रूप में 16 जुलाई, 2025 को अंतिम कुर्की आदेश जारी किया गया था। वहीं, रॉबर्ट वाड्रा के ऑफिस की तरफ से कहा गया है कि रॉबर्ट वाड्रा को उन रिपोर्टों की जानकारी है जिनमें कहा गया है कि प्रवर्तन निदेशालय ने दिल्ली के राउज एवेन्यू न्यायालय में उन्हें अभियुक्त बनाते हुए अभियोजन शिकायत दर्ज करायी है। उधर संबंधित घटनाक्रम में इडी ने गुरुवार को नयी दिल्ली में राउज एवेन्यू कोर्ट के समक्ष 11 व्यक्तियों और संस्थाओं के खिलाफ अभियोजन शिकायत भी दायर की, जिसमें रॉबर्ट वाड्रा, स्काई लाइट हॉस्पिटैलिटी प्राइवेट लिमिटेड, सत्यानंद याजी, केवल सिंह विर्क और उनकी कंपनी ओंकारेश्वर प्रॉपर्टीज प्राइवेट लिमिटेड शामिल हैं। अधिकारियों ने बताया कि अदालत ने अभी तक अभियोजन पक्ष की शिकायत पर संज्ञान नहीं लिया है।

# ब्रिटेन में 16 साल की उम्र में वोट दे सकेंगे

**इंग्लैंड।** ब्रिटेन में अब वोट डालने की न्यूनतम उम्र अब 18 से घट कर 16 साल हो गयी है। सरकार ने एलान किया है कि अब 16 और 17 साल के युवा भी अगले आम चुनाव में वोटिंग कर सकते हैं। ब्रिटेन में मतदान की उम्र में आखिरी बार बदलाव 1969 में हुआ था, जब इसे 21 से घटा कर 18 साल किया गया था। इससे पहले 16-17 साल के युवा केवल स्कॉटलैंड और वेल्स में कुछ चुनावों में ही वोट डाल सकते थे, लेकिन अब वे चुनावों में हिस्सा ले सकेंगे।














































आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**